* ओड़िशा संस्करण
22 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 272

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95,000 रु./प्रति किलो |



## परेशानी : तमाड़ में एक सड़क के कारण नहीं हो रही लड़के और लड़कियों की शादी

# कुंवारों के लिए काल बन गयी है 22 किलोमीटर सड़क

## ■ कोई भी अपनी लड़की इन गावों में ब्याहना नहीं चाहता

## ■ इलाके में ऐसा कोई नहीं, जो इस सड़क पर गिरा नहीं

आजाद सिपाही विशेष

जब हम अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे, तो पता चला कि यहां एक ऐसी सड़क है, जहां लगभग हजारों ग्रामीण मोटर साइकिल या साइकिल से अब तक गिर चुके हैं। कइयों की हड्डियां टूट चुकी हैं। कई तो पास में बहती नहर में भी गिर चुके हैं। हमें ऐसा कोई मिला नहीं, जो इस सड़क पर गिरा नहीं। सच में आप एक बार इस सड़क पर जाकर देखें और वहां के ग्रामीणों से बातचीत करें, तो आप पायेंगे कि इस सड़क पर गिरने का स्वाद लगभग हर कोई चख चुका है। हमारी खुद की गाड़ी इस सड़क पर ऐसी फंसी कि लगा अब पैदल ही दौरा करना पड़ेगा। इस सड़क पर इतने गड्ढे हैं, जिससे पता ही नहीं चलता कि सड़क पर गड्ढे हैं, या गड्ढों में सड़क है। कोई भी इन गड्ढों में मछली पालन का कारोबार आसानी से कर सकता है। अगर कोई बीमार पड़ जाता है, तो मरीज को अस्पताल ले जाने में पसीने छूट जाते हैं। कभी-कभी तो मरीजों के प्राण भी इसी रास्ते पर छूट गये। वैसे यमराज भी इस सड़क मार्ग से आने से बचते होंगे। गर्भवती महिलाओं के लिए तो यह सड़क काल है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल ले जाने के क्रम में सड़क पर गाड़ी कूदने के कारण सड़क पर ही प्रसव भी हो गया। यह सब भी यहां के गांववाले सह लेते, लेकिन इस सड़क के कारण यहां के लड़कों की शादी कट जा रही है। कोई भी अपनी लड़की इन गावों में ब्याहना नहीं चाहता। यह सड़क तमाड़ प्रखंड के सलगाडीह से उलीलोहर, जामडीह तक जाती है। 22 किलोमीटर की इस सड़क के बीच पांच पंचायतें आती हैं। पेडाइडीह, जानुमपिडी डींवुजरदा, उलीलोहर और कुरकुट्टा, जिनके आसपास लगभग एक लाख की आवादी निवास करती है। यह सड़क बंगाल को भी जोड़ती है। कैनाल रोड के नाम से प्रचलित है यह सड़क। इस सड़क का दो बार शिलान्यास भी हो चुका है, यानी शिलान्यास के नाम पर वोट भी मांगा जा चुका है। इस सड़क के अंत में डींबुडीह गांव है, जो आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की ससुराल भी है। उनकी शादी के दौरान इस सड़क का निर्माण हुआ था। बिजली भी लगी थी, लेकिन उसके बाद आज तक इस सड़क की सुध किसी ने नहीं ली। न यहां के सांसद, न ही विधायक। यहां के पूर्व सांसद और विधायक से लोगों की काफी शिकायतें हैं। लोगों का कहना है कि 2019 के चुनाव में उन्होंने बहुत उम्मीद के साथ लोकसभा में अर्जुन मुंडा और विधानसभा में विकास सिंह मुंडा के पक्ष में मतदान किया था। लेकिन उन्हें क्या पता था कि ये दोनों ही जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं से आंखें मूंद लेंगे। पूर्व सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा चाहते, तो बड़ी आसानी से गांववालों की इस समस्या का समाधान हो जाता, लेकिन वह समाधान नहीं कर पाये और इस बार उनकी हार में एक कारण यह सड़क भी रही। उन्हें इस क्षेत्र से बुरी तरह हार का मुंह देखना पड़ा। विकास मुंडा के बारे में गांववालों की प्रतिक्रिया बहुत कड़वी है। क्या है इस सड़क की कहानी और कैसे यह सड़क यहां के ग्रामीणों के जी का जंजाल बनी हुई है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

तमाड़ बहुत प्रसिद्ध जगह है। तमाड़ क्षेत्र में ही मां देवड़ी का मंदिर है। मां का दर्शन करने आम आदमी से लेकर वीवीआइपी तक जाते हैं। मंदिर जाने के क्रम में एक रास्ता नेशनल हाइवे से कटता है, जिसे कैनाल रोड भी कहते हैं। यह सड़क बंगाल को भी जोड़ती है। यहां के लोगों के लिए लाइफ लाइन है यह सड़क, लेकिन यही सड़क अब लाइफ लाइन के बजाय लाइफ को खतरे में डालने वाली बन चुकी है। लोगों का जीना दूभर हो गया है। यह ऐसी सड़क है, जो यहां के ग्रामीणों को पटक कर ही मानती है। चाहे कोई मोटरसाइकिल से चले या फिर साइकिल से। इलाके में ऐसा कोई शख्स मिला नहीं, जो इस सड़क पर गिरा नहीं। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के तमाड़ प्रखंड के सलगाडीह से उलीलोहर, जामडीह तक 22 किलोमीटर की इस सड़क के इर्द-गिर्द पांच पंचायतें हैं। पेडाइडीह, जानुमपिडी, डींवुजरदा, उलीलोहर और कुरकुट्टा। इन पांच पंचायतों में और आसपास मिला कर लगभग एक लाख की आवादी निवास करती है। इन पंचायतों में सलगाडीह, दुबला, सालगा टोला, हारलालाता, सुंदरडीह सिंदवारडीह, चेनेआडीह, डुबुडीह, पेडाइडीह, रोलाबेड़ा, सिमर टांड़, भिनसाइडीह, बादला, पोड़लाही, चोगाडीह, नावाडीह, ऐदेलडीह, खेदवाडीह, दिदली, दुलमी, हाराडीह, सेरेंगडीह, भीठुडीह, जानुमपिडी, डींबुजरदा, सरमाली, उलीलोहर, जामडीह, डीमुडीह, कुड़माहातु, बारेडीह, कुरकुट्टा, गेरेडीह, लुपुंगडीह, चोडवाडीह नाम के गांव हैं।

### लड़कों की शादी नहीं हो रही है

इन गांवों का हाल ऐसा है कि कोई भी अपनी लड़की यहां ब्याहना नहीं चाहता। यहां के लड़कों की शादी इस सड़क के कारण कई बार कट चुकी है। यहां के लोग बोलते हैं कि लड़की वाले आते हैं, घर देखते हैं, लड़का देखते हैं, परिवार देखते हैं, सब कुछ पसंद आने के बाद जब सड़क की बात आती है, तो वहीं पर रिश्ता तय नहीं हो पाता। अगर रिश्ता तय भी हो गया, तो एक-दो बार इस सड़क पर आने-जाने के क्रम में रिश्ता कैंसिल हो जाता है। यहां के युवा परेशान हैं। कुंवारों के लिए काल बन गयी है यह सड़क।




एक व्यक्ति तो ऐसा मिला, जिसने कहा कि एक बार नहीं, चार-चार बार इस सड़क के कारण उसकी शादी कट गयी। फिलहाल उसकी शादी अब हो चुकी है। लेकिन अब उसका दोस्त भी इस सड़क का शिकार बन गया है। अब देखिये उसके दोस्त की शादी कब तय हो पाती है। तय होने के बाद शादी कब होती है। गांववालों का कहना है कि युवाओं की इतनी बड़ी पीड़ा यहां के विधायक विकास मुंडा को भी दिखाई नहीं पड़ती। उनके क्षेत्र के युवाओं की शादी एक सड़क के कारण कट रही है। आखिर क्यों नहीं विधायक सड़क बनवाने की पहल करते हैं। गांववाले कहते हैं, शिलान्यास तो दो-दो बार हो गया। सड़क कब बनेगी यह कोई नहीं जानता। इस सड़क के आसपास के गांववाले विधायक को बहुत याद कर रहे हैं। विधायक से उनकी आशा है। गांववाले कहते हैं, एक बार आप आइये और गांववालों से मिल कर उनका हालचाल ले आइये। गांववालों ने बताया कि विधायक जी सिर्फ यहां भोज खाने आते हैं, वह भी अपने चहेतों के यहां। वैसे पूर्व के सांसद अर्जुन से भी लोगों ने गुहार लगायी थी, लेकिन उन्होंने उनकी एक न सुनी। फिर आया चुनाव, तो जनता ने उनकी एक न सुनी। आज वह राजनीतिक हाशिये पर हैं। गांववाले कहते हैं कि अब फिर विधानसभा चुनाव आ रहा है। इस बार वे उसे ही वोट करेंगे, जो उनकी सड़क बनवायेगा।

### गर्भवती महिलाओं के लिए काल है यह सड़क

इस सड़क का आतंक इतना है कि कोई भी अगर बीमार पड़ जाता है और उसे अस्पताल ले जाना है, तो एंबुलेंस का ड्राइवर पहले ही बीमार हो जाता है। हिम्मत करके वह इस सड़क के रास्ते गांव में प्रवेश कर भी गया, तो अस्पताल ले जाते-जाते डॉक्टर 'आइ एम सॉरी' बोल देता है, या फिर दो-तीन घंटे तो लगने ही हैं। अगर गड्ढों के कारण गाड़ी ज्यादा कूदी और उसमे अगर मरीज बुजुर्ग है, तो हड्डी या पसली टूटना या लचकना अनिवार्य है। बीमारी से साथ फ्रैक्चर फ्री मिलेगा रोगी को। ग्रामीणों ने तो यहां तक जानकारी दी कि कई बार सड़क के कारण मरीजों की मृत्यु भी हो चुकी है। टाइम पर अस्पताल नहीं पहुंच पाया मरीज। सबसे बड़ी परेशानी तो गर्भवती महिलाओं को होती है। वे डॉक्टर से रेगुलर चेकअप करवाने से डरती हैं, क्योंकि डॉक्टर के पास जाने से पहले उन्हें सड़क के गड्ढों से जो जंग लड़नी होती है। डिलीवरी के समय तो यह सड़क गर्भवती महिलाओं के लिए जानलेवा है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क पर डिलीवरी भी हो चुकी है। गाड़ी इतनी बार कूदी कि बच्चा खुद ही बाहर आ गया। लेकिन सच में गर्भवती महिलाओं के लिए काल है यह सड़क। महिलाओं की इस बदहाली का जिम्मेदार कौन है। महिलाएं पूछ रही थीं।

### ऐसा कोई मिला नहीं, जो इस सड़क पर गिरा नहीं

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान इक्का-दुक्का को छोड़ ऐसा कोई शख्स नहीं मिला, जो इस सड़क पर नहीं गिरा हो। चाहे वह मोटरसाइकिल से गिरा हो या साइकिल से, लेकिन गिरा जरूर है। कइयों की हड्डी इस सड़क के कारण टूट चुकी है। कई तो कई-कई बार इस सड़क पर गिर चुके हैं। बुजुर्ग तो डरे-सहमे इस सड़क से गुजरते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि अगर बुढ़ापे में हड्डी टूटी, तो आसानी से जुड़ती नहीं। कई बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि वे कई बार इस सड़क पर गिर गयी हैं। मोटरसाइकिल से जाने के क्रम में गड्ढों के कारण गिरीं और शरीर छील गया। कई लोग तो सीधे पास में बहती नहर में जा गिरे। एक शख्स बता रहा था कि इस सड़क की बदहाली के कारण एक बस भी नहर में जा गिरी थी और उस बस में स्कूल की बच्चियां थीं। हमारी गाड़ी भी इस सड़क पर फंस गयी थी। बड़ी मुश्किल से गाड़ी निकली। इस सड़क पर आधा सफर तय करने के बाद तो लगा रास्ता कहां है। समझ में ही नहीं आ रहा था कि यहां से लोग जाते कैसे होंगे। सच में सड़क ही गायब हो गयी थी। जैसे-तैसे खेत के रास्ते हमने गाड़ी निकाली और आगे का सफर तय किया। सच में बहुत ही विचित्र स्थिति है यहां के जन प्रतिनिधियों की। शायद उनकी आंखों का पानी सूख गया है, जो उन्हें क्षेत्र की जनता का दर्द दिखाई नहीं पड़ रहा। अब यहां की जनता को भी जागरूक होना होगा कि कोई भी जन प्रतिनिधि उनके अधिकार के साथ खिलवाड़ नहीं कर सके। उन्हें जन प्रतिनिधियों को सबक सिखाना होगा कि अगर कोई भी जन प्रतिनिधि उनके अधिकार पर चोट करता है, तो जन प्रतिनिधियों को भी वोट की चोट के लिए तैयार रहना होगा। चाहे वह विधायक हो या फिर सांसद। **नोट : *इस स्टोरी का पूरा वीडियो आप यू ट्यूब पर आजाद सिपाही बोल टाइप कर देख सकते हैं। गांववालों की पीड़ा और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ उनका आक्रोश दिख जायेगा।***

# बहरागोड़ा में कुणाल के इस्तीफे से भी डॉ गोस्वामी को वाकओवर मिलने की उम्मीद नहीं

## भाजपा जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव भी चुनाव लड़ने के मूड में, जातीय समीकरण को तवज्जो दी गयी, तो गोस्वामी पर भारी पड़ेंगे चंडी साव

विधानसभा चुनाव

अरुण सिंह

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगूल फूंक कर प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक के नेताओं-कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करना शुरू कर दिया है। इसका श्रीगणेश राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में अभी 20 जुलाई को ही पार्टी के चुनावी चाणक्य कहे जानेवाले अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमांता विस्वा सरमा के साथ मिलकर कर दिया है। भाजपाई बता रहे हैं कि चुनावी वैतरणी पार कराने की जिम्मेदारी केंद्र से रिक्रूट जिन पांच लोगों के कंधे पर है, वे जल्द ही जिला और विधानसभा क्षेत्र में जाकर बूथ, मंडल और जिला कमेटी को चुनावी जीत का गुरुमंत्र देंगे। इस दौरान खास खबर यह है कि चुनाव लड़ने की इच्छा पाले भाजपाइयों ने प्रदेश नेतृत्व के पास आवेदन जमा कराना शुरू कर दिया है।

### पूर्व जिलाध्यक्ष सरोज महापात्र, काबू दत्ता, ऋषि षाड़ंगी भी दौड़ में

पूर्वी सिंहभूम जिला के बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र की बात की जाये, तो पूर्व विधायक एवं प्रखर प्रवक्ता रहे कुणाल षाड़ंगी के पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद ऐसा लगने लगा था कि डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के लिए कमल फूल चुनाव निशान पर चुनावी मैदान में उतरना आसान हो गया है। डॉ गोस्वामी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई बड़े पद संभाल चुके हैं। प्रदेश से केंद्र तक संघ और पार्टी के तमाम उच्च पदस्थ नेताओं तक पहुंच-पहचान है इनकी। एक दफा जमशेदपुर से लोकसभा और बहरागोड़ा से विधानसभा का चुनाव लड़ भी चुके हैं। हालांकि दोनों बार ही जीत हासिल करने में इन्हें सफलता नहीं मिल पायी थी। बहरागोड़ा सीट से इन्होंने वर्ष 2014 का चुनाव लड़ा था।



डॉ दिनेशानंद गोस्वामी



चंडीचरण साव



काबू दत्ता



ऋषि षाड़ंगी



सरोज महापात्र

तबके तत्कालीन विधायक विद्युत बरण महतो झामुमो से इस्तीफा देकर भाजपा के टिकट पर सांसद बन गये थे। तब विस चुनाव का टिकट झामुमो ने कुणाल षाड़ंगी, भाजपा ने डॉ गोस्वामी को दिया था। समीर मोहंती तब आजसू के प्रत्याशी थे। जीवन का पहला ही चुनाव जीत कर कुणाल विधानसभा जा पहुंचे थे। समीर दूसरे और डॉ गोस्वामी को तीसरे स्थान पर तब संतोष करना पड़ा था। वर्ष 2019 के विस चुनाव से एन पहले कुणाल ने अपने कंधे से तीर-धनुष उतार भाजपा में शामिल हो गये और पार्टी ने उन्हें अपना प्रत्याशी बना लिया। डॉ गोस्वामी के मुकाबले संगठन ने तब कुणाल को तवज्जो दिया था, लेकिन झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के मुकाबले रिकॉर्ड वोटों से हार झेलनी पड़ी थी कुणाल को। अब लगभग तीन महीना बाद एक बार फिर विस चुनाव होगा। कुणाल के पार्टी छोड़ने का सीधा फायदा डॉ गोस्वामी को मिलता दिख रहा है। लेकिन इस बीच बड़ी खबर यह है कि तीसरी बार जिला अध्यक्ष की कुर्सी संभाल रहे चंडी चरण साव ने प्रदेश नेतृत्व के सामने विस चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर कर दी है। चुनावी राजनीति में जातीय समीकरण काफी मायने रखता है। भारतीय चुनावी राजनीति में इस सच्चाई से शायद ही कोई इंकार करेगा और गौर करनेवाली बात यह है कि सामान्य श्रेणी के बहरागोड़ा विस क्षेत्र के लगभग ढाई लाख मतदाताओं में वैश्य-सदगोप जाति (ओबीसी) के वोटरों की संख्या औरों की तुलना में ज्यादा है। पार्टी से जुड़े कुछ नेताओं की मानें तो भाजपा एक-एक सीट पर अपने स्तर से सर्वे करवा रही है। फील्ड में जाकर और फोन से ये भी पूछा जा रहा है कि विस क्षेत्र में किस जाति की संख्या ज्यादा है। अगर वोटरों की जाति की संख्या को आधार बना कर भाजपा में टिकट बांटा जायेगा, तो जाहिर तौर पर कद्दावर डॉ गोस्वामी पर भारी पड़ेंगे जिलाध्यक्ष चंडी साव। इन दोनों के अलावे दो बार विधायक और झारखंड के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री रह चुके डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी के भतीजा राहुल उर्फ ऋषि षाड़ंगी, पूर्व जिलाध्यक्ष सरोज महापात्र, देवी शंकर उर्फ काबू दत्ता भी भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोक रहे हैं। ऋषि षाड़ंगी के पिता द्विजन षाड़ंगी (अब स्वर्गीय) जमशेदपुर के नामी वकील और भाजपा में सक्रिय थे। अपनी दावेदारी को पुख्ता करने के लिए ऋषि षाड़ंगी समय-समय पर पार्टी के शीर्ष नेताओं से संपर्क साधते रहते हैं। काबू दत्ता कांग्रेस की सदस्यता त्याग कर भाजपा में आये हैं। बहरागोड़ा सीट से कांग्रेस के टिकट पर एक दफा किस्मत आजमा चुके हैं। जब प्रदीप बलमुचू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे, तब काबू दत्ता कांग्रेस क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हुआ करते थे। इसी तरह, कुछ महीने तक भाजपा के जिलाध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान रह चुके सरोज महापात्रा अपनी शुरुआत की राजनीति कांग्रेस के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआइ) से की। बाद में तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर एक दफा विस चुनाव में ये अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। कुल मिला कर, बहरागोड़ा विस क्षेत्र में भी भाजपा के टिकतार्थियों की फेहरिस्त लंबी है और चुनाव लड़ने की आस पाले तमाम नेता टिकट पाने के लिए दौड़भाग में जुट गये हैं।

## अमन साहू को गिरिडीह से चाइबासा जेल में किया गया शिफ्ट

**गिरिडीह/ चाइबासा।** कुख्यात अपराधी अमन साहू को रविवार तड़के गिरिडीह से चाइबासा जेल शिफ्ट कर दिया गया। गिरिडीह केंद्रीय कारा की अधीक्षक हिमानी प्रिया को धमकी देने के मामले में मुख्यालय स्तर पर दी गयी सूचना के बाद जेल आइजी सुदर्शन मंडल के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई है। शनिवार की रात मुख्यालय से अमन साहू की शिफ्टिंग का आदेश गिरिडीह केंद्रीय कारा प्रबंधन को मिला और इसके बाद गोपनीय तरीके से रविवार सुबह 4 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच अमन साहू को चाइबासा जेल ले जाया गया। बता दें, एक महीने पहले 20 जून को अमन साहू को मेदिनीनगर केंद्रीय कारा से गिरिडीह लाया गया था। यहां वह अपने लिए कई तरह की सुविधाओं की मांग कर रहा था। सुविधाएं मुहैया नहीं कराने पर गिरिडीह केंद्रीय कारा की अधीक्षक हिमानी प्रिया को अमन साहू के गुर्गे मयंक सिंह ने अंतरराष्ट्रीय नंबरों से फोन कॉल और मैसेज कर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। इधर बीते सप्ताह झारखंड एटीएस ने कार्रवाई करते हुए संदिग्ध नंबरों को सर्विलांस पर रखा था और कारा अधीक्षक हिमानी प्रिया के खिलाफ षड्यंत्र की पुष्टि पर राज्य के विभिन्न ठिकानों से चार लोगों को गिरफ्तार किया था।

22 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 272

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

## ऊर्जा विभाग

(झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड)

# बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर झारखण्ड के बढ़ते कदम

**132/33 के. वी. ग्रिड सब-स्टेशन (बरहेट) एवं 132 के. वी. (पाकुड़-राजमहल) द्विपथ लिलो संचरण लाइन का**

# उद्घाटन

**मुख्य अतिथि**

## श्री हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा

**₹70.64 करोड़ की लागत से**
**100 MVA**
**ग्रिड सब-स्टेशन एवं 25 कि मि का द्विपथ लिलो संचरण लाइन**

**बरहेट, पतना, बरहरवा सीतापहाड़ इत्यादि क्षेत्र के लाखों लोगों को होगा लाभ**

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री विजय कुमार हांसदा**
माननीय सांसद, राजमहल

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय विधायक, पाकुड़ के प्रतिनिधि

**श्री लोबिन हेम्ब्रम**
माननीय विधायक, बोरियो

**श्री अनंत कुमार ओझा**
माननीय विधायक, राजमहल

दिनांक: **22 जुलाई 2024** (सोमवार)

समय: **अपराह्न 01:00 बजे**

स्थान: **ग्रिड सब-स्टेशन, बरहेट, साहेबगंज**



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

P.R. 330211 (IPRD) 24-25

## प्लेटफॉर्म टिकट जीएसटी के दायरे से बाहर



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। प्लेटफॉर्म टिकट समेत रेलवे की कई सेवाएं अब कुछ कम मूल्य में उपलब्ध होंगी। ऐसा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से छूट के कारण संभव होगा। दस रुपये में मिलने वाले प्लेटफार्म टिकट पर अभी तक पांच प्रतिशत जीएसटी लगता था। अब इसके मूल्य में एक रुपये तक की कमी हो सकती है। बहरहाल, प्लेटफॉर्म टिकट के साथ ही डारमेट्री, वेटिंग रूम, क्लाक रूम और बैटरी संचालित वाहनों के उपयोग को जीएसटी से बाहर कर दिया गया है। वाणिज्य-कर विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

# हजारीबाग को हरा-भरा बनाने के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन

**भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने किया आयोजन, बच्चों ने पेश किया सांस्कृतिक कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा रविवार को गांधी मैदान में भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरूआत राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। हरी झंडी दिखलाकर मैराथन दौड़ शुरू हुआ। मंच संचालन प्रकाश झा एवं देव अशीष बादल के द्वारा किया गया। शहर के विभिन्न चौक चौराहा से गुजरते हुए पुनः गांधी मैदान पहुंचकर भव्य मैराथन दौड़ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। गांधी मैदान से प्रारंभ होकर मैराथन दौड़ पीटीसी चौक, डीवीसी चौक, त्रिमूर्ति चौक नूरा, इंद्रपुरी चौक, पगोड़ा चौक, झंडा चौक, बंशीलाल चौक, गाड़ीखाना, पुराना बस स्टैंड, डिस्टिक मोड, पीटीसी चौक होते हुए गांधी मैदान पहुंचा। दौड़ के दौरान 14 एम्बुलेंस मौजूद रहे। छात्र-छात्राओं की सुरक्षा हेतु 400 से भी अधिक वॉलिंटियर एवं गार्ड तैनात थें। चिकित्सा सुविधा हेतु डॉक्टर की व्यवस्था की गयी थी। जगह-जगह पर छात्र-छात्राओं को पेयजल एवं शरबत उपलब्ध कराया जा रहा था। इस बीच छात्र-छात्राओं के बेहतर रिजल्ट के लिए टेक्निकल टीम साथ में चल रही थी। सभी का हौसला अफजाई करने के लिए भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद स्वयं दौड़ में शामिल थे। तो वहीं दूसरी और गांधी मैदान में स्थानीय कलाकारों के द्वारा झारखंडी नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। बोकारो, चतरा, रामगढ़, धनबाद,कोडरमा सहित अन्य कई जिलों से धावक हजारीबाग पहुंचे थे। वही कार्यक्रम स्थल पर मौजूद करीब 10 हजार से अधिक लोगों के बीच पौधा का वितरण किया गया।

**सफल होने वाले धावकों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया**

दौड़ में सफल होने वाले धावकों को जिसमें महिला एवं पुरुष की पुरस्कार राशि बराबर रखी गई थी, प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार छ हजार, तृतीय पुरस्कार चार हजार, चतुर्थ पुरस्कार दो हजार, पांचवा पुरस्कार एक हजार, छठ से लेकर दसवां पुरस्कार तक 500 की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण न केवल हमारी वर्तमान पीढ़ी के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी आवश्यक है। इसी दृष्टिकोण से यह भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस प्रकार की गतिविधियों को लोगों में जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। मौके पर पर्यावरण से जुड़े सभी लोग, विभिन्न कोचिंग संस्थानों के डायरेक्टर, जिला परिषद के सदस्य,भारतीय जनता पार्टी के नेता गण के साथ हजारीबाग के हजारों संख्या में आम जनता मौजूद रही।

# राज्य सरकार अपने वादे से मुकर रही: सुरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हेमंत सरकार अपने वादे से मुकर रही है। सहायक पुलिसकर्मियों एवं पारा शिक्षकों कि जायज मांगों को भी नजर अंदाज किया जा रहा है। वेतन बढ़ोतरी और समायोजन की मांग करने पर उन पर लाठियां बरसाई जा रही है जो सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को इन सहायक पुलिसकर्मियों एवं पारा शिक्षकों से बात करना चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि लाठी गोली की सरकार झारखंड में नहीं चलेगी। वहीं भारतीय जनता पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि राज्य के सहायक पुलिसकर्मी एवं पारा शिक्षक अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास के घेराव के दौरान पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज में लगभग एक दर्जन से ज्यादा सहायक पुलिसकर्मी एवं पारा शिक्षक घायल हो गए हैं। इनमें कई गंभीर रूप से घायल हुए थे यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण की बात है। झारखंड सरकार इन सहायक पुलिसकर्मी एवं पारा शिक्षक की मांगों को गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए। श्री यादव ने झारखंड सरकार के द्वारा किए लाठीचार्ज की निंदा की है।

## सहायक पुलिस कर्मियों के समर्थन में जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पिपचो चौक पर बीती शाम जेबीकेएसएस केंद्रीय युवा महासचिव रंजीत यादव, केंद्रीय महामंत्री उदय राणा, केंद्रीय युवा महामंत्री नवीन चंद्रवंशी, केंद्रीय उपाध्यक्ष राहुल यादव, केंद्रीय सदस्य चंदन कुमार यादव, अरमान खान, बलराम कुमार, रामकुमार ने संयुक्त रूप से सहायक पुलिसकर्मी और पारा शिक्षकों पर मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में लाठी चार्ज की निंदा की मुदार्बाद और होश में आओ, सहायक पुलिस कर्मी के सम्मान में जेबीकेएसएस मैदान में आदि नारा लगाते हुए सोरेन सरकार का पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि जेबीकेएसएस नेता देवेंद्र नाथ महतो सहायक पुलिस कर्मियों के साथ विधानसभा घेराव करने पहुंचे थे। इसी दौरान सहायक पुलिसकर्मी और देवेंद्र नाथ महतो पर लाठी चार्ज किया गया जहां देवेंद्र महतो और दर्जनों सहायक पुलिसकर्मी घायल हो गए। जिनका रिम्स रांची में इलाज किया जा रहा है। मौके पर पंकज कुमार, दिलीप कुमार, शैलेंद्र चौधरी, बंधन रविदास सहित दर्जनों जेबीकेएसएस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पतंजलि परिवार योग समिति ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया



कोडरमा (आजाद सिपाही)। पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम ध्वजाधारी धाम परिसर में हुआ। कार्यक्रम योगाचार्य सुषमा सुमन के अगुवाई में हुआ, पतंजलि परिवार ने श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री सुखदेव दास जी महाराज को सम्मानित किया और आशीर्वाद भी प्राप्त किया। सुखदेव जी महाराज को सम्मानित कर रहे योगाचार्य सुषमा सुमन, गायत्री देवी, वीरेंद्र मोदी, प्रदीप कुमार सुमन, विकास कुमार पंडित ने अंग वस्त्र, मोमेंटो और पतंजलि का सामान देकर सम्मानित किया। सभी लोग ने गुरु दक्षिणा देकर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। महामंडलेश्वर श्री देवदास महाराज ने कहा कि गुरु अंधकार को खत्म कर प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु के बिना कोई ज्ञान नहीं मिलता है। गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर सभी प्रखंडों में भी योग शिक्षक हवन के साथ शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले चंदन कुमार, भोला दास, विनोद पांडे, सहदेव पांडे, राजेश पांडे, बाबूलाल पांडे, महादेव पांडे, मनीष कुमार शामिल थे। पतंजलि परिवार समिति का अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मोदी के द्वारा सभी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में गायत्री देवी, वीरेंद्र मोदी, प्रदीप कुमार सुमन, राजेश वर्मा, राजेंद्र यादव, महेश मोदी, विवेक कुमार सिन्हा, अनिल सिंह, राजेंद्र सिंह, उपेंद्र कुमार दुबे, राजेंद्र मोदी ने सहयोग किया।

## गायत्री शक्तिपीठ झुमरीतिलैया में 24 घंटे का 27 लाख अखंड जाप



कोडरमा (आजाद सिपाही)। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ झुमरीतिलैया में 24 घंटे का 27 लाख अखंड जाप किया गया। उसके तत्पश्चात रविवार को हवन यज्ञ में लगभग 300 व्यक्तियों ने मिलकर गायत्री मंत्र एवं विश्व कल्याण के लिए महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा आहुति की तथा लगभग 50 विभिन्न संस्कार नामकरण, मुंडन, पुस्वन, अन्न प्रसानं और गुरु दीक्षा शामिल है। हर हवन करने वाले को पूज्य गुरुदेव जी श्री राम शर्मा के सवाक्य का स्टीकर वितरण किया गया। उसके बाद पूणार्हुति की गयी और पर्यावरण को बचाने के लिए संकल्प गायत्री परिवार के द्वारा करवाया गया। साथ में 200 फलदार, छायादार पौधों का वितरण किया गया जो अधिकतर स्कूलों में लगाया जाएगा। साथ ही साथ संध्या दीप महायज्ञ का कार्यक्रम गुरुदेव का आशीर्वाद के साथ संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम को भव्य रूप से करने की में मुख्य ट्रस्टी सहित ट्रस्ट गण, युवा मंडल, भगवती महिला मंडल के सभी सदस्यों का सहयोग मिला।

# नदी पर पुल नहीं बनने से जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे हैं हटकोना के बच्चे: किशोरी राणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** राज्य सरकार बच्चों की शिक्षा पर करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा करती है। लेकिन, जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। बच्चे आज भी कई कारणों से स्कूल नहीं जा पा रहे। काटकमासंड़ी प्रखण्ड के बंझा पंचायत के हटकोना गाँव मे नदी पर रोजाना ऐसा नजारा देखा जा सकता है। जिसकी कल्पना आज के दौर में करना भी मुश्किल है। दरअसल यहां के बच्चों को हर रोज जान जोखिम में डालकर डर से हनुमान चालीसा का पाठ करते स्कूल जाने के लिए नाव से नदी पर कर आना जाना पड़ता है समाजसेवी किशोरी राणा ने बैठक कर उनकी जन समस्याओ को सुना और बताया कि कई सालों से इस नदी पर पूल बनाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन, अभी तक इस नदी पर पुल नहीं बन पाया है। किशोरी राणा जायजा लेने के बाद आस्वाशन दिया है कि पुल बनेगा। लेकिन आज तक कोई पहल नहीं हुआ और न ही विभाग के द्वारा कोई व्यवस्था हुआ जिसके कारण परेशानी होती है। बैठक मे रोहन सिंह, जानकी सिंह, रामकिशुन राजकुमार सिंह, महादेव, अनुज यादव, जगदेव राणा, सतीश पांडेय, आदि बैठक मे सैकड़ो लोग उपस्थित थे जिन्होंने सरकारी व्यवस्था का पुर जोर विरोध किया।

# जेबीकेएसएस ने निकाला मशाल जुलूस

**सहायक पुलिसकर्मी एवम जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओं के ऊपर हुए लाठीचार्ज का किया गया विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** रांची में सहायक पुलिस कर्मियों व जेबीकेएसएस के वरीय नेता पूर्व रांची लोकसभा प्रत्यासी देवेंद्र नाथ महतो सहित अन्य के ऊपर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार की शाम विष्णुगढ़ प्रखंड के सातमाइल चौक से अस्पताल चौक तक जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा मशाल जुलूस निकालने के साथ साथ सोरेन सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों की मांगे जायज हैं, अधिकार के लिए लड़ने वालों की आवाजे दबाई जा रही है। इस प्रकार से लाठीचार्च करना अमानवीय है। जेबीकेएसएस हमेशा सच्चाई के साथ खड़ी रहेगी। सरकार के ऐसे घृणित कार्यों के लिए जेबीकेएसएस हमेशा विरोध करेगी। इस मौके पर पूर्व पश्चिमी जिप सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल, प्रखंड उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, नंदलाल महतो, सुरेश कुमार, रामचंद्र राम, सचिव प्रेमचंद महतो, गंगाधर महतो और सुनील कुमार समेत सैकड़ों जेबीकेएसएस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की बैठक आज

**झुमरी तिलैया (आजाद सिपाही)।** नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की बैठक सोमवार को झुमरीतिलैया के श्री अग्रसेन भवन में आहूत की गई है। यह जानकारी श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा, सचिव विक्की केशरी ने दी। उन्होने बताया कि बैठक में अप्रैल माह में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम का आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया जायेगा।

# प्रशासन ही नहीं चाहता महुदी गांव की समस्या को सुलझाना: लोकनाथ महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के महुदी गांव में रामनवमी जुलूस मार्ग विवाद को सुलझाने को लेकर हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा पत्र जारी कर 21 जुलाई को बड़कागांव थाना परिसर में सुबह 11:00 बजे दोनों समुदाय के लोगों के मौजूदगी में बैठक रखा गया था। जिसको लेकर सुबह 10 बजे से ही बड़कागांव थाना परिसर में हिंदू समुदाय के लोगों की सैकड़ो संख्या में पहुंच लगे। जिसमें बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी,बड़कागांव प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष सह कांडतरी मुखिया पारस नाथ प्रसाद सहित सैकड़ो हिंदू ग्रामीण पहुंचे और बैठक होने का इंतजार करने लगे । तब अचानक बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल के द्वारा सूचना मिलता है कि एसडीओ साहब ने यह बैठा के को स्थगित कर दिया है। जिसकी लेटर भी निकल गई है।यह बात सुनते हैं हिंदू पक्ष के लोग आक्रोशीत होने लगे और कहने लगे कि प्रशासन ऐसे ही बार-बार हम लोगों को बुलाकर अचानक से बैठक स्थागीत कर देता है। हालांकि इस दौरान मुस्लिम समुदाय के पक्ष से एक भी लोग बड़कागांव थाना परिसर नहीं पहुंचे थे। इसके बाद उपस्थित ग्रामीण हो हल्ला करने लगे तत्पश्चात बड़कागांव पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष सह कांडतरी मुखिया पारसनाथ प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य, भीखन महतो सहित अन्य सामाजिक लोग थाना प्रभारी से मुलाकात कर बैठक स्थगित होने के बारे में जानकारी लिए। तत्पश्चात मौके पर सभी लोग आज ही बैठक करने की बात कहने लगे और सीओ, बीडीओ, एसडीपीओ एसडीओ सहित अन्य पदाधिकारी को बुलाने की बात करने लगे। इस बाबत थाना प्रभारी ने कहा कि सब ने बैठक को स्थगित किया है इसमें हम क्या कुछ कर सकते हैं। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार का यही रवैया हो गया है कि वह मीटिंग का समय देते हैं और वह मीटिंग फिर स्थगित कर देते हैं। प्रशासन ही नहीं चाहती कि महुदी का मामला सुलझे। रामनवमी के बाद सदर एसडीओ ने 7 मई को दोनों समुदाय के लोगों को बैठक बुलाया था वह भी कैंसिल हो गया जिसके बाद 20 मई को पुनः बैठक बुलाया गया था वह भी स्थगित कर दिया गया था। हीं उप प्रमुख वचन देव कुमार ने कहा कि हम जनप्रतिनिधियों के द्वारा आम जनता को गारंटी दिया गया था कि 21 जुलाई को बैठक होगा अब फिर से पुलिस प्रशासन के द्वारा यह स्थगित कर दिए जाने से हम प्रतिनिधियों पर ग्रामीण सवाल खड़ा कर रहे हैं कि आप लोग बेकार बात करते हैं। अब प्रशासन से भी हम लोगों का भरोसा उठता जा रहा है। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने कहा कि पुलिस प्रशासन सिर्फ और सिर्फ एक पक्ष की बात सुनती है और उन्हीं लोगों का बात मानती हैं अब बैठक स्थगित कर फिर से प्रशासन हम लोगों को आंदोलन करने दें।

## कानूनी जागरूकता कार्यक्रम के तहत भूमि संबंधी विवादों के निवारण के लिए एनटीपीसी केरेडारी की पहल

केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत भूमि विवाद पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन मंगलवार को बसरिया कार्यालय में किया जाएगा। इस शिविर से पहले 19 जुलाई, 20 जुलाई और 21 जुलाई को ग्राम पांडू,तरहेसा,बसरिया,बेंगवारी तथा अन्य प्रभावित गांवों के लगभग 95 रैयतों के साथ बैठकें आयोजित की गई। इसके तहत भू रैयतों को भुक्तान संबंधी बंधपत्र और शपथ पत्र स्थल पर ही तैयार किया गयो एनटीपीसी ने रैयतों के भुक्तान संबंधी बंधपत्र और शपथ पत्र तुरंत कार्यालय में ही तैयार किए जिससे रैयतों को कोर्ट के चक्कर नहीं लगाने पड़े। इससे उनका भुक्तान प्रक्रिया में विश्वास बढ़ो इन बैठकों के माध्यम से रैयतों का विश्वास एनटीपीसी के प्रति और भी मजबूत हुआ। रैयतों का हिस्सा खतियान रसीद हिस्सेदार के मुताबिक निर्धारित किया गया जिसे सभी रैयतों ने सहर्ष स्वीकार किया। इस कार्यक्रम से एनटीपीसी और रैयतों के बीच आपसी विश्वास और सामंजस्य बढ़ा है,जो कि एक सराहनीय कदम है। इसका श्रेय मुख्य रूप से एनटीपीसी केरेडारी प्रबंधनको जाता है। इस तरह के कार्यक्रम एनटीपीसी केरेडारी का उनके प्रभावित रैयतों के प्रति अथक प्रयासों को उजागर करता हैं और उनके बीच विश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं।

## सात सूत्री मांग को लेकर मुखिया कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना आज से

**इचाक (आजाद सिपाही)।** सात सूत्री मांगों को लेकर मुखिया संघ इचाक के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय इचाक के समक्ष आज से अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इसकी जानकारी संघ के अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता ने दी। उन्होंने कहा कि बीडीओ की मनमानी से तंग होकर मुखिया संघ ने धरना देने पर मजबूर हुआ। मुखिया के मांगों में मनरेगा के सभी कार्य पंचायत मुख्यालय से संचालित किया जाए। पंचायत सचिवालय में पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, बीएफटी को नियमित रूप से बैठने एवं कनीय अभियंता को सफ्ताह में दो दिन पंचायत मुख्यालय में बैठकर कार्य का निष्पादन करने, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र पंचायत से निर्गत करने, प्रखंड कार्यालय में सहायक अभियंता को सप्ताह में दो दिन बैठने, प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने एवं पंचायत का आईडी पासवर्ड मुखिया को उपलब्ध कराने की मांग शामिल है। धरना में प्रखंड के 19 पंचायत के सभी मुखिया शामिल होंगे।

## दक्षिण अफ्रीका में फंसे सभी 27 प्रवासी मजदूरों की आज होगी वतन वापसी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** दक्षिण अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखंड के 27 प्रवासी मजदूरों को वेतन भुगतान के साथ टिकट हो गया है। रविवार को उनकी वतन वापसी होगी.बताते चलें कि चार माह से वेतन नहीं मिलने के कारण खाने-पीने में परेशानी को लेकर प्रवासी मजदूरों ने वीडियो वायरल कर वतन वापसी की गुहार लगाई थी। केंद्र व राज्य सरकार का प्रयास सकारात्मक रहा। सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से मजदूरों के सकुशल वतन वापसी के लिए ठोस कूटनीतिक पहल करने की मांग की थी।उसके बाद भारतीय दूतावास की मदद से बकाया सैलरी और वतन वापसी को लेकर संबंधित कंपनी व मजदूरों के बीच सफल वार्ता हुई थी और इसका निष्पादन विनायक कंपनी तथा एल एंड टी कंपनी की मध्यस्थता के कारण सफल हो पाया और चार माह का बकाया वेतन का भुगतान के साथ वतन वापसी का भी रास्ता साफ हो गया.उक्त खबर की सूचना पर प्रवासी मजदूरों के परिवार में खुशी की लहर देखी जा रही है. इस कार्य के लिए परिजनों ने सरकार,सारे प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रवासी श्रमिकों के हित में कार्य करने वाले सिकंदर अली के प्रति आभार जताया है।

## मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत मीनाक्षी फ्यूल्स में वृक्षारोपण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में चलाए जा रहे मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत हजारीबाग में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने मीनाक्षी फ्यूल्स, डेमोटांड परिसर में फलदार वृक्ष लगाया। इस अवसर पर साहू ने कहा कि किसान मोर्चा के तत्वाधान में सम्पूर्ण झारखंड प्रदेश में मां के नाम एक पेड़ लगाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। हमारी योजना है कि पंचायत स्तर तक कार्यकर्ता पेड़ लगाने के साथ ही वृक्ष का संरक्षण भी करेंगे। पूरे झारखंड प्रदेश में 2000 वृक्ष लगाने की योजना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण के प्रति चिंता को देखते हुए भाजपा द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर किसान मोर्चा के महामंत्री अर्जुन सिंह, प्रदेश के प्रवक्ता प्रभात रंजन, कार्यालय प्रमुख सुरेंद्र मंडल, संथाल परगना प्रमंडल प्रभारी आनंद मोदी, रामगढ़ जिला प्रभारी प्रेम शंकर सिंह, टिंकू कुमार सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

## रिंकी देवी ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बेडोकला पंचायत में दो विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास मुखिया रिंकी देवी ने विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। सर्व प्रथम पंद्रहवीं वित्त आयोग से 286600के लागत से बेडोकला हेठजोंगी टोला में नाली निर्माण एंव उदयासिंघा टोला में 159500के लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य होगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पाण्डेय, अभिकर्ता फूलचंद पंडित, टिप लाल ठाकुर, होरिल पंडित सूरजदेव पंडित,श्यामलाल बैठा, महेंद्र बैठा ,राजेश बैठा, राजू पंडित, वीरेंद्र शर्मा, राजकुमार पंडित, दीपक कुमार, जानकी पंडित समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

22 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 272



**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLAGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLAGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### नूंह में ब्रजमंडल यात्रा को लेकर इंटरनेट बंद

नूंह। हरियाणा के नूंह में सोमवार को ब्रजमंडल यात्रा निकाली जायेगी। इस बार हिंसा न हो, इसके लिए सरकार और प्रशासन ने पुख्ता बंदोबस्त किये हैं। यहां रविवार शाम 6 बजे से 22 जुलाई सोमवार शाम 6 बजे तक 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट बंद कर दिया गया है। एक साथ बहुत सारे यानी बल्क एसएमएस भेजने पर भी रोक लगायी गयी है। डोंगल इंटरनेट भी नहीं चलेगा। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स और कमांडोज तैनात किये गये हैं। ड्रोन के जरिये पूरे नूंह और अरावली की पहाड़ियों की निगरानी की जा रही है। हरियाणा पुलिस लगातार फ्लैग मार्च निकाल रही है। यहां जमीन से आसमान तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं। बता दें कि इस यात्रा में पिछले साल जमकर हिंसा हुई थी। इसमें 7 लोगों की मौत हुई थी और 150 से ज्यादा गाड़ियां फूंक दी गयी थी।

### निपाह-वायरस से केरल में 14 साल के लड़के की मौत

मलप्पुरम। केरल के मलप्पुरम में निपाह वायरस से पीड़ित 14 साल के लड़के की रविवार को मौत हो गयी। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि पीड़ित लड़के को सुबह 10.50 बजे दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर भी रखा गया, लेकिन सुबह 11.30 बजे उसकी मौत हो गयी। संक्रमित लड़के को ऑस्ट्रेलिया से मिली मोनोक्लोनल एंटीबॉडी दी गयी थी। प्रोटोकॉल के मुताबिक संक्रमित होने के 5 दिन के अंदर इसे दिया जाता है। इस मामले में संक्रमित लड़के को एंटीबॉडी देने में देर हो गयी थी।

### संसद के मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक का आयोजन

# नीट यूजी से लेकर कांवड़ यात्रा तक पर विस्तृत चर्चा की मांग

- कांग्रेस ने लोकसभा उपाध्यक्ष का पद देने की मांग की
- तीन राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा भी उठा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर रविवार को संसद भवन के मुख्य समिति कक्ष संसदीय सौध में हुई सर्वदलीय बैठक में नीट यूजी पेपर लीक से लेकर कांवड़ यात्रा तक पर विस्तृत चर्चा करने की मांग के साथ आंध्रप्रदेश, ओडिशा और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा भी उठाया गया। बैठक का मुख्य मुद्दा आगामी मानसून सत्र में सहमति बनाना था, लेकिन बैठक के दौरान कई पार्टियों ने सरकार के सामने ऐसे मुद्दे उठाए कि यह मानसून सत्र से ज्यादा पार्टियों की मांगें सुर्खियां बन गयी हैं। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने की और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बैठक का आयोजन किया। बैठक में चिराग पासवान और कांग्रेस से प्रमोद तिवारी और गौरव गोगोई भी शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बताया कि कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा उपाध्यक्ष के पद की मांग की और साथ ही नीट का मुद्दा भी उठाया।



### सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने ये मुद्दे उठाये

जयराम रमेश ने कहा कि वाइएसआर कांग्रेस ने आंध्रप्रदेश के लिए, बीजद ने ओड़िशा के लिए और जदयू ने बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। सत्तारूढ़ एनडीए में एक प्रमुख सहयोगी जदयू ने हाल ही में बिहार के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा या पैकेज की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। राजद सांसद ने संसद में विपक्षी सांसदों को भी बोलने की मंजूरी देने की अपील की। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने नीट-यूजी का मुद्दा उठाया। साथ ही इडी और सीबीआइ जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्ग पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर नामपट्टिकाओं का मुद्दा उठाया। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस के जयराम रमेश और के सुरेश, एआइएमआइएम के असदुद्दीन ओवैसी, राजद के अभय कुशवाहा, जदयू के संजय झा, आप के संजय सिंह, सपा नेता रामगोपाल यादव और राकांपा के प्रफुल्ल पटेल आदि नेता मौजूद थे। एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने सर्वदलीय बैठक को लेकर कहा कि यह औपचारिकता है। हर सत्र से पहले ऐसी बैठ बुलायी जाती है। बजट सत्र पर सभी दलों ने अपने सुझाव दिये हैं। कई दलों ने अपने-अपने राज्यों के मुद्दे उठाये हैं।

#### कांग्रेस ने सरकार को घेरा

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बैसाखियों पर टिकी है और संविधान, उसके मूल्यों और परंपराओं की हत्या कर रही है।

#### 10 वर्षों से ठीक से काम नहीं हुआ

माकपा सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा कि संसद को ठीक से काम करना चाहिए और बहस और चर्चा होनी चाहिए, जो पिछले 10 वर्षों से नहीं हो रही है। हम चाहते हैं कि सरकार जमीनी हकीकत को समझे। बेरोजगारी दर अपने चरम पर है, लोग भूख से मर रहे हैं। राज्यों की शक्ति पर हमला हुआ है।

### सीएम से किट के संस्थापक अच्युत सामंत ने की भेंट

# 2025 में राज्य में होगी किस की स्थापना : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं केआइआइटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (किट) के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और उनके बीच राज्य में शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार, वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम और अन्य विकासात्मक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस (किस) की शाखा के स्थापना को लेकर डॉ अच्युत सामंत से विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने डॉ अच्युत सामंत से कहा कि विगत दिनों उनके ओड़िशा दौरे के क्रम में कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस द्वारा आयोजित समारोह में शामिल होने का अवसर मिला था। उसी समय झारखंड में भी किस की शाखा खोलने पर सकारात्मक चर्चा भी हुई थी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनसे कहा कि वर्ष 2025 में कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस की यूनिट की स्थापना राज्य में हो, इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना बना कर इस शिक्षण संस्थान की स्थापना को उनकी सरकार मूर्त रूप देगी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केआइआइटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की सराहना की।



## आपदा की घड़ी में झारखंड देश के राज्यों के साथ खड़ा है: सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा को संबोधित एक ट्वीट में कहा है कि आपदा की घड़ी में झारखंड देश के राज्यों के साथ हमेशा संवेदनशीलता के साथ खड़ा रहा है। मां कामाख्या से मैं विनती करता हूं कि असम वासी बाढ़ की इस विभीषिका से उबर कर जल्द सामान्य जीवन यापन शुरू करेंगे। सीएम हेमंत ने यह ट्वीट असम के सीएम द्वारा झारखंड सरकार द्वारा असम के मुख्यमंत्री राहत कोष में दो करोड़ रुपये दिये जाने की घोषणा पर आभार व्यक्त करने के जवाब में रविवार को किया है।

## चंद्रयान-3 को मिलेगा विश्व अंतरिक्ष सम्मान

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कर इतिहास बनाने और दुनियाभर में भारत का परचम लहराने वाले चंद्रयान-3 को विश्व अंतरिक्ष सम्मान से नवाजा जायेगा। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ ने पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। चंद्रयान-3 को यह पुरस्कार 14 अक्टूबर को इटली के मिलान में होने वाले 75वें अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री सम्मेलन के दौरान दिया जायेगा। चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की थी। फेडरेशन ने कहा कि चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान के अनदेखे पहलुओं को उजागर किया। यह मिशन नये प्रयोगों के लिए वैश्विक उपलब्धि है।

### जमीन लूट के खिलाफ आदिवासी संगठनों के धरना-प्रदर्शन को भाजपा का समर्थन

# भू-माफिया के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भू-माफिया के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि रांची के मोरहाबादी मैदान में आदिवासी संगठनों ने भू-माफिया द्वारा आदिवासियों की रैयती जमीनों की लूट के खिलाफ धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया था। बाबूलाल ने लिखा कि विगत पांच वर्षों के दौरान जेएमएम-कांग्रेस सरकार के संरक्षण में भू-माफियाओं और अधिकारियों की मिलीभगत से सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर सैकड़ों एकड़ आदिवासी जमीन पर कब्जा किया गया है। गरीब आदिवासियों की जमीनों को भू-माफिया के चंगुल से मुक्त कराने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में अपनी जमीन से विस्थापित लोगों का पुनर्वास भी सोरेन की सरकार नहीं करा पायी है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा विस्थापन कांग्रेस शासन में हुआ। झूठ और भ्रष्टाचार जेएमएम-कांग्रेस सरकार की पहचान बन चुकी है। यह सरकार सिर्फ अपने परिवार का विकास करने में व्यस्त है। आज झारखंड की जनता खुद को ठगा और असहाय सा महसूस कर रही है।




**YASH ENTERPRISES**
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting



J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614

### पश्चिम बंगाल में टीएमसी की शहीद दिवस रैली

# ममता और अखिलेश ने किया दावा शीघ्र गिर जायेगी एनडीए सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी की शहीद दिवस रैली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की एनडीए सरकार के शीघ्र गिरने का दावा किया। रैली में ममता ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसकी 38 फीसदी महिलाएं सांसद हैं। चुनाव से पहले भाजपा ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का दावा किया था, लेकिन ऐसा नहीं कर सके। उन्होंने अखिलेश यादव के रैली में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भारत को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की साजिश रचने वाली ताकतों को अस्थायी सफलता मिल सकती है, लेकिन अंततः उनकी पराजय होगी। केंद्र में भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी। जल्द गिर जायेगी।



### बंगाल को बदनाम कर रही भाजपा: अभिषेक

रैली में टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भाजपा ने बंगाल के सभी फंड रोक दिये हैं। भाजपा बंगाल को बदनाम कर रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फर्जी कहानी बनाकर संदेशखली को हथियार बनाकर बंगाल को बदनाम करने की साजिश की। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भाजपा ने 'अबकी बार 400 पार' का नारा दिया, लेकिन 240 पर रुक गयी। टीएमसी के खिलाफ इडी और सीबीआइ का इस्तेमाल किया, मगर जीत नहीं मिली।

# आरएसएस की गतिविधियों में सरकारी कर्मी भी होंगे शामिल

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हटाया प्रतिबंध

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में शामिल होने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें केंद्र सरकारों के द्वारा 1966, 1970 और 1980 के उन आदेशों में संशोधन किया गया है, जिनमें कुछ अन्य संस्थाओं के साथ-साथ आरएसएस की शाखाओं और अन्य गतिविधियों में शामिल होने पर सरकारी कर्मचारियों पर कड़े दंडात्मक प्रावधान लागू किये गये थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस आदेश का स्वागत किया है। दरअसल, आरोप है कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने समय-समय पर सरकारी कर्मचारियों की संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर कर्मचारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। सेवानिवृत होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए भी अनेक सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी केंद्र सरकार के स्तर पर यह वैध बना हुआ था। इस मामले में एक वाद इंदौर की अदालत में चल रहा था, जिस पर अदालत ने केंद्र सरकार से सफाई मांगी थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने नौ जुलाई को एक आदेश जारी करते हुए उक्त प्रतिबंधों को समाप्त करने की घोषणा कर दी।

# रजरप्पा में जुटेंगे कांग्रेस के दिग्गज तैयारी में जुटा जिला कांग्रेस : मुन्ना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रजरप्पा में होने वाले कार्यक्रम को लेकर रविवार को मिलन होटल के सभागार में जिला कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की जानकारी साझा किया। मौके पर जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने बताया कि 23 जुलाई को विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम हो रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड के कैबिनेट मंत्री बन्ना गुप्ता, युवा मंत्री इरफान अंसारी, युवा महिला मंत्री दीपिका सिंह पांडे शामिल होंगे। कार्यक्रम रजरप्पा क्लब में समय 12:00 बजे होगा और रामगढ़ जिला कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता सभी संगठन के मोर्चा अध्यक्ष से रूबरू होंगे। उनसे आने वाला विधानसभा चुनाव और संगठन पर चर्चा करेंगे। जिसके बाद चितरपुर कांग्रेस कार्यालय बाजार टांड में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन करेंगे।

**कौन कौन थे उपस्थित :** प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर, दुलमी जिला परिषद प्रीति दीवान, बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, आदिवासी सेल के अध्यक्ष गगन करमाली, बड़ा चौधरी रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू, झारखंड प्रदेश महासचिव सज्जाद खान, संजय टिंकू, आजाद सिंह आदि उपस्थित थे।

# रामगढ़ में नये औद्योगिक पार्क के लिए एफजेसीसीआइ कटिबद्ध : किशोर मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रांची रोड स्थित जिमखाना क्लब के सभागार में शनिवार की देर शाम फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 12वीं कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक का शुभारंभ चेंबर के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस बैठक में पांच जिलों के उद्योगपति सह व्यवसायी हुए शामिल। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक का स्वागत भाषण रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने दिया। बैठक को संबोधित करते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि रामगढ़ में जल्द से जल्द एक नया इंडस्ट्रीज पार्क की स्थापना के लिए फेडरेशन झारखंड कटिबद्ध है।




किशोर मंत्री ने कहा कि मैं अपने दो साल के कार्यकाल में सबसे ज्यादा दौरा रामगढ़ जिले का किया हूं। कहा कि उद्योगपति एवं व्यवसायियों का प्यार और सम्मान पाकर एक सुखद अनुभूति की प्राप्ति कर रहा हूं।

**व्यवसायियों के हितों के लिए रामगढ़ चेंबर का रहा है सकारात्मक प्रयास : विनय**

बैठक को संबोधित करते हुए रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार से झारखंड फेडरेशन के अध्यक्ष किशोर मंत्री का रामगढ़ चेंबर के प्रति लगातार सकारात्मक सोच रहा और जो भी समस्याओं को रामगढ़ चैंबर ने फेडरेशन झारखंड के पटल पर रखा।

**झारखंड फेडरेशन चेंबर व्यावसायियों के लिए कर रही है बेहतर कार्य : अमित साहू**

बैठक का संचालन करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि मेरा दो साल का कार्यकाल झारखंड फेडरेशन चेंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री के साथ सभी मायनों मैं ऐतिहासिक रहा और आगे चलकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

**अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर किया गया सम्मानित**

बैठक के दौरान फेडरेशन अध्यक्ष किशोर मंत्री को रामगढ़ चेंबर के सभी पूर्व अध्यक्षों के द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। साथ ही रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल को रामगढ़ जिले से कोयलांचल क्षेत्र से आए चेंबर के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष मनजीत साहनी ने दिया।

बैठक में फेडरेशन झारखंड के महासचिव परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, कार्यकारिणी के सदस्य राम बांगड़, विमल फोगला, साहित्य पवन, विकास विजयवर्गीय, रोहित पोद्दार, हजारीबाग चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शंभू अग्रवाल, आदि उपस्थित थे।

# ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में डूबी मिश्रौल की आधी आबादी, विभाग मौन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के मिश्रौल के करममोड़ स्थित ट्रांसफार्मर पिछले एक माह से जल जाने के कारण बडी आबादी अंधेरे में जीवन बसर करने को विवश है। इस बावत उपभोक्ताओं द्वारा विभाग के कार्यपालक अभियंता व अधीक्षण अभियंता से गुहार लगाए जानें के बाद भी इस ओर पहल नहीं किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश पनपने के साथ आन्दोलन का मन बना रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि 25 केवीए क्षमता वाली ट्रांसफार्मर पर लोड अधिक होने के कारण उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिल पाती है। जिसकी क्षमता बढ़ाये जाने की मांग को लेकर पूर्व सांसद सुनिल कुमार सिंह द्वारा अनुशंसित पत्र विगत मार्च माह में ही भेजा गया। बावजूद विभाग द्वारा 100 केवीए क्षमता वाली ट्रांसफार्मर लगाने छोड़ खराब टांसफारमर को दुरुस्त करने मे दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। जिसे अब ग्रामीण विभाग के विरुद्ध आन्दोलन का मन बना रहे है। उपभोक्ताओं के आरोप है कि ट्रासफार्मर खराब होने होने से जहां निश्रौल उच्च विद्यालय मे पठन पाठन कर रहे छात्र छाताओं को कई मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है वहीं कई व्यवसायिक उपभोक्ताओं को भी व्यवसाय चलाने मे बाधाए उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने विभाग से जले दूसफार्मर को बदलकर 100 केवीए क्षमता वाली ट्रांसफार्मर लगाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

# गुरु पूर्णिमा पर भाजपाइयों ने किया गुरु जनों को सम्मानित



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर भाजपाइयों के द्वारा कई गुरु जनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय एवं भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। जिन गुरु जनों को सम्मानित किया गया। इसमें प्रमुख रूप में किसुनपुर निवासी सेवा सेवा निवृत्त शिक्षक बिरंची पाठक, सेरेनदाग निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक बालेश्वर प्रसाद साहु, शिक्षाविद्य बिशुन साव थे, इन सबों को अंग वस्त्र देकर एवं शुभ संस्कार व राष्ट्र निर्माण के संकल्प पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस सम्मान के अवसर पर भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि गुरू शिष्यों के ह्रदय में शुभ संस्कारों के सर्जक के नाते ब्रह्मा हैं, उनके रक्षण वर्धन के नाते विष्णु हैं तथा अशुभ संस्कारों, कुप्रवृत्यों एवं अंतर्विकारों के अपाकरण के कारण साक्षात प्रलयंकर शंकर हैं। गुरू शिष्य के अज्ञानांधकार को दूर करता है तब ही लोग शुभ संस्कार युक्त व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सम्मानित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय, भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय, फूलचंद साव, प्रो० प्रमोद पाठक, झमन साव, हीरालाल साव व अन्य थे।

# हनुमानगढ़ी के लोगों से मिलीं अंबा प्रसाद बिजली समस्या के हल का दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा क्षेत्र में बिजली की समस्या को ले बड़कागां विधायक अंबा प्रसाद रविवार को जवाहर नगर पंचायत के हनुमानगढ़ी पहुंची। यहां हनुमानगढ़ी के लोगों ने पिछले एक माह से खराब ट्रांसफार्मर के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी दी। विधायक अंबा प्रसाद ने मामले को ले दुरभाष पर सीसीएल के सीएमडी से तत्काल वार्ता की। मौके पर विधायक ने कहा कि सीएमडी ने यथाशीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही है। वहीं दुसरी तरफ भुरकुंडा बाजार से सटे लोगों ने विधायक से डीभीसी का विद्युत कनेक्शन करवाने की गुहार लगाई। इस पर विधायक ने तत्काल विद्युत विभाग के जीएम से भी दुरभाष पर मामले को लेकर बीतचीत की। कहा कि विद्युत विभाग भुरकुंडा के जेई को बुलाकर न्युनतम सेक्युरिटी मनी लेकर बाजार से सटे हुए लोगों को डीभीसी का कनेक्शन देने की बात कही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राज किशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, चंदन साव, विक्कु रजक, मनोज राज, गोनू, संजय साव, उत्तम राम, विनोद साव, इंद्रा देवी, अनिता कनोजिया, उषा देवी, लक्ष्मी देवी, प्रतिमा देवी, निखिल कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# ओशोधारा ध्यान केंद्र में धूमधाम से मनी गुरु पूर्णिमा, गुरुओं को किया गया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के बिजुलिया स्थित श्री श्याम कृपा भवन के ओशोधारा ध्यान केंद्र में गुरुपूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समर्थ गुरु ओजिया सिद्धार्थ जी एवं सद्गुरु ओशो के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर गुरुओं पर प्रकाश डालते हुए स्वामी प्रेम पारिजात कमल बगड़िया ने कहा कि गुरु हमेशा अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाते हैं और वे गुरु पूर्णिमा के चांद की तरह होते है। जिसका अस्तित्व परमात्मा के सूरज के प्रकाश से प्रकाशित होता है। गुरु परमात्मा का संदेश वाहक होते हैं, जिस तरह एकल, द्वितीय, तृतीय के अंधेरों से गुजरता हुआ पूर्णिमा को प्राप्त कर प्रकाशित होता है, उसी राह को गुरु भी अनुसरण कर शिष्यों को शीतल राहा दिखाते है। गुरु सब कुछ जानकार भी जना नहीं पाते, क्योंकि वे शून्य अवस्था को प्राप्त कर लेते हैं। वही, स्वामी सुरेश बगड़िया एवं स्वामी अशोक गुप्ता ने भी गुरु पूर्णिमा पर अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन स्वामी अरुण बगड़िया ने किया।

श्री श्याम कृपा भवन में आयोजित गुरु पूर्णिमा पर भारती बगड़िया ने अपने मधुर गीत से सब का मन मोह लिया। इस दौरान उन्होंने गुरुओं पर आधारित एक से एक गीत प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में किशोर गुप्ता, अयोध्या अग्रवाल, अजय रजक, रामसेवक प्रसाद, मनोज गुप्ता, केदार मुंडा, शिव शंकर, प्रीतम कुमार, रणधीर गुप्ता, संतोष अग्रवाल, चंद्रशेखर कुमार, रानी देवी, सोनी देवी, नरेश अग्रवाल, सुनीता देवी, चंचला देवी, कुंती देवी, विजय लक्ष्मी, अंकिता देवी, सहित कई लोगों उपस्थित थे।

# प्रेम प्रसंग में वर्मा गांव की युवती की मौत

**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के वर्मा गांव के मोहन भारती के 20 वर्षीय पुत्री कौशल्या कुमारी की मौत स्वास्थ्य केन्द्र ले जाने के दौरान हो गयी। मौत का कारण प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया की पलामू थाना क्षेत्र के धनंजय यादव नामक युवक ने फोन करके पैसा का प्रलोभन देकर मृतका कौशल्या को बुलाया था। जबकि मृतका बेहोशी की हालत में कुंदा से पलामू जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे खपिया गांव के समीप बेहोशी की हालत में मिली। जिसे भौरूडीह गांव निवासी मुकेश यादव ने अपने निजी कार से आनन फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुंदा पहुंचाया। जहां चिकित्सक नहीं रहने के कारण उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया। प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के क्रम में उसने दम तोड़ दिया।

# सारुबेड़ा में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सारुबेड़ा स्थित पंडित रंजन प्रसाद मिश्रा के आवास पर हर साल की तरह इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरू शिष्य परंपरा के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मिश्रा जी के उपस्थित शिष्यों ने एक से बढ़कर एक शास्त्रीय गीत और गजल की प्रस्तुति की। इस अवसर पर रवि मिश्रा, सोनू, मोनू, अजंता, रजनीश, रिशु, ऋषि, संगीत, आराध्या, रितिका, नमन, अंकित, सत्यम, आदर्श, अंकिता, भानु, रानू प्रथम, आदिश, एकांश सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

# डीएवी आरा में स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का समापन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी आरा में दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स कलस्टर लेवल का भव्य समापन किया गया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन डी के आठ विद्यालयों में शामिल डीएवी आरा, डीएवी बरकाकाना, डीएवी रजरप्पा, डीएवी पतरातू, डीएवी केदला, डीएवी घाटो, डीएवी तापिन और डीएवी चैनपुर के 650 खिलाड़ियों ने फूटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो –खो और कबड्डी प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें सभी सफल प्रतिभागियों को विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार और सभी मैच के पर्यवेक्षक तरुण कुमार मिश्रा और शकुंतला गिरि ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मैच के पर्यवेक्षक सह डीएवी घाटो के प्राचार्य तरुण कुमार मिश्रा ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि डीएवी संस्थान में पढ़ने वाले विद्यार्थी आज देश के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।

# प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर चलाया गया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** प्रेस क्लब रामगढ़ सत्र 2024-26 के चुनाव को लेकर रविवार को वीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरू और धर्मेंद्र पटेल की टीम ने कोयलांचल भुरकुंडा में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान मतकमा चैक के समीप राजनंदिनी रिसोर्ट में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता नंद कुमार और संचालन जीवन कुमार ने किया। बैठक में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विरेन्द्र कुमार उर्फ बीरू और सचिव पद के प्रत्याशी धर्मेन्द्र पटेल ने मतदाताओं से अपनी टीम के आगामी योजनाओं को लेकर एक घोषणा पत्र जारी किया। जिसमें सदस्यता शुल्क 500 रुपये से घटाकर 100 रुपया सालाना करना, सदस्यों का पांच लाख का सामूहिक बीमा कराना, दुर्घटना में घायल सदस्यों को इलाज के लिए 25 हजार का आर्थिक सहयोग देने, आर्थिक रूप से कमजोर सदस्यों के आकस्मिक निधन पर उनके परिजन को एक लाख रुपये का सहयोग और सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास करना, गंभीर बीमारी से ग्रसित सदस्यों को समुचित ईलाज हेतू सरकार द्वारा सहित अन्य एजेंडो पर विस्तृत रूप पर प्रकाश डाला गया।

# आंदोलनकारी अपने अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्ष करें : पुष्कर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा भुरकुंडा-पतरातु के झारखंड आंदोलनकारियों के राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान, रोजी रोजगार की गारंटी एवं सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया देने की मांग को ले रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय उपाध्यक्ष दर्शन गंझू व संचालन संजय मिश्रा ने किया। बताया गया कि आगामी 28 जुलाई को बारीडीह स्थित विजय गार्डन जमशेदपुर में झारखंडी राष्ट्रीयता पहचान के सवाल को लेकर विचार-विमर्श सभा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 6 सितंबर 2024 को रांची के मोरहाबादी में आंदोलनकारी अधिकारों के लिए रांची कूच करो



कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जुटेंगे। बैठक से पूर्व झारखंड आंदोलनकारी के अमर पुरोधा एके राय की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को अपने अस्तित्व एवं अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्ष करना जरूरी है। संघर्ष ही हमारा इतिहास रहा है। संघर्ष से ही बेहतर झारखंड राज्य का सपना साकार हो सकता है। साथ ही झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान अलग पहचान दिला सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य के संघर्ष के मूल्यों को स्थापित करना चुनौती है। समझौता करने वाले राजनीतिक दलें झारखंडी राष्ट्रीयता को बर्बाद कर रहे हैं। अपनी लड़ाई, अपनी पहचान को स्थापित करने के लिए हमें एकजुट होकर संघर्ष करना पड़ेगा। प्रधान सचिव श्री महतो ने कहा कि अपनी पहचान व अधिकार के लिए हम लड़े थे और आगे भी लड़कर इसे लेकर रहेंगे। संजय मिश्रा ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी को 15 अगस्त 2024 को प्रशस्ति-पत्र एवं ताम्र-पत्र जिला प्रशासन द्वारा दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। वरीय केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड के लोग अपनी लड़ाई का हिस्सा स्वयं बने। हमलोग लगातार सरकार को अपनी मांगों से अवगत कराते रहें लेकिन राज्य सरकार झारखंड आंदोलनकारी के मांगों के प्रति उदासीन रवैया अपने हुए है। केंद्रीय उपाध्यक्ष दर्शन गंझू ने कहा कि झारखंड एक बदलाव और मांग रहा है। बैठक में रामगढ़ जिला अध्यक्ष कार्तिक महथा, सचिव दीपक टाइगर, बृजेश पांडेय, टिकेश्वर महतो, रॉवेल एक्का, मुन्ना श्रीवास्तव, श्रीकांत सिन्हा, उदय मालाकार सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

# दो दिवसीय डीएवी क्लस्टर खेलकूद संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल 4 रविवार को संपन्न हो गया। बताते चले कि दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में झारखंड क्षेत्र-डी के आठ विद्यालयों से करीब 250 बच्चे पहले दिन अपने टीम मैनेजर व खेल शिक्षक के साथ प्रतियोगिता में भाग लिए थे। 14, 17, 19 वर्ष के बालक बालिकाओं में शतरंज, टेबल टेनिस और क्रिकेट के खिलाड़ी अपना खेल प्रदर्शन कर मेडल से पुरस्कृत हो चुके हैं जबकि दूसरे दिन 14, 17, 19 वर्ष के डीएवी आरा, डीएवी घाटो, डीएवी रजरप्पा और डीएवी



बरकाकाना के बीच बैडमिंटन के मैच खेले गये। जिसके परिणाम इस प्रकार हैं:

**14 वर्ष बालक वर्ग :**
विजेताः डीएवी आरा
उपविजेताः डीएवी बरकाकाना

**14 वर्ष बालिका वर्ग :**
विजेताः डीएवी घाटो
उपविजेताः डीएवी रजरप्पा

**17 वर्ष बालक वर्ग :**
विजेताः डीएवी आरा
उपविजेताः डीएवी घाटो

झारखंड जोन-डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा के द्वारा विजेता-उपविजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ. शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती है। सभी खेलों के विजेता-उपविजेताओं को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अनुशासन के साथ भाग लेकर अपने विद्यालय और अपने जोन का परचम लहराने के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दीं। विद्यालय प्राचार्य ने सभी विद्यालयों से आए खेल-शिक्षकों, टीम मैनेजर, ऑफिस स्टॉफ एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। 27 एवं 28 जुलाई 2024 को डीएवी रजरप्पा के मैदान में झारखंड जोन डी के आठ विद्यालयों से लगभग 230 प्रतिभागी अपने टीम मैनेजर के साथ प्रतियोगिता में शामिल होंगे ।

# कीटनाशक खाने से युवक की मौत

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना अंतर्गत कोतो गांव में रवी चौधरी उम्र 30 वर्ष शनिवार रात में कीटनाशक दवा खा लिया। उसके बाद उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। ग्रामीणों की जानकारी मिलने के बाद उसे सीएचसी पतरातू लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। परंतु रविवार को इलाज के दौरान रिम्स में उसकी मृत्यु हो गयी। बताया जाता है कि मृतक व्यक्ति बिहार के औरंगाबाद निवासी था।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# शुगर और ब्लड प्रेशर मुफ्त शिविर में 48 मरीजों की हुई जांच

**मारवाड़ी युवा मंच कुजू में लगायेगा ब्लड डोनेशन कैंप : राहुल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा रविवार को चल रहे 9 दिवसीय कार्यक्रम के तहत सातवां दिन अभिषेक अग्रवाल को सम्मानित किया गया। जिसके बाद रानी सती मंदिर बिजूलिया तलाब में मुफ्त शुगर, ब्लड प्रेशर एवं वजन की जांच हुई। शिविर में करीब 48 लोगों की जांच की गयी।



मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजक राकेश अग्रवाल ने बताया मारवाड़ी युवा मंच समय समय पर इस तरह के शिविर आयोजन करते रहती है। मारवाड़ी युवा मंच के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने बताया कि आगामी 22 जुलाई को इसी 9 दिवसीय कार्यक्रम की कडी के तहत हम कुजू में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन कर रहे है। लोगों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस कैम्प से जुड़कर रक्तदान करें।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के युवा सदस्य अमित अग्रवाल, धीरज बंसल, प्रदीप अग्रवाल, संतोष गोकुलका, निखिल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, आयुष बजाज, अमन बौंदिया, रवि अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल आदि ने अहम भूमिका निभाई।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.2 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.14 बजे |



**बाबाधाम : मंत्री मिथिलेश ठाकुर और दीपिका पांडेय ने श्रावणी मेला 2024 का किया उद्घाटन**

# विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में सभी का स्वागत है : मिथिलेश ठाकुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** देवघर में लगने वाले श्रावणी मेले का आज रविवार को शुभारंभ हो गया। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर और कृषि मंत्री दीपिका पांडेय ने संयुक्त रूप से परंपरागत तरीके से श्रावणी मेला का उद्घाटन किया। इससे पहले 11 वैदिक पुरोहितों ने बाबा बैद्यनाथ की पूजा की। इसके बाददुम्मा कांवरिया पथ श्रावणी मेला का विधिवत शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत में देवघर डीसी विशाल सागर ने स्वागत भाषण के साथ मंत्री, अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत और आभार व्यक्त किया। डीसी विशाल सागर ने बताया कि प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजकीय श्रावणी मेला के दौरान वीआइपी वीवीआइपी और आउट ऑफ टर्म दर्शन पूर्ण रूप से बंदर हेगा।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पावन मेला का शुभारंभ हो गया। कांवरियों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा मुहैया कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन के साथ-साथ सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझें। कहा कि आइये कदम से कदम मिलाकर चलें और पुनीत कर्तव्य का पालन करें। देवघर



अपने भव्य स्वरूप के साथ बाबाधाम आने वाले सभी कांवरियों के अभिनंदन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल श्रद्धालुओं की संख्या दोगुनी होने संभावना है। ऐसे में सभी मिलकर मेले का आयोजन करें, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य कीओर प्रस्थान करें।

## कांवरिया अच्छे से जलार्पण कर सकें, यही उद्देश्य : दीपिका पांडेय

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि श्रावणी मेला राज्य ही नहीं देश में एक विशिष्ठ पहचान रखता है। कांवरियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। दीपिका पांडे ने मेले में तैनात अफसर और जवान को कांवरियों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक नारायण दास ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि राजकीय श्रावणी मेला में बाबाधाम आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले, ये हम सभी की कामना है।

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

मौके पर पर्यटन सचिव मनोज कुमार, बीससूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुग, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर सागरी बराल, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर आशीष अग्रवाल, जिला नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार विद्यार्थी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, संबंधित विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और कर्मी आदि उपस्थित रहे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता,मन प्रसन्न रहेगा।
- **वृष** कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी, विशिष्टजनों से संपर्क होगा।
- **मिथुन** कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।
- **कर्क** कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।
- **सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** राजनीतिक लाभ, अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।
- **तुला** धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे,गृह-भूमि-वाहन का सुख,आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।
- **वृश्चिक** जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी,चल-अचल संपत्ति से लाभ होगा।
- **धनु** सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी।
- **मकर** व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा।
- **कुंभ** प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।
- **मीन** परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# बिहार के उद्योग मंत्री से मिले रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने पटना में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा से मुलाकात की। उनसे बिहार-झारखंड के कई मुद्दों पर बातचीत हुई। प्रमुख रूप से नामकुम में भारत सरकार द्वारा बनाकर तैयार कराये गये इएसआइसी अस्पताल के भूमि हस्तांतरण पर चर्चा हुई। नामकुम में 100 करोड़ की लागत से बड़ा अस्पताल बनकर तैयार है। जमीन का हस्तांतरण नहीं हो पाने की वजह से यह अस्पताल चालू नहीं हो पा रहा है। इस अस्पताल के चालू होने से लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित कई बेहतर सुविधाएं



उपलब्ध हो सकेंगी। बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जमीन हस्तांतरण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई और निर्देश देने से संबंधित सकारात्मक बातचीत हुई। बिहार के उद्योग मंत्री ने कहा कि बहुत जल्द हस्तांतरण का यह कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जमीन का हस्तांतरण होने के साथ ही रांची के लोगों के लिए एक और अस्पताल तैयार हो जायेगा। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# भाजपा बताये कि आदिवासियों से लूटी जमीन कब और कैसे वापस होगी: बंधु

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखंड में विशेष रूप से राजधानी रांची सहित शहरी क्षेत्रों में आदिवासियों-मूलवासियों से उनकी जमीन लूटी जा रही है और इस मामले में दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी और इसके नेताओं का खामोश रहना दुर्भाग्य की बात है। श्री तिर्की ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे अमित शाह सहित केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा, भाजपा के प्रमुख नेता लक्ष्मीकांत वाजपेई और बीजेपी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जैसे नेता



भी इस गंभीर मुद्दे पर खामोश रहे और इससे न केवल आदिवासियों में निराशा है, बल्कि यह भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को बताने के लिए काफी है और भाजपा नेताओं को अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए आदिवासियों की लूटी जा चुकी जमीन को वापस लौटाने के मामले में साफ-साफ बोलना चाहिए कि वे आदिवासियों के साथ हैं या जमीन लुटेरों के साथ।

श्री तिर्की ने कहा कि 2008 में असम में आदिवासियों के साथ हुई गंभीर हिंसा में अनेक आदिवासी मारे गये और हिंसा के शिकार हुए थे। उन्होंने कहा कि झारखंड भाजपा के सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री ने अब तक असम में रह रहे जनजातीय समुदाय को आदिवासी अर्थात अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं दिया है और अब भी वहां के आदिवासी एमओबीसी यानी प्रवासी अन्य पिछड़ा वर्ग में ही माने जाते हैं, जबकि यदि श्री सरमा और श्री शाह आदिवासियों के हितैषी हैं, तो उन्हें तत्काल इस दिशा में कदम उठाना चाहिए और असम में लंबे समय से रहनेवाले वहां गये आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देना चाहिए।

## होटवार जेल से 10 बंदी हुए रिहा

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से रविवार को 10 बंदी रिहा हुए। झालसा के निर्देश पर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न न्यायालयों में लंबितवाद निष्पादन के लिए 10 बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। आठवादों का निष्पादन करते हुए 10 बंदियों को दोष स्वीकार के उपरांत जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा से मुक्त किया गया। इस अवसर पर कमलेश बेहरा, मनोज कुमारइंदरवार, विजय कुमार यादव, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी कविता खत्री समेत अन्य उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव बाद होगा ट्रांसफर

**रांची।** सचिवालय के बाबुओं का ट्रांसफर फिलहाल लटक गया है। कार्मिक विभाग के द्वारा तैयार तबादले की सूची को फिलहाल स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार राज्य के मुख्य सचिव स्तर पर इस संबंध में संचिका भेजी गयी थी, लेकिन विमर्श के बाद फाइल लौटी है। जल्द ही विधानसभा चुनाव होना है, ऐसे में सचिवालय के अधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किये जाने से कामकाज प्रभावित होगा। राज्य सरकार द्वारा बचे हुए कुछ माह में युद्धस्तर पर संचिकाओं का निपटारा का निर्देश दिया गया है। इसी वजह से सचिवालय के अधिकारियों के बड़े पैमाने पर होने वाले ट्रांसफर फिलहाल रूक गया है। हालांकि, कुछ अधिकारी आवश्यकतानुसार बदले जा सकते हैं।

# शिक्षक समाज को सुधार कर एक नयी दिशा प्रदान करते हैं: आलोक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पासवा नगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा के नेतृत्व में संत गेब्रियल एंड मोनिका स्कूल मोरहाबादी में आयोजित कार्यक्रम में पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने गुरुजनों को सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहम है। शिक्षक ही समाज को सुधार कर एक नयी दिशा प्रदान करते हैं। राष्ट्र के लिए योग्य नागरिक का निर्माण करते हैं और यही कारण है कि पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन प्रत्येक वर्ष

### गुरु पूर्णिमा पर शिक्षाविदों को पासवा ने किया सम्मानित

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित करने का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि वस्तुतः गुरु पूर्णिमा से शिक्षक के सम्मान समारोह की शुरुआत होती है और प्रत्येक वर्ष पासवा राजधानी रांची सहित संपूर्ण झारखंड के प्रत्येक जिले में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित करता है। पासवा की नगर अध्यक्ष और संत गेब्रियल एंड मोनिका स्कूल की प्राचार्या ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया और दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सुषमा केरकेट्टा ने गुरुओं के सम्मान में संगीत भी प्रस्तुत किया। आज के शिक्षक सम्मान समारोह में

एमएमके हाइस्कूल के डायरेक्टर डॉ तनवीर अहमद, आर्य भट्ट पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मनोज कुमार भट्ट, संत गेब्रियल एंड मोनिका स्कूल की डायरेक्टर डॉ सुषमा केरकेट्टा, डायरेक्टर प्रिया योगी, प्रीति सोनी, डेजी एम केरकेट्टा, आयशा बसार, साइमन सारिक, राफिया अहमद, संजय कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, संजय तिर्की, अनिकेत कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार पर सरकार गंभीर नहीं: आबिद अली अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अंजुमन इस्लामिया सभागार में झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस की राज्य कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मोमिनों के आर्थिक, सामाजिक-शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी ने कहा कि मोमिन कांफ्रेंस मोमिनों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक-राजनीतिक उत्थान के लिए संघर्षरत है। झरखंड सरकर की उपेक्षा के करण अल्पसंख्यक उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। अल्पसंख्यकों से संबंधित संवैधानिक अधिकार पर सरकार गंभीर नहीं है। कहा कि विकास और राज्य सत्ता में मोमिनों की उचित भागीदारी मिले। मोमिनों को हक और अधिकार के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। आगे उन्होंने कहा कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन द्वारा मोमिनों को उचित



भागीदारी नहीं मिली, तो मोमिन कांफ्रेंस कड़े निर्णय लेने पर मजबूर होगा। इस अवसर पर मोमिन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी ने कहा कि झारखंड में मोमिनों को राज्य सत्ता में उचित भागीदारी दी जाये और अल्पसंख्यकों के शिक्षा से जुड़े बोर्ड, आयोग, निगम और समितियों का अविलंब गठन किया जाये। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी ने अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों की मूलभूत समस्याओं के सामाधन करते हुए उन्हें अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान के मान्यता प्रदान करने की मांग की। राष्ट्रीय महासचिव सगीर अंसारी ने पिछड़ा वर्ग आरक्षण बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने की मांग की। प्रदेश महासचिव हाजी इदरीस अंसारी, प्रधान महासचिव अब्दुल करीम अंसारी, मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी, मोहम्मद जहांगीर अंसारी, गुलरेज अंसारी, सुभान अंसारी, इस्लाम अंसारी, मो कासिम अंसारी ने मोमिनों को एकजुट होकर आह्वान किया। बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी ने किया। बैठक में सिकंदर अंसारी, शमीम अख्तर आजाद, जफर इमाम, सिराजुद्दीन अंसारी, फैयाज कैसर, मुफ्ती सइद, गुलजार अंसारी, याकूब अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

**मुद्दा : साहिबगंज में महिला मुखियाओं की अंतर धार्मिक शादी पर सवाल**

# कम से कम नौ आदिवासी मुखिया के पति हैं मुस्लिम

### सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने पूरे रैकेट का किया खुलासा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संताल परगना के विभिन्न जिलों में आदिवासियों की घटती आबादी का मुद्दा अभी बेहद गरम है। इस मुद्दे को राजनीतिक रंग भी दिया जा रहा है और भाजपा की तरफ से इसे लेकर राज्य सरकार पर लगातार हमले किये जा रहे हैं। इस बीच सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने भी इस मुद्दे पर बड़ा खुलासा किया है। उनके अनुसार साहिबगंज जिले में गरीब और



सीधी-सादी आदिवासी महिलाओं को फंसा कर उनकी जमीन पर कब्जा करने के लिए उनसे शादी करने के कई मामले सामने आये हैं। सिविल सोसाइटी के एक सदस्य ने तो यहां तक कहा है कि इस पूरे रैकेट में स्थानीय राजनीतिज्ञ और दबंग लोग शामिल हैं। वे घुसपैठियों को संरक्षण देते हैं और आदिवासी महिलाओं से उनकी शादी कराते हैं।

सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने नौ ऐसी आदिवासी महिला मुखिया की सूची जारी की है, जिनके पति मुस्लिम हैं। इनमें बरहेट प्रखंड की बरहेट संथाली (उत्तरी) की मुखिया सोनिला हांसदा (पति मोहम्मद आजाद), कदमा की एंजेलन हांसदा (पति जैनुल शेख), गोपालडीह की सुनीता टुडू (पति समनू शेख), उधवा प्रखंड की दक्षिण बेगमगंज की ललिता टुडू (पति उस्मान शेख), राजमहल प्रखंड की लखीपुर की सुहागिनी सोरेन (पति मो सनाउल शेख) और बरहरवा की सातगाछी की मारथा मालतो (पति मो रहमत विश्वास), मधुवापाड़ा की मरांग बिटी हांसदा (पति समीरुल इस्लाम) और मयूरकोला की सोना किस्कू (पति वकील अंसारी) शामिल हैं। इनके अलावा साहिबगंज जिले में कई आदिवासी महिलाएं मुखिया हैं, लेकिन इनके शौहर मुसलमान हैं। बरहेट प्रखंड की फूलभंग पंचायत समिति की सदस्य सुनीता हांसदा के शौहर मुसलिम हैं और जिला परिषद सदस्य मोनिका किस्कू के शौहर दिवंगत मोहम्मद एजाज शेख थे। सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने इस पूरे मामले को आदिवासी अस्मिता के लिए खतरा बताते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

# नक्सलियों ने झारखंड और बिहार बंद का किया एलान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक की पत्नी जया की गिरफ्तारी के विरोध में नक्सलियों ने झारखंड-बिहार बंद का एलान किया है। भाकपा माओवादियों की बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के प्रवक्ता आजाद ने 25 जुलाई को बिहार-झारखंड बंद का एलान किया है। एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक की पत्नी जया मांझी की तलाश में राज्य पुलिस लंबे समय से थी। वह गुपचुप तरीके से अपना इलाज कराने निजी अस्पताल

### एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक की पत्नी जया की गिरफ्तारी का विरोध



अशर्फी पहुंची थी। अशर्फी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था, क्योंकि वह कैंसर पीड़ित है। उसका इलाज नाम बदल कर कराया जा रहा था।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार संख्या-5280 दिनांक- 04.07.2024, मैं प्रमेन्द्र कुमार सिन्हा पिता हरिवंश नारायण सिन्हा उम्र करीब 54 वर्ष, ग्राम- रक्शा, पोस्ट + थाना- नगर उंटारी, जिला- गढ़वा, राज्य झारखण्ड राष्ट्रीयता- भारतीय का हूँ तथा शपथ पूर्वक निम्नांकित बयान करता हूँ। 1. यह कि मैं ग्राम रक्शा पोस्ट थाना नगर उंटारी, जिला- गढ़वा, राज्य- झारखण्ड का स्थयी निवासी हूँ। 1. यह कि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड मे मेरा नाम PRAMENDRA KUMAR SINHA दर्ज है, जबकि ड्राविंग लाईसेंस में मेरा नाम P K SINHA दर्ज है। 2. यह कि PRAMENDRA KUMAR SINHA एवं P K SINHA दोनो नाम का मैं एक ही व्यक्ति हूँ जो दोनो नामो से जाना व पहचाना जाता हूँ। 3. यह कि मैं अपने दोनो नाम का सत्यान हेतु शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूँ।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली

भारतीय रेलवे एशिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। सार्वजनिक परिवहन होने के नाते इसके सस्ता और सुरक्षित होने की अपेक्षा की जाती है, परंतु लगातार किराये बढ़ाने के बावजूद सुविधाओं और सुरक्षा के मामले में अक्सर रेलवे में लापरवाही के मामले सामने आते रहते हैं। गत मास 17 जून को बिहार में कंचनजंगा एक्सप्रेस रेल दुर्घटना, जिसमें 14 यात्री मारे गये थे, के बाद से पिछले मात्र 2 सप्ताह में कई रेल दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। 2 जुलाई को अंबाला-दिल्ली ट्रैक पर तरावड़ी रेलवे स्टेशन के निकट चलती मालगाड़ी से 9 कंटेनर गिरने के परिणामस्वरूप 4 पहिए ट्रैक से उतर गये। 4 जुलाई को जालंधर से जम्मू-तवी जा रही मालगाड़ी कठुआ से 2 किलोमीटर पहले खराब हो गयी। बताया जाता है कि माधोपुर रेलवे स्टेशन को क्रॉस करने के दौरान चढ़ाई के कारण इंजन आगे नहीं चढ़ पाया। 6 जुलाई को नासिक और मुंबई के बीच चलने वाली पंचवटी एक्सप्रेस के डिब्बे ठाणे के कसारा में इंजन से अलग हो गये। 12 जुलाई को बिहार के पटना जिले में दानापुर मंडल के दनियावां स्टेशन के निकट एक मालगाड़ी के 6 डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण फतुहा-इस्लामपुर डिवीजन पर रेल यातायात अवरुद्ध हो गया। 15 जुलाई को महाराष्ट्र के ठाणे जिले में लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस के एक डिब्बे के ब्रेक जाम हो जाने के कारण पहियों के निकट आग लग गयी, जिसे अग्निशमन यंत्रों की सहायता से बुझाया गया और अब 18 जुलाई को उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में मोतीगंज थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के निकट जोरदार झटका लगने से चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के 14 डिब्बे पटरी से उतर जाने से 3 व्यक्तियों की मौत तथा 32 घायल हो गये। रेलवे में आधुनिक तकनीक लाकर दुर्घटनाएं कम करने वाली योजनाओं पर गत 5 वर्षों में 1 लाख करोड़ के लगभग राशि खर्च किए जाने के बावजूद रेल दुर्घटनाएं हो रही हैं। अब पिछले कुछ समय से रेलगाड़ियों को दुर्घटना रहित करने के लिए स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली (कवच) लागू करने की दिशा में कदम उठाये गये हैं, परंतु इस तकनीक को लागू करने की रफ्तार इतनी धीमी है कि आने वाले एक दशक में भी रेलवे का पूरा नेटवर्क इस तकनीक से लैस होता दिखायी नहीं दे रहा। अब रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना की जांच संबंधी अपनी रिपोर्ट में कवच प्रणाली को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लागू करने की सिफारिश की है, जिस पर तुरंत अमल करने की जरूरत है। भारतीय रेलों की कार्यप्रणाली और रख-रखाव में तुरंत बहुआयामी सुधार लाने और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने की जरूरत है।

**अब पिछले कुछ समय से रेलगाड़ियों को दुर्घटना रहित करने के लिए स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली (कवच) लागू करने की दिशा में कदम उठाये गये हैं, परंतु इस तकनीक को लागू करने की रफ्तार इतनी धीमी है कि आने वाले एक दशक में भी रेलवे का पूरा नेटवर्क इस तकनीक से लैस होता दिखायी नहीं दे रहा।**

अभिमत आजाद सिपाही

**मौजूदा राष्ट्रपति बाइडेन को अपनी उम्र और बहस के प्रदर्शन को लेकर जांच का सामना करना पड़ा है, जबकि ट्रंप कानूनी परेशानियों के बावजूद समर्थन का एक मजबूत आधार बनाये हुए हैं। ट्रंप को निशाना बना कर की गयी गोलीबारी की घटना जैसी हालिया घटनाओं ने राजनीतिक परिदृश्य को और अधिक ध्रुवीकृत कर दिया है, जिससे अमेरिका के नेताओं की उम्र और फिटनैस पर बहस तेज हो गयी है। जो बाइडेन को डैमोक्रेटिक प्राइमरी में कोई खास विरोध का सामना नहीं करना पड़ा, हालांकि जून में खराब बहस के प्रदर्शन ने उनकी फिटनेस को लेकर चिंताएं पैदा कीं।**

# अमेरिकी राजनीति में उम्र पर छिड़ी बहस

**हरि जयसिंह**



**2022 के एक सर्वेक्षण से पता चला है कि आधे से अधिक अमेरिकियों का मानना है कि निर्वाचित अधिकारियों के लिए एक आयु सीमा होनी चाहिए, जिसमें 39 प्रतिशत ने सुझाव दिया कि यह सीमा 70 वर्ष होनी चाहिए। हालांकि उम्र बढ़ने से याददाश्त जैसे संज्ञानात्मक कार्य प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन यह निर्धारित करने के लिए कोई सार्वभौमिक सीमा नहीं है कि कोई व्यक्ति नेतृत्व के लिए कितना बूढ़ा है।**

जब नवंबर में अमेरिकी मतदान के लिए जायेंगे तो उन्हें जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच एक परिचित विकल्प का सामना करना पड़ेगा, जो 2020 के चुनाव के वही दावेदार थे। यह निर्णय मुश्किलों से भरा है, क्योंकि मतदाता 2 खराब विकल्पों में से बेहतर को चुनने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

मौजूदा राष्ट्रपति बाइडेन को अपनी उम्र और बहस के प्रदर्शन को लेकर जांच का सामना करना पड़ा है, जबकि ट्रंप कानूनी परेशानियों के बावजूद समर्थन का एक मजबूत आधार बनाये हुए हैं। ट्रंप को निशाना बना कर की गयी गोलीबारी की घटना जैसी हालिया घटनाओं ने राजनीतिक परिदृश्य को और अधिक ध्रुवीकृत कर दिया है, जिससे अमेरिका के नेताओं की उम्र और फिटनैस पर बहस तेज हो गयी है। जो बाइडेन को डैमोक्रेटिक प्राइमरी में कोई खास विरोध का सामना नहीं करना पड़ा, हालांकि जून में खराब बहस के प्रदर्शन ने उनकी फिटनेस को लेकर चिंताएं पैदा कीं।

ट्रंप ने 2020 के चुनाव को पलटने के अपने कथित प्रयासों से संबंधित कानूनी मुद्दों का सामना करने के बावजूद आसानी से रिपब्लिकन नामांकन हासिल कर लिया। उनका अभियान सीमा सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखता है, साथ ही उनके सामने आने वाली कानूनी चुनौतियों से संबंधित शिकायतों को भी संबोधित करता है। 13 जुलाई को पेनसिल्वेनिया में एक रैली में हुई गोलीबारी की घटना, जिसमें 20 वर्षीय युवक ने ट्रंप पर गोली चलायी, जिससे वे मामूली रूप से घायल हो गये और एक राहगीर की मौत हो गयी। यह घटना अमेरिकी लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौतियों को उजागर करती है। इस घटना ने ट्रंप के समर्थकों को उत्साहित कर दिया है, जो मानते हैं कि इससे नवंबर में उनके जीतने की संभावना बढ़ सकती है।

**राष्ट्रपति बाइडेन अपनी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के बावजूद फिर से चुनाव चाहते हैं।**

राष्ट्रपति बाइडेन अपनी उम्र और स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के बावजूद फिर से चुनाव चाहते हैं। उनके लंबे राजनीतिक करियर में 3 दशक से अधिक समय तक सीनेट में रहना और बराक ओबामा के अधीन उप-राष्ट्रपति के रूप में काम करना शामिल है। उनके राष्ट्रपति पद की अवधि में अमेरिका को उच्च मुद्रास्फीति और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। बाइडेन को सीएनएन प्रेजीडेंशियल डिबेट के दौरान अपने कथित कमजोर और अनिश्चित प्रदर्शन के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिससे कई मतदाता यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या वे राष्ट्रपति बनने के लिए बहुत बूढ़े हैं। नेताओं की उम्र को लेकर बहस तेज हो गयी है, खास तौर पर राष्ट्रपति जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच। अगर वे चुने जाते हैं, तो उद्घाटन दिवस पर बाइडेन 82 वर्ष के होंगे, जबकि ट्रंप 78 वर्ष के होंगे।

अप्रैल 2024 की प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट ने संकेत दिया कि केवल 15 प्रतिशत मतदाता राष्ट्रपति पद के लिए बाइडेन की शारीरिक फिटनेस के बारे में बहुत आश्वस्त थे, जबकि 21 प्रतिशत मतदाता उनकी मानसिक फिटनेस के बारे में भी ऐसा ही महसूस करते हैं। शारीरिक फिटनेस के लिए ट्रंप का आत्मविश्वास स्तर 36 प्रतिशत और मानसिक क्षमता के लिए 38 प्रतिशत अधिक था। संयुक्त राज्य अमेरिका में औसत आयु लगभग 39 वर्ष है, फिर भी इसके कई शीर्ष नेता काफी अधिक उम्र के हैं। 81 वर्षीय राष्ट्रपति जो बाइडेन और 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राजनीति में सबसे बुजुर्ग व्यक्तियों में से हैं। औसत अमेरिकी सीनेटर 64 वर्ष का है।

2022 के एक सर्वेक्षण से पता चला है कि आधे से अधिक अमेरिकियों का मानना है कि निर्वाचित अधिकारियों के लिए एक आयु सीमा होनी चाहिए, जिसमें 39 प्रतिशत ने सुझाव दिया कि यह सीमा 70 वर्ष होनी चाहिए। हालांकि उम्र बढ़ने से याददाश्त जैसे संज्ञानात्मक कार्य प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन यह निर्धारित करने के लिए कोई सार्वभौमिक सीमा नहीं है कि कोई व्यक्ति नेतृत्व के लिए कितना बूढ़ा है। आयुवाद, जो अक्सर वृद्ध लोगों की क्षमताओं को कमजोर करता है, एक व्यापक रूप से बहस का मुद्दा बना हुआ है। हालांकि, नेल्सन मंडेला और वॉरेन बफेट जैसे व्यक्ति यह प्रदर्शित करते हैं कि केवल उम्र ही किसी व्यक्ति की प्रभावशीलता को निर्धारित नहीं करती है और लोग अपने बुढ़ापे में भी सार्थक योगदान दे सकते हैं। अमेरिकी संविधान के अनुसार राष्ट्रपति की आयु कम से कम 35 वर्ष होनी चाहिए, लेकिन कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है। सर्वेक्षण किये गये लगभग 80 प्रतिशत अमेरिकी वयस्क संघीय निर्वाचित अधिकारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा का समर्थन करते हैं।

भारत के अलावा, ब्राजील (लूला, 77), बंगलादेश (शेख हसीना, 76) और इंडोनेशिया (प्रबोवो सुबियांटो, 72) जैसे देशों का नेतृत्व भी 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोग कर रहे हैं। इस प्रवृत्ति ने एक बहस को जन्म दिया है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि वृद्ध नेता अनुभव और स्थिरता लाते हैं, जबकि अन्य चिंता करते हैं, वे युवा पीढ़ी की जरूरतों से दूर हो सकते हैं।

जैसा कि हम नेतृत्व में उम्र की बहस को आगे बढ़ाते हैं, नेताओं की उम्र के बजाय उनके प्रदर्शन और प्रभावशीलता पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। जबकि उम्र बढ़ने से संज्ञानात्मक कार्य प्रभावित हो सकते हैं, प्रभावी नेतृत्व क्षमता और अनुकूलनशीलता पर निर्भर करता है। प्रभावी नेताओं को यह भी पहचानना चाहिए कि कब पद छोड़ने और अगली पीढ़ी के लिए रास्ता बनाने का समय है।

## जमशेदपुर की खबरें

# सरयू राय के यहां रामार्चा पूजा संपन्न,महा प्रसाद का वितरण आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के बाडीडीह स्थित विधायक कार्यालय में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विधायक सरयू राय के प्रमुख यजमानी में 24वां भव्य रामार्चा पूजा विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया। रविवार को विधायक सरजू राय ने रामार्चा पूजा में प्रभु श्री राम को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से साथ देने वाले उनके परिजनों की पूजन कर समस्त मानव की मंगलकामना के लिए प्राथना की। सुबह समय पर पूजन कार्य बेगूसराय से पधारे गौरीकांत ठाकुर के मार्गदर्शन में सर्वश्री विनोद पांडेय, धनजी पांडेय,घनश्याम मिश्रा के द्वारा विधायक कार्यालय में पूजा प्रारंभ किया गया। पूजा में प्रमुख यजमान विधायक सरयू राय,आशुतोष राय, पारूल सिंह,धर्मेंद्र तिवारी, सुबोध श्रीवास्तव, श्रीमती मंजू सिंह सहित अन्य बैठे थे। सबसे पहले वेदी एवं स्थल पवित्रिकरण किया गया। फिर शांतिपाठ के बाद संकल्पपूर्वक गौरी-गणेश, वरुण देवता का पूजन किया गया। पूजा के दौरान रक्षा विधान व ब्राह्मण वरण किया गया। वही वेदी पर चार आवरण में भगवान श्रीराम सहित उनके पूरे परिवार में वीर बजरंग बली, नवग्रह, दस दिगपाल,भगवान शिव, सप्तऋषि,अष्ट वसु, वास्तु, शक्तियों की पूजा के साथ पवित्र नदियों की पूजा की गई। पूजा चार आवरण में किया गया। पहली आवरण में माता गौरी और भगवान शिव की पूजा की गई। इनके अतिरिक्त तेरह देवताओं का आवाहन, स्थापन और पूजन किया गया। दूसरे आवरण में श्री अयोध्या जी से लेकर अष्ठमंत्रियों तक कुल 21 देवताओं के आवाहन, स्थापन और पूजन किया गया। तृतीय आवरण में महाराज श्री दशरथ जी से लेकर भाईयों लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी तथा लक्ष्मण जी की पत्नी, भरत जी की पत्नी और शत्रुघ्न जी की पत्नी का आवाहन, स्थापन और पूजन किया गया। चतुर्थ आवरण में सीता माता संग भगवान श्रीराम का आवाहन, स्थापन और पूजन किया गया। उसके बाद रामार्चा पूजा का महत्व क्या है, इसका इतिहास क्या रहा और इसे करने से कैसे इंसान पुण्य का भागी बन कर बैकुंठ प्राप्त करते है। इसकी पूरी जानकारी दी गई। वही संध्या काल में हवन ,पूणार्हुति, आरती, पुष्पांजलि,विसर्जन के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। सोमवार को सुबह 8 बजे से रुद्राभिषेक प्रारंभ होगा। उसके बाद दोपहर एक बजे से महाप्रसाद वितरण किया जायेगा। महाप्रसाद का वितरण कार्यालय के ठीक सामने रामार्चा मैदान में होगा।

**महाप्रसाद वितरण आज**

महाप्रसाद वितरण के लिए रामार्चा मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया। विधायक सरजू राय ने कहा बीते 24 वर्षों से रामार्चा पूजा का आयोजन की जारही है। पूजा के दूरसे दिन महा प्रसाद के लिए दूर दरार से हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते है। इस साल भी महाप्रसाद में बक्सर के मशहूर कारीगरों द्वारा बनाए गए हाथी कान पूड़ी खाने का अवसर जमिलेगा। विधायक ने शहर वासियों से महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने की अपील की।

# निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन की आंचलिक समिति की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाटशिला।** निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन घाटशिला शाखा के अध्यक्ष कंचन कर की अध्यक्षता में रविवार को एक होटल में आंचलिक समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में भाषा साहित्य संस्कृति पर मुख्य रूप से चर्चा किया गया। साथ ही साथ बंगला भाषा के प्रचार प्रसार पर चर्चा किया गया। सदस्यों ने स्कूल में बंगला भाषा की पढ़ाई के साथ साथ शिक्षक की नियुक्ति के बारे में सरकार को दवाब बनाने का निर्णय लिया गया। सहित अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए मुख्य रूप से झारखंड, बिहार, उड़ीसा के आंचलिक समिति के सचिव आशीष गुप्ता मुख्य रूप से शामिल थे। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों को मिलाकर दो दिवसीय राज्य सम्मेलन हजारीबाग या घाटशिला में सर्वसम्मति से करने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2024 के अंत में राज्य सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया. इसमें कोडरमा शाखा से विपुल गुप्ता, नोवामुडी शाखा से आलोक सरकार, चाईबासा शाखा से मनोज सतपति, राउरकेला शाखा से दिलीप कुमार भूई, जमशेदपुर शाखा से निसार अमीन, घाटशिला शाखा से मिठू विश्वास तापस चटर्जी, शिल्पी सरकर, नीलू दत्ता के अलावे हजारीबाग चक्रधरपुर साहिबगंज गिरिडीह बोकारो धनबाद के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मंच का संचालन शिल्पी सरकार ने किया जबकि धनबाद ज्ञापन आशीष गुप्ता ने किया।



## बागुला साईं मंदिर में पूजा अर्चना के साथ भव्य भंडारे का आयोजन

**घाटशिला (आजाद सिपाही)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर घाटशिला के विभिन्न मंदिरों में रविवार को गुरु की पूजा अर्चना किया गया. बागुला स्थित श्री साई मंदिर में साई भक्तों द्वारा विशेष पालकी यात्रा निकालकर श्री साई का भ्रमण कराया गया ,इसके बाद पूजा अर्चना तथा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, गालूडीह रंकिनी मंदिर के पुजारी बाबा विनय दास के भक्तों ने उनकी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया, मऊभंडार स्थित शिव मंदिर में सत्यनारायण भगवान की पूजा अर्चना की गई. बागुला साईं मंदिर के भव्य भंडारे में जजमान आशीष अग्रवाल ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर गुरु की पूजा का अलग ही महत्व है. गुरु ही शिष्य का मार्गदर्शन करते हैं और जीवन को ऊर्जामय बनाते हैं. भंडारे में मुख्य रूप से लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, विनोद, अग्रवाल, धनंजय सिन्हा, राजेश सिंह, गणेश बारिक, राजेंद्र यादव सहित गांव के काफी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।**

## मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के द्वारा केक कटिंग कर खुशियां मनाई गई। मौके पर कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।**

# लोकेशन और फोटो सहित अवैध खनन की शिकायत, प्रशासनिक कार्रवाई शून्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशीला।** पूर्वी सिंहभूम जिला में पोटका प्रखंड के जादूगोडा थाना अंतर्गत धोबनी गांव के नजदीक एक रैयत के जमीन की खुदाई करके सफेद पत्थर निकालने का धंधा अवैध रूप से धड़ल्ले से जारी है । धोबनी आदिवासी बहुल गांव है और धालभुमगढ़ का एक कारोबारी नियमों को ताक पर रखकर यह अवैध खनन कर रहा है। पत्थर खनन का ये काम लगभग 6 महीने से हो रहा है ' आर टी आई कार्यकर्त्ता सुनील मुर्मू ने इसकी शिकायत उपायुक्त अनन्या मित्तल से की है लेकिन समाचार लिखें जाने तक अवैध खनन के खिलाफ किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं हो पाई है ' श्री मुर्मू का आरोप है कि जंगल -पहाड़ के बीच जिस जमीन पर खनन कार्य जारी है, यदि वह भूमि रैयती है तो भी माइनिंग डिपार्टमेंट से लीज की आवश्यकता होती है लेकिन लीज की प्रक्रिया पूरी किये खनन की जा रही है ' सुनील मुर्मू ने आरोप लगाया है कि अवैध खनन का काम धालभुमगढ़ निवासी वरुण पॉल नाम का व्यक्ति करवा रहा है। उपायुक्त और अंचलधिकारी को ऑनलाइन तौर पर खनन स्थल तस्वीर और लोकेशन सहित आरटीआई कार्यकर्त्ता ने शिकायत की है। का अवैध खनन जोर शोर से चल रहा है। संबंधित विभाग को इसकी जानकारी के बावजूद इस पर किसी तरह का रोक टोक नही है। सरकार को लाखो रुपये के राजस्व की हानी हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धलभूमगड़ के पत्थर व्यवसाई के द्वारा यह खनन किया जा रहा है। जिसकी शिकायत एसडीओ धालभूम से भी किया गया है।

# विरहर, पहाड़िया, कालिंदी मछुवा समुदायों के ग्रामीणों ने की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के चौका दुलमी के कोड़ाबुरु गांव में सुख- शांति समृद्धि स्वच्छ शिक्षा स्वस्थ अभियान के तहत विरहर, पहाड़िया,कालिंदी,मछुवा समुदायों के बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को बैठक में कोड़ाबुरु, सोनालटांड़, झीककोचा, लापायबेड़ा, कांकीबेड़ा, कदमबेड़ा, गुंगुकोचा, डुंगरीडीह, केंदुआडीह, जारवादा, माचाबेड़ा, बाड़ेदा, पासानडीह, डाहीकोचा, पालगम सहित तुग्राम गांव से सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी, झारखंड आंदोलनकारी सह स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम उलस्थित रहे। मौके पर सुखराम ने बारी बारी से ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य का गठन हुए 24 साल बीत गये, लेकिन अभी तक ऐसे भी लोग हैं जिनका आधार कार्ड नहीं है। बहुत सारे ऐसे बुजुर्ग महिला और पुरुष हैं। जिनको अभी तक पेंशन भी नहीं मिल पाया। पानी की समस्या हो या सड़क की समस्या ग्रामीण सरकारी योजनाओं के लाभ से आज भी वंचित है। सुखराम हेंब्रम ने कहा हर एक समस्या का समाधान किया जाएगा। पेंशनधारी,राशन कार्ड धारी,पीएम आवास सहित हर तरह का लाभ दिलाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच 500 पौधे और 500 छाता का वितरण किया गया। बैठक की अध्यक्षता डोमन बास्के ने की। इस अवसर पर अमर विरहर, चारलू विरहर, गुरुवा पाहाड़िया, चानु पाहाड़िया, लम्बोदर पाहाड़िया, पस्ता कालिंदी, अजित मछुवा, पुईतू उरांव, दिनेश उरांव, डॉ. भानु मांझी, महावीर मांझी, हाड़ीराम सोरेन, भास्कर टुडू, राजेन टुडू सहित क्षेत्र के सैकड़ों बुद्धिजीवी और युवा उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 22 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# ट्रक ओनर संघ की समस्याओं का समाधान करेंगे: धीरज साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बक्सीडीपा में झारखण्ड पठारी चंदवा ट्रक ऑनर एसोसिएशन कार्यालय का उद्घाटन पूर्व राज्यसभा संसद सह ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहु द्वारा फीता काट कर किया गया। कार्यालय के उद्घाटन से पूर्व ट्रक ऑनर एसोसिएशन के कार्यकताओं द्वारा बुक्के देकर स्वागत किया गया। उसके पश्चात ट्रक ऑनर एसोसिएशन के नये कमिटी के पदाधिकारियों से परिचय कराया गया। वही धीरज प्रसाद साहु ने कहा कि कार्यालय खोलने का मुख्य उद्देश्य है की ट्रक ऑनर एसोसिएशन संघ को सुचारू ढंग से संचालित करना है। संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का सहयोग करना मुख्य उद्देश्य है। कहा कि ट्रक ऑनर एसोसिएशन के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों का सुख दुःख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा। कंपनी बात से नहीं मानता है तो एकजुटता के साथ कंपनी का गलत कार्य को सभी लोग मिल कर विरोध करेंगे। हर तरह से ट्रक ऑनर संघ के समस्याओं का समाधान करना है। मौके पर संदीप गुप्ता जिप सदस्य किस्को के अलावे सच्चिदानंद चौधरी, विजय जायसवाल, धर्मेन्द्र कुमार, पंकज सिंह, मुंद्रिका यादव, शमसुल अंसारी, सुनील भगत, शशिभूषण सिंह सहित ट्रक ऑनर के सैकड़ो ऑनर उपस्थित थे।

# झारखंडियों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है राज्य सरकार : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है राजनीतिक पार्टी अपने चुनाव की तैयारी के लिए जुट गयी है। वही आजसू पार्टी भी विधानसभा की तैयारी को लेकर सुप्रीमो सुदेश महतो पलामू के हुसैनाबाद और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर जाने के क्रम में लातेहार में आजसू पार्टी को मजबूत करने के लिए मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें कई लोगों को सुदेश महतो ने आजसू पार्टी की सदस्यता दिलायी।

वहीं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी के कार्यक्रम से हुसैनाबाद और छतरपुर विधानसभा का कार्यक्रम है इसी क्रम में लातेहार में मिलन समारोह का आयोजन किया गया।



जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता एवं कई पार्टी के सदस्यों ने मिलकर लातेहार में आजसू पार्टी में शामिल हुए लोगों से पार्टी को मजबूती मिलेगी और आने वाले दिनों में पार्टी की गतिविधि में और तेजी आयेगी। वही रांची में आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मी व पारा शिक्षकों पर लाठी चार्ज मामले पर सुदेश महतो ने हेमंत सरकार को घेरते हुए कहा कि यह सरकार का क्रिएट किया हुआ हैं और सरकार के यह वादे थे।

सरकार के विदाई का समय आ गया है जब अपने कमिटमेंट पर पूरा नहीं होते देखते हुए सभी लोग खड़ा हो गये हैं, अभी तो पारा टीचर व सहायक पुलिसकर्मी, जलसहिया, सहिया सभी लोग सड़क पर आयेंगे। सभी लोगो से वादा किया गया था कि सामान्य कार्य का सामान्य वेतन देंगे। लेकिन आज हेमंत सरकार से सड़क पर खड़ा होकर सभी न्याय मांग रहे हैं कि कहां गया आपका वादा और अपना वादा पूरा कीजिए यही डिमांड कर रहे हैं। वहीं सुदेश महतो से सवाल पूछने पर कहा कि हेमंत सोरेन का कहना हैं कि बीजेपी के साथ उनके सहयोगी दल को भी इस बार विधानसभा में सफाई कर देंगे तो सुदेश महतो ने कहा कि हर दलों को सपना देखने का अधिकार है। लेकिन जनता निर्णय लेती है 400 पोथी का वादा करने वाली सरकार चार कदम भी ठीक से नहीं चल पा रही है।

# सुदेश महतो का कुड़ू में हुआ स्वागत



**कुड़ू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** छतरपुर हाइ स्कूल मैदान मे आयोजित पार्टी के कार्यक्रम एवं हुसैनाबाद टाउन हॉल में आयोजित ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुखों को शपथ कार्यक्रम में शामिल होने सड़क मार्ग से डाल्टेनगंज जा रहे पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो का कुडू बस स्टैंड में जोरदार स्वागत हुआ। उनके साथ केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत भी मौजूद थे। पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी सह विधानसभा प्राभारी नीरू शांति भगत की अगुवाई में सुबह से प्रतीक्षा कर रहे पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता जमे हुए थे। करीब 9 बजे सुदेश महतो कुडू पहुंचे तो कार्यकताओं ने फूलों की माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान पार्टी प्रमुख ने भी बारी बारी से सभी का अभिवादन किया। मौके पर जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, परखण्ड अध्यक्ष कलीम खान, सलीम पांडु, संतोष साहू, कनवर लाल खान, साजिद कलाल, विजय उरांव, नवाज खान सहित सैकड़ो की संख्या में आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महर्षि वेदव्यास की जयंती मनायी गयी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बालेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओपा में महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाया गया। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महर्षि वेदव्यास जयंती के पावन बेला पर गुरु पूर्णिमा का त्योहार विद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन बेला पर विद्यालय में भैया बहनों के द्वारा प्रभात फेरी गुरु गोष्ठी एवं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष धनंजय प्रसाद अग्रवाल, सचिव रमेश प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष शुभम मित्तल एवं समिति के अन्य सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में दर्जनों अभिभावक व मातृ शक्ति एवं अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम प्रारंभ विद्यालय वंदना के साथ हुआ। महर्षि वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य परमेश्वर वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम का परिचय दिया। प्रधानाचार्य ने वेदव्यास की जीवनी एवं कृति पर विस्तार से प्रकाश डाला। हमारी आध्यात्मिक संस्कृति को विश्व की भौतिकवादी संस्कृति से श्रेष्ठ बताया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य आनंद साहू ने मंच संचालन किया और भैया बहनों केबीच अपनी हिंदू संस्कृति के द्वारा शिक्षण पद्धति की चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रमोद प्रसाद अग्रवाल, उपेंद्रनाथ साहदेव, अमित साहू, सोनी देवी, रिया कुमारी, प्रिया मिंज, मोनिका साहू एवं ताइक्वांडो कोच अरविंद यादव उपस्थित रहे।

# बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक, गिरफ्तारी की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** दुष्कर्म का मामला सेन्हा थाना क्षेत्र से प्रकाश में आते ही पीड़ित परिवार प्रशासन का शरण ले न्याय का गुहार लगया परंतु कुछ बातें सामने आने पर ग्रामीणों ने पंचायत भवन के समीप बैठक कर ठोस निर्णय लेने को बाध्य हुए। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र में एक मुखबधिर बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर पीड़ित परिवार के सहयोग में तथा आरोपी के गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर कठोर निर्णय लेना को बाध्य हुए। बताया जाता है कि मुखबधिर बच्ची के साथ जघन्य अपराध को अंजाम देने का प्रयास विशेष समुदाय के मुस्तफा अंसारी द्वारा किया गया था। यह मामला बीते शुक्रवार का है. मुखबधिर बच्ची के साथ जब गांव के मुस्तफा अंसारी आपत्तिजनक पार्ट को छूना तथा दबाने लगा तो बच्ची अपनी भाषा मे चीखने चिलाने लगी तो मौका का फायदा उठा आरोपी फरार हो गया। इस घटना की जानकारी जब माता पिता को हुआ तो प्रशासन को अवगत कराते हुए न्याय का गुहार लगया। वही जघन्य अपराध वाली घटना प्रशासन तक पहुंचने पर आरोपी इधर उधर छुपता फिर रहा है और धमकी देते हुए कहता है कि जेल जाने से पूर्व किसी का हत्या करके जायेंगे। यह बात ग्रामीणों के बीच पहुंचते ही ग्रामीणों ने प्रशासन के विरुद्ध रोष प्रकट करते हुए बैठक किया और आरोपी के गिरफ्तारी तथा कड़ी से कड़ी सजा देने को लेकर बैठक में चर्चा किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि दो दिन में प्रशासन आरोपी को गिरफ्तार नही करती है तो बाध्य हो हम सभी ग्रामीण महिला पुरुष सड़क पर उतरने के लिए विवश है। बताते हुए ग्रामीणों ने कहा ऐसे आरोपी के विरुद्ध प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने पर विचार करनी चाहिए।



# बरही केरा टोली के ग्रामीणों ने श्रमदान कर जर्जर पथ का किया जीर्णोद्धार

अस्पताल सहित मूलभूत सुविधाओं के समस्या के निदान की मांग की है

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** जर्जर पथ की समस्या से तंग हो बरही केरा टोली के ग्रामीणों ने श्रमदान कर पथ जीर्णोद्धार कार्य में जुटे सरकार के विकास कार्यों पर उठाया सवाल। विदित हो की सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के बरही केरा टोली के ग्रामीणों ने श्रमदान कर जर्जर पथ का जीणोद्धार कार्य में जुटे और सरकार व जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनावी प्रलोभन का शिकार हो आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में शोषण किया जा रहा है। वही बताते हुए कहा कि 20 वर्ष पूर्व मनरेगा मद से ग्रेड वन कार्य प्रखंड स्तर से कराया गया था। उसके बाद से हम सभी ग्रामीणों की



समस्या को सुनने वाला कोई नही सरकार है और जनप्रतिनिधियों को गांव की विभिन्न समस्या से कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया है। गांव के सुनैना उरांव, सरिता उरांव, मालती उरांव, सुकरो उरांव, जरकु उरांव, सचिन उरांव, सुरेश उरांव, बीरेंद उरांव, बंधनु उरांव सहित अन्य ग्रामीण महिला और परुषो ने बताया कि जर्जर पथ की समस्या से जिला के उपायुक्त को कई बार लिखित आवेदन दे कर अवगत कराया गया। परंतु आज तक सुनवाई नही हुआ। साथ ही बताया कि गांव में 60 घर की अवादी के बावजूद मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। ऐसी स्थिति में बीमार व्यक्तियों के लिये भी समस्या बनी रहती है। सुनैना उरांव ने प्रसव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे स्थिति में जो भी महिलाएं होती है उसे अस्पताल ले जाने का समस्या बना रहता है। पेयजल की व्यवस्था नही है। सहित अन्य विभिन्न बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्या का निदान करने की मांग किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जर्जर पथ जीणोद्धार कार्य के पूर्व ग्रामीणों ने गांव में बैठक कर पथ मरमती को लेकर आर्थिक व श्रमदान कर जगह जगह पर बने गढ़े तथा बड़े बड़े बोल्डर पत्थर के ऊपर मिटी मोरम देकर निर्माण करने का निर्णय लिया था।

# सावन की पहली सोमवारी को लेकर मंदिरों की सफाई



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सावन माह आते ही भक्तों के मन मे खुसी और उल्लास उमड़ने लगता है। इस बार भी सावन की पहली सोमवारी को लेकर प्रखंड क्षेत्र के मंदिरों का साफ सफाई कर आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भी सावन की पहली सोमवारी को लेकर मंदिरों का साफ सफाई किया जा रहा है। प्रखंड धेत्र के बदला, सेरेंगहातु, चौकनी, अरु, झखरा, कोराम्बे, बक्सीडीपा, सेन्हा बन्धटोली, जोगना मोड़ सहित विभिन्न जगहों में स्थित शिव मंदिर का भक्तों द्वारा सावन माह की पहली सोमवारी के अवसर पर रविवार को साफ सफाई किया गया। भक्तों को पूजन करने में परेशानी न हो ऐसा भी मंदिर के आस पास व्यवस्था किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत चंदवा गढ़गांव में 1200 फिट ऊंचाई पर स्थित महादेव मंदिर गुफा है जहा कांवरिया जल लेकर भगवान महादेव भोलेशंकर पर जलाभिषेक करते हैं। जिसे भी भक्तों द्वारा पूजा अर्चना करने के लिए साफ सफाई कर दुरुस्त किया जा रहा है। सावन माह में प्रखंड क्षेत्र के सभी जगहों में भक्ति का माहौल बना रहता है।

# पेशरार और कैरो को पूर्ण प्रखंड का दर्जा दिया जाये : महेश कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, प्रखंड शाखा-किसको/ पेसरार के संयुक्त आम बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर जिला सचिव महेश कुमार सिंह ने कहा की पेशरार और कैरो प्रखंड को पूर्ण प्रखण्ड का दर्जा दिया जाय। उन्होंने कहा कि इनटेरियर क्षेत्र तथा जनसंख्या के दृष्टिकोण से पेसरार और कैरो को प्रखंड बनाए हुए एक- डेढ़ दशक हो गया है। राजपत्रित एवं मात्र कुछ अराजपत्रित पदों का सृजन किया गया है। अधिकतर कार्य किसको एवं कुडू प्रखंड के कर्मियों के कई-कई प्रभार से सम्पादित किया जा रहा है। जिससे उनका आर्थिक, मानसिक तथा शारीरिक शोषण हो रहा है। इसलिए दोनों प्रखंडों को पूर्ण प्रखंड का दर्जा दिया जाय। मौके पर मालती कच्छप, कुलदीप केरकेट्टा, विश्वनाथ प्रजापति, जगरनाथ भगत, अमित राणा शर्मा,प्रतिमा नगेशिया, अकिला खातुन ,उदय कुमार महतो, अजय कुमार सिंह, रौशन लाल रवि, सुनील मिंज, राजेन्द्र कुजूर समेत अन्य मौजूद थे।

# बारियातू सड़क दुर्घटना में आइआरबी जवान घायल

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** रांची-चतरा मुख्य सड़क स्थित दो मुहान पुल के समीप रविवार को सुबह दो वाहनों की आमने सामने के टक्कर में आइआरबी 04 लातेहार के जवान घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों व बारियातू पुलिस के सहयोग से घायल जवान को इलाज के लिए बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ सुरेन्द्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात रिम्स रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बताया कि लातेहार आइआरबी 04 के जवान दीपक राम, पिता रामलाल राम, देवघर से पुलिस कर्मियों को छोड़ कर वाहन चला कर लातेहार लौट रहा था कि गोनिया दो मुहान पुल के समिप विपरित दिशा से आ रहे एक बड़ी वाहन के आमने सामने टकराया। जिससे आइआरबी 04 के जवान गंभीर रूप से घायल हो गये।

# प्रजापति कुम्हार न्यास ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रजापति कुम्हार न्यास के द्वारा वर्ष 2024 में वर्ग 10 एवं वर्ग 12 में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सरस्वती सरस्वती बाल निकेतन पावरगंज लोहरदगा में किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ न्यास के पदाधिकारियों एवं संरक्षकों के द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दक्ष प्रजापति महाराज के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके संयुक्त रूप से किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का संचालन सचिव नागेंद्र प्रजापति, उपाध्यक्ष सरोज प्रजापति तथा कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार प्रजापति के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को समाज के संरक्षक कमल महतो, वासुदेव महतो, सहदेव प्रजापति, देवानंद प्रजापति एवं दिनेश प्रजापति के द्वारा संबोधित किया गया। सभी लोगों ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के प्रतिभा को निखारने का एक अच्छा अवसर प्राप्त होता है। इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने एवं निरंतर अच्छी उपलब्धि प्राप्त करने हेतु प्रेरणा मिलते रहेगी। कार्यक्रम में प्रेरणा प्रजापति, आस्था प्रजापति, रोहित कुमार, विक्रांत राज राठौड़, संचिता प्रजापति, प्रियंका कुमारी, मोहित कुमार प्रजापति, राधा कुमारी, हर्षित राज, अनन्या कुमारी प्रजापति एवं रिद्धि कुमारी को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बिनोद प्रसाद, दुगार्राम प्रजापति, शशिकांत प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, शिवनारायण प्रजापति, सुबोध प्रजापति, राधेश्याम प्रजापति, शशि भूषण प्रजापति, रवि प्रजापति, दुर्गा प्रजापति, शिव कुमार एवं अन्य शामिल थे।



# पतंजलि ने हवन कर मनायी गुरु पूर्णिमा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा रविवार को पतंजलि के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिवशंकर सिंह की अध्यक्षता में गुरु पूर्णिमा पर्व के रूप में मनाया गया। पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रवीण भारती के निर्देशन में गुरु पूर्णिमा पर जिला मुख्यालय के अलावे प्रखंडों में भी मनाया गया। जिला मुख्यालय में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा विद्यालय प्रांगण में आचार्य गणेश शास्त्री के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार कर पूरे विधि विधान से सामूहिक रूप से हवन की गयी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि माता पिता शिशु को जरूर जन्म देते हैं, परंतु उन्हें संस्कार, आचार विहार, चरित्र निर्माण, संस्कार एवं सम्पूर्ण कर्तव्यों का ज्ञान गुरु ही देते हैं। गुरु की महिमा अपरम्पार है। गुरु के सच्चे व कठिन तपस्या में ही सच्चे राष्ट्र भक्त, तपस्वी राष्ट्र निमार्ता का निर्माण होता है। जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह ने कहा कि प्राचीन काल से ही गुरु के नेतृत्व में राष्ट्र निमार्ता एवं निर्मात्री का प्रदुर्भाव हो पाता है।

# विशेष उत्सव के रूप में मनाया जाता है सावन का महीना

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार सावन का महीना हिन्दू पंचांग में विशेष महत्व रखता है। यह माह आषाढ़ और श्रावण मास के बीच होता है और इसे भगवान शिव का माह माना जाता है। इस समय भगवान शिव की पूजा, व्रत और त्योहार विशेष रूप से मनाए जाते हैं। सावन में शिवजी के भक्त अपनी श्रद्धा और भक्ति से उनकी आराधना करते हैं और उनके लिए विशेष प्रार्थनाएं करते हैं। इस महीने में श्रावण सोमवार का विशेष महत्व होता है, जब भक्त अपने इष्ट देवता की आराधना करते हैं। कांवड़ यात्रा भी इस महीने में शिव मंदिरों की ओर अपने भक्तिभाव से



निकलते हैं। सावन का महीना भारतीय समाज में विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में माना जाता है और लोग इसे ध्यान और पूर्ण भक्ति से मनाते हैं।

सावन मास अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार जुलाई-अगस्त में पड़ता है तथा हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र से आरंभ होने वाले वर्ष में इस माह का क्रम पांचवां है।

शिवपुराण में सावन मास के महत्व को लेकर विसेश उल्लेख हैं। सावन मास भगवान शंकर का मास है। इसे श्रावण भी कहते हैं क्योंकि इस मास की पूर्णमासी श्रवण नक्षत्र से युक्त होती है। इस माह का मुख्य नक्षत्र श्रवण है जिसके कारण भी इसे श्रावण कहा जाता है।एक मान्यता यह भी है कि श्रुति का अर्थ वेद होता है। प्राचीन काल में वेद नित्य श्रवण किए जाते थे। लेकिन शनैः-शनैः उनका सुनना कम हो गया तब यह निर्णय लिया गया कि इन्हें केवल वर्षाकाल में सुना जाए इसलिए इस काल में पड़ने वाले मास का नाम श्रावण हुआ।

इस मास को नभस के नाम से भी संबोधित किया जाता है जो बादल का पर्याय है। इसीलिए वर्षा ऋतु श्रावण की ऋतु मानी जाती है। कहा जाता है कि इसके माहात्म्य के श्रवण मात्र से सिद्धि प्राप्त होती है इसलिए भी यह श्रावण कहलाता है।

श्रावण का एक अर्थ प्रसन्न करना भी होता है। सावन एक प्रकार का गीत भी होता है तथा पहाड़ों में पाए जाने वाले एक पेड़ को भी सावन कहते हैं।

यह मास भोले को ही समर्पित है। इसलिए इसे शिवमास भी कहा जाता है। सावन मास की शिवरात्रि पर शिव का जलाभिषेक करना अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।

# दो हजार शिवभक्तों का जत्था रांची के लिए पैदल रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** महाकाल क्लब के तत्वावधान में रविवार को जिलेभर से 2000 शिवभक्तों का जत्था रांची पहाड़ी मंदिर के लिए पैदल रवाना हुआ। सभी शिवभक्त 22 जुलाई सोमवार की सुबह श्रावण की पहली सोमवारी के अवसर पर रांची स्थित पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। जत्थे में शामिल बच्चे, युवा, किशोर सभी शिवभक्त लगभग 80 किमी की पदयात्रा तय करेंगे। शिवभक्तों का जत्था शहर के चन्द्रशेखर आजाद चौक से निकली। सभी चन्द्रशेखर आजाद चौक से तिवारी दूरा, राणा चौक, महावीर चौक, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, थाना चौक, अमला



टोली, सुभाष चौक चौक होते हुए कोर्ट रोड, बाबा मठ, रेलवे साइंडिंग, ब्लॉक मोड़, किस्को मोड, पतराटोली होते हुए शंख नदी पहुंचे। जहां सभी शिवभक्त स्नान करने के बाद जल उठाया। शिव भक्तों को पुजारी चंद्रशेखर मिश्र के द्वारा संकल्प कराया गया। यहां से सभी शिवभक्त जल उठाकर झूमते गाते रांची रवाना हुए। तोर कांध के कांवरिया हिलाओ बाबा रांची, दुमका..., भांगिया पिसावे भम जी... गीत पर शिभभक्त जमकर झूमे। जत्थे की रवानगी उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरिश बिन जमां, मंत्री पुत्र सह कांग्रेस के युवा नेता रोहित प्रियदर्शी, क्लब के आजीवन संरक्षक बलराम कुमार, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, डॉ शंभूनाथ चौधरी, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, सदर सीओ आशुतोष कुमार, महाकाल क्लब के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ कुणाल, सचिव निश्चय वर्मा, क्लब के मीडिया प्रभारी अमित वर्मा सहित अन्य के द्वारा की गई। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने सामूहिक रुप से भगवान शिव की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किया और कांवरियों को भगवा झंडा दिखाते हुए रवाना किया। मौके पर मुख्य क्लब और समाज के लोगों में चंदन गोयल, सचिन कुमार, विपुल तमेड़ा, शुभम जायसवाल, जयप्रकाश शर्मा, सूरज वर्मा, प्रियांशु कुमार, अनुराग वर्मा, नितेश वर्मा, अंकित वर्मा, बबलू यादव, करन पांडये, रुद्र कुमार सहित शहरी क्षेत्र के विभिन्न सनातन धर्मावलंबी शामिल हुए।

# कांके के पूर्व विधायक हीरा राम तूफानी का दिल्ली में निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कांके विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हीराराम तूफानी का रविवार की सुबह लगभग 10 बजे दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे।

इस संबंध में स्वर्गीय तूफानी के पुत्र अरविंद कुमार तूफानी ने जानकारी देते हुए बताया कि हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ है। उन्होंने बताया कि वे पिछले चार जुलाई से ही दिल्ली के वेदांता अस्पताल में हार्ट अटैक आने के कारण भर्ती थे। जहां से उन्हें शनिवार को ही राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रेफर कर कर भर्ती कराया गया था। जहां पर इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया।

विदित हो की स्वर्गीय हीराराम तूफानी गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र के बहियार गांव के मूल निवासी थे। जेपी आंदोलन में उन्होंने छात्र जीवन में ही जुड़कर राजनीति के क्षेत्र में कदम रखा और जेपी आंदोलन के बाद हुए एकीकृत बिहार में विधानसभा चुनाव में झारखंड के कांके अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित क्षेत्र से वे विधायक बने। स्वर्गीय तूफानी बिहार प्रशासनिक सेवा के पद पर चयनित होकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने नौकरी से रिजाइन देकर राजनीति को चुना था। उन्होंने जिला मुख्यालय गढ़वा में सबसे पहली बार इंडियन रसोई गैस के व्यवसाय के रूप में भी अपने पुत्रों के साथ कदम रखा। उन्होंने राजनीति समाज सेवा नौकरी तथा व्यवसाय सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान अपने जीवन में दिया है। उनके पुत्र भाजपा नेता अरविंद तूफानी ने बताया कि उनकी अंत्येष्टि गढ़वा में किया जायेगा।

# केंद्र सरकार और उसके आकाओं की झारखंड पर है गिद्ध दृष्टि : मंत्री

- रमकंडा के बलिगढ़ पंचायत वासियों ने थामा झामुमो का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड अंतर्गत बलिगढ़ पंचायत के अधिसंख्य ग्रामीणों ने भाजपा सहित अन्य दलों को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर आयोजित मिलन समारोह में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। श्री ठाकुर ने सभी को माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर सभी को पार्टी में शामिल किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज पार्टी की मजबूती में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। रमकंडा प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के लगभग सभी पंचायतवासी एकजुट होकर भाजपा सहित अन्य दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। उन्हांने कहा कि झारखंड में झारखंडी जनमानस की सरकार ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद गढ़वा सहित पूरे राज्य का सर्वांगीण विकास किया है। इससे प्रभावित होकर सभी लोग दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। झारखंड सरकार राज्य के अंतिम पंक्ति के लोगां को लक्ष्य कर योजनायें चला रही हैं, इसका लाभ सीधा जरूरतमंद ग्रामीणों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और उनके आकाओं की झारखंड पर गिद्ध दृष्टि है। वे लोग झारखंड को लूटना चाहते हैं। यही कारण है कि राज्य में बेहतर विकास कार्य कर रहे आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेवजह तबाह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि असम आदि दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री अपना राज्य चला नहीं रहे हैं। वे लोग झारखंड में घूम रहे हैं। मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके क्षेत्रों में अधिसंख्य सड़कें बन गयी है। जो सड़कें बच गयी हैं यथाशीघ्र उनका भी निर्माण कार्य होगा। साथ ही मंत्री ने कहा कि उस क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या है इसके लिए वे संबंधित नेटवर्क कंपनी जियो पदाधिकारियों से बात कर समस्या को दूर करायेंगे। बात यही यहां से नहीं बनेगी, तो वे कंपनी के मुंबई के अधिकारियों से भी बात करेंगे। जैसे भी हो समस्या को दूर करायेंगे। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, चंदा देवी, सलीफ जाफर, नवीन तिवारी, डॉ यासिन अंसारी, फिरोज मंसूरी, विनोद गुप्ता, राजकिशोर यादव, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में पुतला दहन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के तत्वाधान में सहायक पुलिस कर्मियों और जेबीकेएसएस के साथियों पर लाठीचार्ज के विरोध में झारखंडी खतियान समिति के सदस्यों ने शनिवार की शाम मशाल जुलूस निकाली गयी। इस दौरान भवनाथपुर युवा क्रांतिकारी साथियों के द्वारा कर्पूरी चौक पर सरकार के दमनकारी नीतियों के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस मौके पर शिवपारस बियार, ओम प्रकाश आर्य, जयप्रकाश पासवान, विजय महतो, विकास बियार, जसवंत, शानु, उमेश, जयप्रकाश आदि उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ने पुलिस लाइन में पौधरोपण किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। रविवार को लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला० नंदलाल प्रसाद की अध्यक्षता में पुलिस लाइन गढ़वा में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जहां क्लब के द्वारा बहुत सारे बेशकिमती पैधे और फलदार पौधे लगाये गये। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष ने बताया कि लायंस क्लब 1986 से जनहित में अनेक सेवा कार्य करते आ रहा है। जिसमें बहुत सारे उल्लेखनीय कार्य क्लब कि ओर सालों भर किया जाता है। लेकिन गर्मीयों के मौसम में तापमान इतना बढ़ जाता है, जिससे जन जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। लोग घरों में रहने को मजबूर हो जाते है। पानी कि भी किल्लत हो जाती है। लगातार ऑक्सीजन कि कमी को पूरे देश के लोगों ने महसूस किया है। इन सारी चीजों को देखते हुए हमारे लायंस विशाल परिवार के लोगों ने ठाना है कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का कार्य हम सब मिलकर करेंगे। इसको लेकर आम नागरिकों को जागरूक करेंगे। आज के पुलिस लाइन वृक्षारोपण कार्यक्रम में सबसे सराहनीय योगदान रहा है सार्जेंट मेजर गढ़वा का उनके मार्गदर्शन में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। उन्होंने क्लब को हर संभव सहयोग दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पुलिस लाइन से धीरज भट्ट और लायंस विशाल परिवार से डॉ कमलेश कुमार, रघुवीर प्रसाद कश्यप, सफदर अली खान, शुशील केसरी, गिरिश कमलापुरी, क्लब पीआरओ शौकत खान और पुलिस लाइन से बहुत सारे लोगों ने सराहनीय सहयोग दिया।

## ट्रक और बस की टक्कर में एक युवक का दाहिना हाथ कट कर हुआ अलग, मची अफरा-तफरी



रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र के हुरदाग मोड़ बिजली सब स्टेशन के समीप पोपुलर यात्री बस और ट्रक के टक्कर में मजदूरी करने जा रहे एक युवक का दाहिना हाथ कंधा के पास से कट कर सड़क पर गिर पड़ा। इस टक्कर में अन्य यात्रियों को भी चोटें लगी है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक का नाम उमेश प्रसाद पिता मनोज साह ग्राम- मतौली का बताया जाता है। जो शनिवार को पोपुलर बस से रायपुर (छ०ग०) मजदूरी करने जा रहा था। जब बस हुरदाग मोड़ विजली सब स्टेशन के समिप पहुंची, तो एक अनियंत्रित ट्रक ने बगल से टकराते और चपेट में लेते हुए आगे निकल गया, जिससे युवक का दाहिना हाथ कंधा पर से कट कर अलग होकर रोड पर फेंका गया। युवक को चिखने चिल्लाने से बस यात्रियों में अफरातफरी मच गया। बस यात्रियों और ग्रामीणों की मदद से उसे रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल गढ़वा के लिए रेफर कर दिया।

## मोखापी गांव के लोग चार दिनों से डायरिया से परेशान



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के खरौंधा पंचायत अंतर्गत मोखापी गांव के लोग पिछले चार दिनों से डायरिया रोग से परेशान हैं। सूचना के बाद रविवार को रेफरल अस्पताल की टीम गांव में पहुंच कर लोगों का इलाज शुरू किया। डॉ गोविंद सेठ के नेतृत्व में चार सदस्यीय चिकित्सा दल ने 43 लोगों का जांच कर दवा उपलब्ध कराया। साथ ही तीन लोगों 32 वर्षीया सत्य कुमारी देवी, 37 वर्षीया फूलमती देवी व 60 वर्षीया सुनीता देवी को एक-एक बोतल स्लाइन किया गया। इससे पूर्व सत्य कुमारी देवी गुरुवार को सदर अस्पताल में इलाज कराकर वापस आई थी। इंही का 10 वर्षीय पुत्र लव कुमार यादव को भी गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती किया गया था, जहां दवा के साथ दो बोतल स्लाइन चढ़ाया गया था। इससे पूर्व लव को स्थानीय स्तर पर जयनगरा गांव में एक निजी डॉक्टर के यहां इलाज के लिए ले जाया गया था। जहां पर आठ बोतल पानी चढ़ाया गया था। लेकिन स्थिति संभलता नही देख डॉक्टर ने बाहर ले जाने के लिए बोल दिया। उसके बाद परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराये थे। डॉक्टर गोविंद सेठ ने बताया कि मौसम में बहुत ज्यादा गर्मी होने के कारण लोगों को उल्टी व दस्त होने की स्थिति उतपन्न हुई है। डॉक्टर ने ग्रामीणों को हिदायत देते हुए कहा कि धूप में निकलने से बचें। बेवजह धूप में नहीं निकलें। उन्होंने कहा कि लगातार तीन चार दिनों तक गांव में जांच टीम आकर कैम्प करेगी। जांच टीम में सीएचओ महिपाल, एएनएम पूनम कुमारी, बबलू पांडेय शामिल थे।

# मेहता टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का वर्षों से बंद पड़ा भवन जलावन का भंडार और शराबखोरी का बना अड्डा

आजाद सिपाही संवाददाता







ग्रामीणों की शिकायत सुनते युवा समाजसेवी और आंगनबाड़ी केंद्र में रखा गोंइठा, शराब की बोतल और अरहर का डंठल

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत राजा घटहुआं गांव के मेहता टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का वर्षों से बंद पड़ा भवन जलावन का भंडार और शराबखोरी का अड्डा बनकर रह गया है। उक्त टोले के दर्जनों महिलाएं और पुरुषों ने बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र को लेकर युवा समाजसेवी सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी को बुलाकर सेविका रीता देवी पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। रुक्मिणी देवी, पूनम देवी, संजू देवी, मंजु देवी, कमला देवी, आरती देवी, राजीव मेहता, मनोज मेहता, राजेश्वर, ओम प्रकाश, शंकर, रामप्रवेश मेहता सहित अन्य लोगों ने बताया कि दशकों पूर्व इस आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण हुआ है। किंतु आज तक इसमें कभी आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका मनमानी ढंग से काम करती है। केंद्र से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर अपने घर पर ही केंद्र चलाती है। इतना ही नहीं सेविका द्वारा मेहता टोला में गर्भवती और धात्री महिलाओं व किशोरियों के बीच पोषाहार का भी वितरण कभी नहीं किया जाता। ग्रामीणों ने कई बार बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कांडी से शिकायत की है। लेकिन कभी कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उक्त टोले के कई बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाले सभी तरह के लाभों से वंचित हैं। उक्त केंद्र की हालत यह है कि पूरा भवन गोंइठा, लकड़ी व पशुचारा से भरा हुआ है। यहां शराब की बोतलें व गिलास भी रखा हुआ है। स्पष्ट है कि यहां शराबियों का अड्डा भी है। ग्रामीणों की बातों को सुनकर युवा समाजसेवी विकास दुबे ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार की आंगनबाड़ी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना थी। जिसका उद्देश्य था कि सूदूरवर्ती क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना कर गरीब मजदूर और किसान की गर्भवती, धात्री महिलाओं और किशोरियों को पोषाहार वितरण कर कुपोषण से बचाया जा सके। किंतु आंगनबाड़ी केंद्र विभागीय पदाधिकारियों की संलिप्तता के कारण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि इस विषय की जांच की जायेगी। यदि मामला सत्य पाया गया, तो सेविका के निलंबन की सिफारिश की जायेगी। मौके पर विवेक पांडेय, राजेश पांडेय सहित झारखंड विकास पार्टी के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## योगाभ्यास, हवन यज्ञ और गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का किया गया आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा रविवार को पुरानी बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर प्रांगण में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज की तस्वीर के समक्ष सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम महिला जिला प्रभारी चंचल सिंह द्वारा लोगों को योग प्राणायाम के अभ्यास कराया गया। द्वितीय सत्र में यज्ञ आचार्य नंदलाल गुप्ता के द्वारा हवन यज्ञ संपन्न कराया गया। तीसरे सत्र में बीएसटी जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी के द्वारा गुरु पूजन सह गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में योग का परचम लहराने वाले योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज के प्रति कृतज्ञ भाव के साथ उन्हें साक्षी मानकर नियमित योग करने का संकल्प दिलाया। समिति के संरक्षक ब्रजेश कुमार मिश्र ने कहा कि आज का दिन हम सभी सनातनी हिंदू धर्मावलंबी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने गुरु का अर्थ विस्तार से समझाते हुए कहा कि जो अंधकार से प्रकाश की ओर अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाने का कार्य करता है वही गुरु है। मानव जीवन में जन्म से माता-पिता प्रथम गुरु होते हैं और जीवन के प्रत्येक क्षण में हमें गुरु की आवश्यकता होती है, मानव को मानव धर्म का ज्ञान देने का कार्य हमें गुरु द्वारा मिलता है। यदि गुरु नहीं हो तो मनुष्य पशु के समान इस धरा पर रह जाता है। आज का दिन उन तमाम जीवन के गुरु को कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। यह संदेश हम सभी सनातनियों के लिए मिल का पत्थर साबित हो इस आशय से आज का यह कार्यक्रम कराया गया। जिसमें झारखंड सोशल मीडिया के राज्य प्रभारी संतोष पांडे, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक कन्हैया लाल प्रसाद, योग साधक श्रवण, गोपाल, सूर्य देव दुबे, रामनरेश प्रसाद, शिवनारायण यादव, आजीवन सदस्य कैलाश सोनी, संरक्षक सत्यनारायण दुबे, योग शिक्षक संतोष, जयप्रकाश, इंदु, सच्चिदानंद, केपी गुप्ता, मेराल बीएसटी प्रभारी बलराम शर्मा, एसबी एकेडमी के निदेशक मदन यादव सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष योग साधक शामिल थे।

# लाभुकों के बीच पिछले दो से तीन माह का राशन वितरण नहीं किये जाने से नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत के सरैया गांव में संचालित चंपा महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष सुनर देवी के द्वारा जविप्र के लगभग 35 लाभुकों के बीच पिछले दो से तीन माह का राशन वितरण नहीं किये जाने से नाराज लाभुकों ने रविवार को उक्त जविप्र दुकान पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। लाभुकों के नाराजगी को देखते हुए चंपा महिला समूह के अध्यक्ष और अन्य सदस्य भाग खड़े हुए। मामले को लेकर लाभूक लाभुक राजेंद्र साह, सुनील साह, सुशीला देवी, गुड्डी देवी, रघुनंदन, पवित्री देवी, इंद्रजीत, लालती देवी, रुनिया देवी, हेवंती देवी, रविंद्र, जीरा देवी, फुलझरिया देवी, तेतरी देवी, शिवकालो देवी, अनिता देवी, रटही देवी, रोहित साह, अखिलेश साह आदि ने बताया कि हमलोग को पिछले दो से तीन माह का राशन नहीं मिला है। कहा कि डीलर के पति द्वारा माप तौल मशीन पर ईंट और पत्थर रखकर तथा ई पोस मशीन में लाभुको का अंगूठा लगवाकर पर्ची निकालने और नगद पैसा लेने के बाद भी लाभुकों को अगले माह में राशन देने की बात कह कर घर भेज दिया जाता है। साथ ही जब कभी भी किसी लाभुक को राशन देता है, तो प्रति लाभुक एक किलो की दर से राशन काट लिया जाता है। कहा कि जब हमलोग गोलबंद होकर अपना अपना बकाया राशन मांगने पहुंचे, तो डीलर द्वारा कहा गया कि अभी राशन खत्म हो गया है, अगले माह में आप सभी का राशन मुहैया करा दिया जायेगा। कहा कि लाभुकों द्वारा पर्ची निकालने के बाद राशन वितरण करने पर जोर दिया गया, तो अध्यक्ष बाईक पर बैठकर अपने पति के साथ फरार हो गयी।

# आस्था का केंद्र है लवाही खुर्द का बाबा मंगरदह महादेव मंदिर, जुटती है श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**शिवलिंग के अपने आप प्रकट होने पर लोगों का यहां आस्था का केंद्र बना हुआ है। ऐसा देखा गया है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मनोकामना मांगते हैं तो उनकी मनोकामना पूर्ण होती है**

जितेंद्र कुमार यादव



**डंडई।** जिला मुख्यालय गढ़वा से लगभग 30 किलोमीटर दक्षिण की ओर तथा डंडई मुख्यालय से 3 किलोमीटर दक्षिण दिशा में लवाही गांव में मंगरदाहा नदी के तट पर बाबा भोलेनाथ मंदिर अवस्थित है। यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था और विश्वास के लिए बहुत बड़ा केंद्र है।

## क्या है मंदिर का इतिहास

इस मंदिर के बारे में बताया जाता है कि लगभग 22 वर्ष पूर्व उक्त स्थान पर जमीन से निकलकर शिवलिंग अपने आप प्रकट हुआ थे। जिसे देख ग्रामीणों द्वारा वहां पर पूजा पाठ करना शुरू कर दिया गया। लोगों की मदद से धीरे-धीरे कर भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। सावन के महीने में बाबा बैजनाथ के जैसा यहां पर भी कांवरिया बम तथा डाकबम बालचौरा कनहर नदी से जल उठाकर आते हैं और भोलेनाथ पर जल चढ़ाकर मनवांछित फल की कामना करते है। सावन के महीने में यहां भव्य मेला लगता है। यहां सावन माह में स्थानीय शिव भक्तों के अलावे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार के लोग भी जलाभिषेक और दर्शन पूजन के लिए आते हैं।

## मंदिर की विशेषता

शिवलिंग के अपने आप प्रकट होने पर लोगों का यहां आस्था का केंद्र बना हुआ है। ऐसा देखा गया है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मनोकामना मांगते हैं तो उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। इस मंदिर के बगल में ही भव्य हनुमान जी का भी मंदिर बनाया गया है। मंदिर नदी के तट पर स्थित होने से यहां का नाजारा भव्य और सुंदर दिखता है।

## क्या कहे मंदिर समिति अध्यक्ष मंगरु बैठा



मंगरु बैठा (मंदिर समिति अध्यक्ष)

मंदिर समिति अध्यक्ष मंगरु बैठा ने बताया कि करीब 2002 आज से 22 वर्ष पहले मंदिर का समिति बनाकर धीरे-धीरे मंदिर का निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यहां समिति के सदस्य सदैव तत्पर रहते हैं। मंदिर परिसर का सुंदरीकरण भी कराया जा रहा है।

## क्या कहे मंदिर के पुजारी दीनदयाल पाठक



दीनदयाल पाठक (पुजारी)

मंदिर के पुजारी दीनदयाल पाठक ने बताया कि बाबा मंगरदह भोलेनाथ का महिमा अपरंपार है। यहां पहुंचकर श्रद्धालु सच्चे मन से बाबा से जो मन्नत मांगते हैं, उनकी मन्नत पूरी होती है। मन्नत पूरा होने पर लोग दोबारा आकर यहां अपना चढ़ावा चढ़ाते हैं।

# झारखंड सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया : डॉ एमएन खान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एआइएमआइएम गढ़वा जिला कमेटी की बैठक रविवार को आयोजित की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया है कि 25 जुलाई से रमकंडा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया जायेगा। वहीं दूसरा चरण में 6 अगस्त से रंका प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया जायेगा। इस दौरान पंचायत स्तरीय बैठक किया जायेगा। आने वाले विधानसभा चुनव में एआइएमआइएम की जीत सुनिश्चित है। नेताओं ने कहा कि विधान चुनाव में जीत हासिल करने को लेकर एक-एक बूथ, एक-एक पंचायत पर संगठन को धारदार और मजबूत बनाने के लिए सभी साथी संकल्पित हैं। एआइएमआइएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि एआइएमआइएम वर्तमान सरकार द्वारा किये गये वादा खिलाफी के खिलाफ में सभी पंचायत में हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान की सरकार ने जो वादा किया था कि पांच लाख युवाओं के रोजगार दिया जायेगा। बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। गैर मजरूआ मलिक को मालिकाना हक दिया जायेगा। किसानों के खेत में पानी दिया जायेगा। लेकिन झारखंड सरकार के द्वारा एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। इस मौके पर उपस्थित गढ़वा रंका विधानसभा के प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान, गढ़वा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, युवा जिला अध्यक्ष मोजहिम अंसारी, जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला सचिव मोहम्मद रमजान अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरन अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारुख अंसारी, मेराल युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अली उर्फ लाला भाई, मेराल प्रखंड उपाध्यक्ष मुजाहिद अंसारी, अशोक, गोपाल, डॉ विजय आदि उपस्थित थे।

**विभिन्न राजनीतिक दल के लोगों ने एआइएमआइएम का दामन थामा:** एआइएमआइएम की बैठक के दौरान विभिन्न राजनीतिक दल के लोगों ने एआइएमआइएम का दामन थामा। इस दौरान शौकत अंसारी, काशीबुल्लाह, अबरार अंसारी, मुर्शीद, आफताब, भारदुल, राजदेव आदि ने एआईएमआईएम के नीति और सिद्धांत को प्रभावित होकर एआइएमआइएम पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

# अभियुक्त को लेकर जा रही रांची पुलिस की गाड़ी ट्रक से टकरायी

**अभियुक्त सहित चार पुलिस कर्मी हुए घायल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा के ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के अलसंगा मोड़ के पास रविवार सुबह ठेठईटांगर थाना से एक केस के गिरफ्तार अभियुक्त को लेकर रांची जा रही रांची पुलिस की गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई।

घटना घटना में चार पुलिसकर्मी सहित अभियुक्त घायल हो गया।

बताया गया कि रांची के टुपुदाना थाना के एसआई उमा शंकर सिंह हेड कांस्टेबल प्रेम तिग्गा, कांस्टेबल रंजित सुरीन और चालक प्रताप घोष के साथ टुपुदाना थाना में दर्ज ब्लैकमेलिंग के एक केस के अभियुक्त लोकेश साहू को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से गिरफ्तार कर शनिवार रात में ठेठईटांगर थाना में रखे थे। रविवार सुबह अभियुक्त को लेकर सभी पुलिसकर्मी रांची की तरफ जा रहे थे। इसी क्रम में ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के अलसंगा मोड के पास सामने से आई हुई एक ट्रक और अनियंत्रित होकर पुलिस की गाड़ी से टकरा गई। इस घटना में अभियुक्त सहित सभी पुलिसकर्मी और चालक घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां इनका इलाज किया जा रहा है।

# 'दिल्ली हाट' में गुमला के रागी उत्पादों की प्रदर्शनी में लोगों ने दिखायी रुचि

**उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से जिले के रागी मिशन का परचम अब राष्ट्रीय स्तर पर भी लहराता नजर आया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम के द्वारा देश की राजधानी नई दिल्ली में 16 से 31 जुलाई तक आयोजित दिल्ली हाट में गुमला जिला से रागी मिशन के तहत उत्पादित रागी उत्पादों का स्टॉल लगाकर इनका विक्रय किया जा रहा है। दिल्ली हाट में देश भर के विभिन्न स्थानों से आए विभिन्न उत्पादों का स्टॉल लगाया जा रहा है जिसमें गुमला जिले के उत्पादों को भी स्थान मिला। ज्ञातव्य हो कि गुमला जिला प्रशासन और जेएसएलपीएस के सहयोग से एसवीएम बाघिमा फारमर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के द्वारा स्थानीय बाजार समिति परिसर रागी प्रसंस्करण इकाई लगा कर रागी उत्पादों को विशेषकर रागी लड्डू का उत्पादन किया जा रहा है।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन से गुमला जिले के रागी उत्पादों को पैन इंडिया स्तर प्रचारित करने और उसको लोकप्रिय बनाने की इस पहल में एमवीएम बाघिम फार्मर प्रोड्यूसर कंपन की सहयोगीता से दिल्ली हाट में जिले के रागी उत्पादों को लगाने की पहल की गयी।

16 जुलाई से शुरू हुए दिल्ली हाट में कंपनी की ओर से तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल, गुमला जिले के रागी लड्डू, कूकीज के अलावा अन्य उत्पादों के साथ भाग ले रही है ।

गुमला जेएसएलपीएस डीपीएम से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली हाट में रागी उत्पादों को हाथों हाथ लिया जा रहा है और मेले के अंतिम दिन तक अच्छी खासी बिक्री कंपनी के द्वारा कर लिए जाने का अनुमान है।

## डोयसागढ़ महाडोकलो की बैठक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के एनएचपीसी मैदान में डोयसागढ़ महाडोकलो की एक बैठक रतिया इंदवार के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।इस बैठक में मुख्य रूप से खडिया समाज के भाषा संस्कृति,सभ्यता और राजनैतिक महत्व पर चर्चा की गयी। इस बैठक में मुख्य वक्ता जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग, सुजीत टेटे, एलिजाबेथ इंदवार ,एमलेन कुल्लू, रितुआ कुल्लू,पुष्पा कुल्लू, सुशील सोरेंग ने अपनी बातो को रखा।कामडारा प्रखंड अंतर्गत रेडवा पंचायत समिति सदस्य मारवाड़ी बिरहोर ने आदिम जनजाति, बिरहोर समाज समेत जनजाति समुदाय के भाषा संस्कृति पर अपने विचारों से अवगत कराया। जनजातीय क्षेत्रीय भाषा समिति का पंचायत, प्रखंड स्तरीय कमिटी बनाने का भी निर्णय लिया गया। इस बैठक में थॉमस इंदवार, सुकरा भगत, फिलिसिता कुल्लू, जोसफीना कुल्लू, नीलम कुल्लू,बलमदीना कुल्लू, लिली गोरेटी, सुधा कुल्लू, मार्टिन कुल्लू,रश्मि सोरेंग,बासिल कुल्लू,राजेश इंदवार, बिरसा कुल्लू, यूजीन कुल्लू,संगीता कुल्लू, अनिता कुल्लू ,संजय कुमार इंदवार समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## बारमहादेव पहुंच कर श्रद्धालुओं ने टेका माथा और गुरु से लिया आशीर्वाद



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रेहलदाग स्थित बरमहादेव में कल्याण बाबा के नेतृत्व में गुरु महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के कई श्रद्धालुओं ने बरमहादेव पहुंचकर माथा टेका और विधिवत पूजन करते हुए लगातार चल रहे भगवान शिव के रुद्राभिषेक में शामिल हुए। मौके पर कल्याण बाबा ने कहा कि आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मेरे इष्ट गुरुदेव बाबा भोलेनाथ एवं गुरु घोर अघोर भगवान अवधूत की पूजा की गयी। उन्होंने कहा कि गुरु व्यक्ति को सही दिशा में ले जाने का कार्य करते हैं गुरु कृपा से ही व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करता है। कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ता है। इस बार गुरु पूर्णिमा के दिन स्वास्थ्य सिद्ध योग बना है इस योग में गुरु की पूजा से हर तरह के सिद्धियों की प्राप्ति होती है और जीवन में आने वाली समस्याएं भी दूर हो जाती है इस अवसर पर कल्याण बाबा से गुरमुख हुए विभिन्न जगहों से आए लोगों ने कल्याण बाबा से आशीर्वाद लिया साथ ही कई श्रद्धालु बाबा से गुरुमुख हुए और आशीर्वाद लिया। इधर बनारस इलाहाबाद से पहुंचे ब्राह्मण लग्न पांडे विवेक दुबे के द्वारा पर बरमहादेव पहुंच रहे श्रद्धालुओं को लगातार विधि वक्त पूजन कराई जा रही है। इस मौके पर रविंद्र साहू संतोष साहू रुद्रांश दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से मनायी गयी गुरु पूर्णिमा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बसिया।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बसिया में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के इंडिपेंडेंट डायरेक्टर ड़ॉ अरुण उराँव प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अभय चौधरी संरक्षक किस्टो प्रसाद नरेश कुमार शंकर साहु प्रकाश साहु ने महर्षि वेदव्यास के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मौके पर अरुण उराँव ने कहा कि महर्षि वेदव्यास ने ग्रंथों की रचना कर विकास का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा सभी काल में गुरुओं की महता रही है ।ग्रामीण परिवेश में आज के बच्चे डिजिटल इंडिया की और बढ़ रहे है आज गुरुओं के अलावे एक और गुरु है जिसे हम गूगल गुरु कहते है।उन्होंने कहा कि गुरु बच्चो को सही दिशा की और ले जाने का कार्य करते है।गुरु की कृपा से ही छात्र जीवन मे सफल होते है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से मेरा काफी लगाव है।उन्होंने विद्यालय में कमरे की कमी को देखते हुए छात्रों की सुविधा के लिए दो कमरे का भवन देने का आश्वासन दिया।और कहा कि मेरे ओर से जो भी सम्भव हो करूंगा।प्रो0 नरेश कुमार ने गुरु पूर्णिमा पर प्रकाश डालते हुए बेद ब्याश के चरित्र पर प्रकाश डाला और कहा कि गुरु के बिना छात्रों का जीवन अधूरा है। आज के डिजिटल युग मे बच्चे भटक रहे है। गुरु के बिना जीवन अधूरा है। जो निश्चित रूप से अपना ज्ञान दे रहे है। साथ ही भैया बहनों से गुरु दक्षिणा के रूप में अनुशासन, संस्कार और संस्कृति तथा राष्ट्रीयता की भावना को साथ लेकर चलने की अपील की। साथ ही बच्चों को जीवन में सफल होने के तरीके बताई।मौके पर विद्यालय के भैया बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मंच का संचालन रेखा कुमारी एवम सोनी कुमारी ने की।मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्यों आचार्य दीदी जी एवम भैया बहन उपस्थित थे।

## महिला की पत्थर से कूच कर हत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर से सटे सोसो कदम टोली गांव में अज्ञात अपराधियो ने 62 वर्षीय महिला रोपनी उरांव उर्फ रोपनी टोप्पो का सर पत्थर से कूच कर हत्या कर दी है।हत्या की सूचना के बाद एसआई हिमांशु शेखर दल बल के साथ मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजते हुए घटना की तहकीकात में जुट गई है।फिलहाल घटना के कारणों का खुलासा नही हो सका है।और न ही घटना को अंजाम देने वालो का पता लग सका है।पुलिस हर पहलुओं पर बारीकियों से छानबीन कर रही है।सम्भवना व्यक्त किया जा रहा है कि आपसी विवाद के कारण घटना को अंजाम दिया गया है।मृतका सोसो भलदम चट्टी गांव की रहने वाली थी।सूचना के बाद उसके परिजन भी घटनास्थल पहुंच गए है। उनका रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह कभी कभी शराब का सेवन करती थी। शराब का सेवन करने के लिए रोपनी पड़ोस के ही संतोष उरांव के साथ भलदम चट्टी गांव गयी थी।

# खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** चढ़ेया गांव में आगामी 5 अगस्त से होने वाले पांच दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट सह खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर रविवार को चढ़ेया गांव में बैठक ग्रामीणों की आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान धनेश्वर उराव ने की। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष फुटबॉल टूनार्मेंट सह खेलकूद का आयोजन होते आ रहा है। जिस निमित्त इस वर्ष में टूनार्मेंट का आयोजन कराया जाएगा। जिसका समापन 9 अगस्त को होगा।इसके साथ ही अन्य बच्चों के प्रतिभा को निखारने को लेकर खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। मौके पर उपस्थित लोगों में पंचायत समिति सदस्य सरवन उरांव, सुमित्रा उरांव, पवन उरांव, नागेंद्र उरांव, मुकेश उरांव, अर्जुन उरांव, सुन्दर मुनि उरांव, बिरसमुनि उरांव, कमैली देवी सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन का 9वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया




**गुमला (आजाद सिपाही)।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन का 9 वां स्थापना दिवस शास्त्री नगर स्थित जिला कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष कृष्णा नायक ने कहा भीम आर्मी भारत एकता मिशन एक सामाजिक संगठन है। जो दबे कुचले, शोषित, पीड़ित, असहाय लोगों की आवाज बनते रही है और उनको न्याय दिलाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। वही मौके पर कई लोगों ने पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष यदुनंदन नायक ने कहा आज पार्टी ने अपना नौवां वर्ष पूरा कर लिया है। यह पार्टी बहुजनों की आवाज उठाती रही है साथ ही साथ देश में समता मूलक एसटी एससी ओबीसी और माइनॉरिटी जो दबे कुचले शोषित पीड़ित असहाय लोग हैं उनकी आवाज बनी है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कृष्णा नायक, उपाध्यक्ष यदुनंदन नायक, सचिव मंगल इंदवार, शंकर रजक, महादेव राम, दुर्गा राम, राजेश राम, कुलदीप राम, विनोद टोप्पो,विनोद उरांव, समी राम, अजय राम, अमित राम, अमित रवि, कृष्ण नगेसिया, कमलेश पासवान, आनंद नायक, देव उरांव, जितेंद्र राम, सुनील राम सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला और सत्र न्यायाधीश के निर्देशन में लगी जेल अदालत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर मंडल कारा गुमला में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह ने मंडल कारा के बंदियों से कहा कि अगर वह किसी प्रकार अपना वकील नहीं रख पा रहे हैं तो पीएलबी के द्वारा डीएलएसए को तुरंत सूचित करें। ताकि उसे तुरंत पैनल वकील उपलब्ध कराया जा सके । उन्होंने कहा कि कानून संबंधी जितनी भी सहायता बंदियों को दी जानी है वह सहायता विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी बंदी यदि किन्ही का जमानत मंजूर हो गया है और वह किसी कारण बस कारा से नहीं निकल पा रहा हो तो भी जो कानूनी सहायता होगी, विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा दी जाएगी। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बुंदेश्वर गोप ने कैदियों के बीच कानून संबंधी काफी जानकारियां दीं। उन्होंने कहा की लीगल डिफेंस काउंसिल आपकी सहायता करने के लिए बनाई गई है आवश्यकता पड़ने पर बंदी उक्त टीम की सहायता ले सकते हैं। उन्होंने कारा से निकलने के बाद लोगों को अच्छा व्यक्ति बनने की सलाह दी। इस जेल अदालत में स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह ,एलडीसी के बुंदेश्वर गोप , इंदु पांडे ,जितेंद्र सिंह ,डीएलएसए के कर्मचारी प्रकाश पांडे तथा मंडल कारा के कर्मचारी गण तथा बंदीगण उपस्थित थे।

# टोटो के फोरी में नल-जल योजना फेल, पानी के लिए तरस रहे लोग, विधायक-सांसद मौन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिला के कई ऐसे गावं में पानी की समस्या आम हो गयी है.करौंदी से लेकर टोटो फोरी में नल जल योजना पूरी तरह से फेल हो चुकी है.लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं. शिकायत के बावजूद प्रशासन की ओर से पानी की सुविधा मुहैया नहीं करायी और सरकार की ओर से लगायी गयी नल जल योजना भी पूरी तरह से बंद पड़ी है. लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं.पान की सप्लाई बंदः मामला जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर का है,लोगों को एक पानी नहीं मिल पा रहा है. इस कारण गांव में हर घर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है.सरकारी राशियों का दुरुपयोग इस कदर है कि प्रशासन भी करवाई नहीं कर रहा है और नलजल योजना के तहत पानी की टंकी लगाई गई जिसमें हजार लीटर की टंकी लगी है और पानी सप्लाई के नाम पर पाइप भी लगाया है और ग्रामीणों के द्वारा कनेक्शन के नाम पर पैसा भी जमा किये है,जब इस गांव में, किसी के घर शादी, छट्ठी, दशगात्र आदि जैसे कार्यक्रम होतें हैं, तो इस दौरान बहुत ज्यादा पानी की समस्या होती है। ऐसे कार्यक्रमों में, अधिक संख्या में मेहमान आते हैं। जिससे, उनके पीने के लिए, पानी की व्यवस्था करना अतिआवश्यक हो जाता है, साथ ही अधिकतर ह्यशादियाँह्न गर्मी में होती है और गर्मी में, पानी का जलस्तर नीचे की ओर चला जाता है और एक चापाकल के भरोसे गावँ वाले अपने सभी कार्यों को करते है जिससे, पानी बहुत कम ही निकल पाता है। इसलिए, ऐसे कार्यक्रमों के समय, यहाँ के लोग, लिए, मजबूर हो जाते हैं।

## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान मंदिर में अखंड जाप के बाद किया गया हवन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रज्ञा महिला मंडल डुमरडीह के द्वारा स्थानीय हनुमान मंदिर परिसर में 12 घंटे के अखंड जाप के बाद रविवार को पूर्णाहुति का हवन करने के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया है। यह आयोजन गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर किया गया है। जिसका उद्देश्य राष्ट्र के समस्त लोगों के सुख शांति और समृद्धि की कामना है। इस अनुष्ठान के साथ ही सावन के पवित्र महीने का शुभारंभ हो गया है। सावन के महीने में भी प्रज्ञा मंडल के महिलाओं द्वारा अनेकों अनुष्ठान और पूजन कार्यक्रम स्थानीय हनुमान मंदिर में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें उपस्थित होने के लिए समस्त ग्रामीणों को मंडल की महिलाओं ने आग्रह किया है। वही मौके पर उपस्थित महिलाओं में कमला देवी ,डिंपल देवी ,पूजा प्रसाद,सोनी देवी, शकुंतला देवी, रंजू देवी, हेमंती देवी, कौशल्या देवी, आरती देवी, चांदनी सिंह, कंचन देवी सहित अन्य कई महिलाएं उपस्थित थी।

## बाल सुधार गृह में की गयी आपूर्ति में गड़बड़ी की आशंका

# जानकारी मांगी गयी, तो मचा हड़कंप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**समाज कल्याण से जुड़े आपूर्तिकर्ताओं और अभिकर्ताओं के बीच चर्चा का विषय बन गया है**

**गुमला।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी , सह- जनसूचना पदाधिकारी , गुमला से सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचनाएं मांगी जा रही है। जिसके बाद समाज कल्याण से जुड़े आपूर्तिकर्ताओं और अभिकर्ताओं के बीच यह चर्चा का विषय बन गया है।

आरटीआइ के तहत दिनांक 15 जुलाई 2024 को बाल सुधारगृह , गुमला के लिए खाद्य - अखाद्य सामग्री आपूर्ति हेतु निकाली गई निविदा के एनआईटी की पुरी सूचना साक्ष्य के साथ मांगी गयी है। जितने निविदादाता निविदा में शामिल हुए, उनका नाम , पता तथा निविदा में दी गयी तकनीकी एवं वित्तीय बिड के सभी कागजात की प्रति भी मांगी गयी है। निविदा में शामिल क्रय समिति के पदाधिकारी का नाम और पदनाम पूछा गया है। किस निविदादाता को कितने सामग्री की आपूर्तिकर्ता नियुक्त किया गया। स्वीकृत समाग्री की सूची आपूर्तिकर्त्ता के नाम सहित उपलब्ध कराने की बात कही गई है। एनआईटी के तहत समय सीमा की लिखित सूचना मांगी गयी है।

साथ ही पूछा गया है कि इस निविदा के विरूद्ध उच्च न्यायालय में रिट याचिका समाज कल्याण पदाधिकारी को कब प्राप्त हुई है इसकी सूचना भी मांगी गई है। पूछा गया कि क्या इस निविदा के विरूद्ध उच्च न्यायालय में दर्ज याचिका के बारे में सभी क्रय समिति के पदाधिकारी को जानकारी दी गयी थी या नही।

# मर्मा दाब चिकित्सा शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** आजाद बस्ती गुमला में टीयांस ग्रुप के द्वारा निशुल्क मर्मा दाब चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में महिला पुरुष बुजुर्ग वह बच्चे शिविर में शामिल होकर निशुल्क जांच कराए यह जांच शिविर मर्मा दाब चिकित्सा टीयांस ग्रुप रांची के द्वारा आयोजित हुआ ।जो सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक चला, इस संबंध में कंपनी के कोऑर्डिनेटर शाहिद अख्तर, अंबरी फातिमा, एवं काशिफ नसीम, मोहम्मद आकिब अली , नौसिना नाज ने मरीजों का सर्वप्रथम बीपी जांच किया गया उसके बाद टीयांस एक्टिव लाइफ मशीन के द्वारा पूरी तरह जांच हुई कोऑर्डिनेटर शाहिद अख्तर ने बताया कि यह चिकित्सा हजारों वर्ष पुरानी है जिसमें नेचुरोपैथी बियोथैरेपी नाडी शास्त्र और एक्यूप्रेशर के द्वारा पुराने से पुराने बीमारियों का सरल इलाज होता है साथ ही बहुत ही कम खर्च पर बिना चिरफाड किए हुए सरलतापूर्वक इलाज संभव है इन्होंने बताया कि इलाज के जरिए आप बड़े से बड़े ऑपरेशन और आगे होने वाले बीमारियों से बच सकते हैं सबसे बड़ी बात इस चिकित्सा के माध्यम से कोई भी व्यक्ति का 5 मिनट के अंदर अपने वर्तमान और भविष्य में होने वाले बीमारियों का पता कर उसका निदान किया जा सकता है।

## टेंपो पलटने से छह लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** खरवा गढ़ा के समीप टेंपो के पलटने से छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से रेफरल अस्पताल सिसई ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत गंभीर रूप से दो घायल दो वृद्ध महिलाओं को सदर अस्पताल लाया गया। घायलों में ओकबा खरवा गढ़ा निवासी 60 वर्षीय बुधमनी उरांव और नगर ठेठई टांगर सिसई निवासी 60 वर्षीय कुंवाइर देवी शामिल है। घटना में दोनों वृद्ध महिलाओं को गंभीर चोट लगी है। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल कुंवाईर देवी को डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया।

## हुसैनाबाद में आजसू का विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन संपन्न, मिले कई दिशा-निर्देश

# झारखंड में बह रही सत्ता परिवर्तन की बयार: सुदेश महतो

## हुसैनाबाद में भ्रष्टाचार चरम पर, बिचौलियों का बोलबाला: शिवपूजन मेहता



आजसू के चूल्हा प्रमुखो के सम्मेलन में शामिल पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड में सरकार बदलाव (सत्ता परिवर्तन) की बयार बह चुकी है। जनता राज्य की वर्तमान हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार की विदाई का मन बना चुकी है। उक्त बातें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कही। वे रविवार को हुसैनाबाद टाउन हॉल में आयोजित विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कहा कि झारखंड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। रोटी मांगने वालों पर सरकार कोड़े बरसा रही है। केंद्र सरकार की कई लाभकारी योजनाओं का लाभ भी राज्य की जनता को नहीं मिल रहा है। अधिकार के लिये राजनीतिक क्षमता तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास विकास का कोई विजन नहीं है। पूरे झारखंड में जमीन के नाम पर नया खेल चल रहा है। कहा कि सरकार के पांच वर्ष पूरे होने को है, लेकिन आमलोगों को एहसास भी नहीं हुआ कि सरकार भी है। वहीं, कुशवाह शिवपूजन मेहता ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है। विकास योजनाओं में बिचौलियों का बोलबाला है। वहीं, कार्यक्रम में महिला प्रमुख व अन्य लोगों को पार्टी का पट्टा देकर सम्मानित करते हुए शपथ भी दिलायी गयी। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी और संचालन अक्षय कुमार मेहता व दीपक मेहता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर देवशरण भगत, अमित पांडेय, गुप्तेश्वर ठाकुर, मशीर खान, पवन सिंह, बबलू गुप्ता, विकेश शुक्ला, प्रेमचंद चौधरी, अरविंद चौधरी, राज कुमत मेहता, दिनेश मेहता, इजहार खान, अरविंद मेहता, आरपी मेहता, इस्तेहार खान, मुकेश मेहता, अवधेश मेहता, अरुण चंद्रवंशी, रामजी पासवान, रामराज पासवान, बलदेव भुइंया, चंदन कुमार रवि, कलावती देवी और कृष्णा सिंह आदि मौजूद थे।

## सामाजिक न्याय के पुरोधा थे कॉमरेड आलोक: कृष्णा पाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** कम्यूनिस्ट नेता रामसुंदर राम उर्फ कॉमरेड आलोक की छठी पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनायी गयी। जिसका आयोजन जोगा गांव में स्थापित कॉमरेड आलोक के स्थापित प्रतिमा स्थल पर हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत कॉमरेड आलोक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कॉमरेड आलोक को श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। कृष्णा पाल ने कहा कि कॉमरेड आलोक का पूरा जीवन दबे-कुचले व शोषित-पीड़ितों की लड़ाई लड़ते गुजरा। उन्होंने समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों की आवाज को हमेशा बुलंद किया। अपना पूरा जीवन उन्होंने सामाजिक न्याय की लड़ाई को समर्पित कर दिया था। आंदोलनों से भरा उनका जीवन लोगों के लिये प्रेरणादायी है। रामप्रसाद राम ने कामरेड आलोक के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड आलोक के बड़े पुत्र संजय कुमार व संचालन छोटे पुत्र सोनू कुमार ने किया। मौके पर योगेंद्र ठाकुर, उपेन्द्र राम, विनय राम, राम प्रसाद राम, सोने लाल राम आदि मौजूद थे।

## छतरपुर में आजसू सुप्रीमो ने बदलाव के लिए तैयार रहने को कहा



आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के छतरपुर हाई स्कूल में रविवार को आजसू के चूल्हा प्रमुख सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत और केंद्रीय महासचिव संजय रंजन विशेष रूप से शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर एवं महात्मा गांधी की स्मृतिशेष प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर आजसू के केंद्रीय महासचिव संजय रंजन ने कहा कि वर्तमान सरकार ने जल-जंगल एवं जमीन को लूटने का काम किया है। इन्हें सत्ता से बेदखल करने का समय आ गया है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का आह्वान किया। वहीं, पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण ने कहा कि जो सपना बाबा साहब ने देखा था आज वैसा नहीं है। वर्तमान सरकार झारखंड को बेचने पर तुली है। चुनावी मैदान में 5 लाख प्रतिवर्ष रोजगार देने की घोषणा की गयी थी, लेकिन पांच साल में एक लाख भी रोजगार नहीं दिया गया। झारखंड की पहचान जेल जाने वाले मंत्रियों से हो रही है। इसलिए सुदेश महतो बेदाग, ईमानदार एवं कर्मठ जुझारू नेता हैं इन्हें मजबूत करने की जरूरत है। आने वाले दिनों में छतरपुर में भी एक नया इतिहास गढ़ेगा। वहीं, आजसू सुप्रीमो ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और आगामी चुनावों की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। अपने भाषण में सुदेश महतो ने वर्तमान सरकार और हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा। कहा कि आगामी चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने राज्य की मौजूदा सरकार की नीतियों और कार्यशैली की कड़ी आलोचना की और जनता को बदलाव के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। कहा कि यह मेरी चुनावी सभा नहीं है। पर मेरा सौभाग्य है कि आपके बीच आने का मौका मिला। वर्तमान समय में सरकार को जो दायित्व का निर्वहन करना चाहिए वो नहीं हो रहा है। आज पूरे पलामू में पलायन जोरो पर है। हर घर से कोई न कोई व्यक्ति बाहर कमाने को निकलने को मजबूर है। शिक्षा के क्षेत्रों में कोई काम नहीं हुआ है। उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को बाहर जाना पड़ता है। जो सक्षम है वही जाते हैं। गरीब लोगों के बारे में सोचने वाले कोई नहीं है। आज ब्लॉक, अनुमण्डल एवं जिला मुख्यालय में गरीब लोगों को सुनने वाला कोई नहीं है। बिना चढ़ावा के कोई काम नहीं होता है। राज्य में सहिया, जलसहिया एवं अन्य अपना हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। किसानों परेशान हैं। अंचल कार्यालय में जमीन ऑनलाइन करने के नाम पर लोगों को लूटा जा रहा है। जनता दरबार में लोगों को निराशा का सामना करना पड़ा। मैं राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए एकजुट होने का आह्वान करने आया हूं। शपथ ग्रहण समारोह के माध्यम से आजसू ने अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट किया और उन्हें आने वाले चुनावों के लिए प्रेरित किया।

## अवैध बालू लदे पांच ट्रैक्टर जब्त

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी पुलिस ने शनिवार की रात बालू लदे पांच ट्रैक्टर जब्त किया है। थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अमानत नदी से अवैध रूप से ट्रैक्टर के माध्यम से बालू का उत्तखन्न एवं परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद सीओ राजकुंवर सिंह, थाना प्रभारी द्वारा टीम गठित कर सुरजौन चौक पर माड़न जाने वाली रास्ते से तीन ट्रैक्टर और सगालीम बस स्टेण्ड पुरानी रोड तरहसी जाने वाली रास्ते से दो ट्रैक्टर जब्त किया गया। हालांकि ट्रैक्टर चालक पुलिस को देख कर अपने-अपने वाहनों को वहीं छोड़कर भाग गए। पुलिस के जवानों ने उनका पीछा भी किया, लेकिन सभी अंधेके का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। इसके बाद उक्त पांचो ट्रैक्टरों को पुलिस की मदद से जब्त कर थाना लाया गया। वहीं, अंचलधिकारी के आवेदन पर कांड संख्या 94/2024 दर्ज किया गया। पुलिस ट्रैक्टर चालकों-मालिकों की तलाश में जुट गयी है।

## बीडीओ के सरकारी वाहन में रखा जा रहा था वितरण करने वाले बादाम का बीज, विरोध करने पर मिली प्राथमिकी दर्ज की धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**उंटारी रोड़/पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय में शनिवार को बादाम के बीज वितरण को लेकर जमकर हंगामा हुआ। हंगामा और तब बढ़ गया जब प्रखंड कर्मी बीडीओ के सरकारी वाहन में अवैध रूप से बादाम का बीज रख रहे थे। तब किसानों ने इसका विरोध किया। इसके बाद बीडीओ का चालक किसानों पर भड़क गया। तबतक कई किसान इसका वीडियो बना लिए। प्रखंड के करकटा पंचायत के पूर्व मुखिया सह किसान उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि जब वे इसका विरोध किया तो बीडीओ आशा साहू ने उनके विरुद्ध प्राथमिकी कराने की धमकी दी। बीटीएम अनिल मेहता से इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने ने बताया कि बीटीएम और बीईओ के नेतृत्व में किसानों के बीच सरकार से मिले बादाम के बीज वितरीत किया गया है। उसके बाद बीज वितरण बंद कर दिया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि बीडीओ की गाड़ी में बीज कैसे पहुंचा उसकी जानकारी उन्हें नहीं है। बीडीओ की गाड़ी में बादाम का बीज रखने के दौरान जमकर हंगामा हुआ। कई किसानों को बीज भी नहीं मिला जिससे वहां उपस्थित किसानों में भारी आक्रोश देखा गया। पूर्व मुखिया सह किसान उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि बीज किसानों को नहीं देकर बीडीओ को अवैध रूप से दिया जा रहा था। जिसका विरोध करने पर बीडीओ मामला दर्ज करने की धमकी देने लगी। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख ने बताया कि बीज वितरण की जानकारी उनको नहीं थी। बीज के बंदरबांट करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, बीडीओ ने कहा कि मामाला संज्ञान में आया है। संलिप्त कर्मियों पर कार्रवाई अवश्य होगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एमकेडीएवी की खेल टीमें डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में भाग लेने के लिए हुई रवाना




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डीएवी स्पोर्ट्स 2024 की संकुल स्तरीय (क्लस्टर लेवल) की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमकेडीएवी की टीमें 137 छात्रों के साथ विभिन्न स्थानों के लिए रवाना हुईं। 22 एवं 23 जुलाई को डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में वॉलीबॉल, हैंडबॉल और फुटबॉल की प्रतियोगिता के लिए जा रही टीम के साथ शिक्षक विक्रम रॉय, विक्रम चंदेल एवं अनीता पांडे गई है। डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार में क्रिकेट की प्रतियोगिता होगी जिसमें क्रिकेट टीम के साथ शिक्षक शाश्वत कुमार एवं सुशील तिवारी गए हैं। भवनाथपुर गई हैंडबॉल टीम में अंडर 14 बालक 12 एवं बालिका 12 । 17 वर्ष आयु वर्ग में बालक 11, बालिका 12। फुटबॉल में 19 वर्ष आयु वर्ग में बालक 14। वॉलीबॉल में 14 वर्ष आयु वर्ग में बालक 10, बालिका 7। 17 वर्ष आयु वर्ग में बालक 10 और बालिका 9। जबकि 19 वर्ष आयु वर्ग में बालिका 10 गयी है। क्रिकेट टीम में कुल 29 खिलाड़ी हैं। जिसमें 14 वर्ष आयु वर्ग में 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग में 15 खिलाड़ी शामिल हैं। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने खिलाड़ियों को विदा करते हुए बताया कि आज खेल प्रतियोगिताओं का महत्व बढ़ा है। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स एक अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता है, जिसे एसजीएफआई ने मान्यता प्रदान किया है। यह प्रतियोगिता तीन स्तरों पर - संकुल (क्लस्टर), क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर संपन्न होती है। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 30 खेलों का होना सुनिश्चित हुआ है। ये टीमें जब जीत कर आएंगी तब अगली प्रतियोगिता क्षेत्रीय स्तर की होगी। उन्होंने खिलाड़ियों को पूर्ण दक्षता एवं मनोयोग से खेलने को कहा। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न खेलों के कुशल प्रशिक्षकों की विद्यालय परिसर में ही व्यवस्था की है। छात्र विगत कई दिनों से खेलों का अभ्यास व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### पलामू जिला स्वर्णकार संघ की ओर से वेल्लोर में हो रहा ऋतिका सोनी का इलाज



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड निवासी धीरेंद्र सोनी की पुत्री ऋतिका सोनी पिछले चार वर्षों से चलने एवं बोलने में असमर्थ थी। शारीरिक रूप से बीमार रहती थी। धीरेंद्र सोनी के आवेदन प्राप्त होने पर पलामू जिला स्वर्णकार संघ अध्यक्ष धनंजय सोनी के नेतृत्व में ऋतिका सोनी का इलाज देश के प्रसिद्ध अस्पताल सीएमसी वेल्लोर में हो रहा है। जिले के 21 प्रखंड के स्वर्णकार भाइयों द्वारा लगातार जरूरतमंदों की मदद की जा रही है जैसे, गरीब बेटी की शादी,रक्तदान या किसी गंभीर बीमारी का इलाज जिला द्वारा लगातार किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष धनंजय सोनी ने कहा कि पलामू जिले के हर स्वर्णकार भाई-बहन हमारे परिवार जैसे हैं। अगर परिवार में किसी को कोई तकलीफ हो तो हमारा कर्तव्य बनता है कि उसे ठीक किया जाए। साथ ही जिला अध्यक्ष सभी स्वर्णकार भाइयों को धन्यवाद देते हुए यह भरोसा दिलाया कि हर सुख-दुख में जिला आपके साथ रहेगी।

### जलसा में बतायी बातों पर अमल करना ही जरूरी है : मुमताज अहमद खान



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड अंतर्गत ग्राम नवडीहा और बसरिया के लालिमाटी मे शनिवार की रात मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी की ओर से जलसा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन आजाद समाज पार्टी सह पांकी विधानसभा पूर्व प्रत्यासी मुमताज अहमद खान ने किया। जलसा शुरूआत से पहले इंतेजामिया कमेटी के लोगों ने बुके देकर मुमताज अहमद खान का स्वागत किय। इस अवसर पर मुमताज खान ने कहा कि इमाम हुसैन ने इस्लाम की खातिर अपनी और अपने परिवार की कुर्बानी कर्बला के मैदान में दे दी। हजरत इमाम हुसैन का नाम कर्बला के क्रांति की याद से जुड़ा हुआ है। बहादुरी इंसाफ, मुहब्बत, व बलिदान पेश कर दुनिया के लिए जो पैगाम दिया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान में अपने साथियों के साथ सिर कटना मंजूर किया पर सिर झुकना पसंद नहीं किया। उन्होंने कहा कि जलसा प्रोग्राम कराना उतना जरूरी नहीं जीतना जलसा में बताये हुए बात को अमल करने की जरूरत है। मौलाना गुलाम सरवर ने एक से बढकर एक नतिया कलाम पेश कर जलसा में समा बांध दिया। इस मौके पर सदर मोस्ताज अंसारी, सेकरेट्री डॉ नूरहसन खजांची अकबर अंसारी, प्रवेज साह, बबलू अंसारी, सोनू अंसारी, समफराज अंसारी, नौसाद अंसारी, असरफ अंसारी वारिस अंसारी, समसाद अंसारी, रिजवान अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दो दिवसीय वैदिक पाठ भंडारा के साथ संपन्न

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भंडार ग्राम पंचायत अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 39 किनारे स्थित गायत्री शक्तिपीठ भंडार में आयोजित दो दिवसीय वैदिक पाठ और विशेष पूजा अर्चना महा भंडारे के साथ रविवार को संपन्न हुआ। इससे पहले शनिवार को बारह घंटे का गायत्री जाप और रविवार को प्रातः काल आठ बजे से सुंदरकांड पाठ भी हुआ। इस विशेष पूजा अर्चना से भंडार ग्राम पंचायत में भक्ति की बयार बह रही थी। बताते चलें कि लगभग 45 वर्ष पूर्व भंडार ग्राम में गायत्री शक्तिपीठ की स्थापना हुई थी। जिसके बाद गायत्री उसी वर्ष गायत्री मंदिर का निर्माण भी हुआ था। इस मंदिर में हमेशा प्रवचन, दीप यज्ञ, हरिद्वार के विद्वानों द्वारा वैदिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस मौके पर गायत्री मंदिर के पुजारी परीक्षित मिश्रा, महेंद्र नाथ पाण्डेय, भीम पांडेय, कमलाकांत पांडेय, चंदन पांडेय, मुकुल पांडेय, ज्वाला पांडेय, नवनीत पांडेय, रोहित पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



विमेंस एशिया कप में रविवार को भारतीय टीम ने यूएइ को 78 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इसके साथ ही सेमीफाइल की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़ गयी। अब ग्रुप का आखिरी मुकाबला 23 जुलाई को नेपाल के साथ खेलेगी।

### वीमेंस एशिया कप : कप्तान हरमनप्रीत और रिचा ने जड़ा अर्धशतक, ग्रुप का आखिरी मैच 23 को

# भारतीय महिला टीम ने यूएइ को 78 रनों से हराया



**दांबुल (एजेंसी)।** श्रीलंका की मेजबानी में जारी महिला एशिया कप 2024 में रविवार को डिफेंडिंग चैंपियन भारत का सामना यूएई से हुआ। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम इंडिया ने यूएई को 78 रनों से हराकर सेमीफाइनल में लगभग जगह पक्की कर ली है। अब भारत अपना ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच 23 जुलाई को नेपाल के खिलाफ खेलेगा। यूएई के खिलाफ जीत के साथ भारतीय टीम ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। उनके खाते में चार अंक हैं और नेट रनरेट +3.386 का है। दांबुला के रणगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन बना दिये। जवाब में यूएई की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 123 रन ही बना सकीं।

### यूएई की पारी

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की शुरूआत कुछ खास नहीं हुई। उन्हें पहला झटका 11 रन के स्कोर पर लगा। रेणुका सिंह ने तीर्था सतिश को आउट किया। वह सिर्फ चार रन बना सकीं। इसके बाद पूजा ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आईं रिनिथा को आउट किया। वह सिर्फ सात रन बना सकीं। इसके बाद समायरा पांच रन बनाकर आउट हुईं। इस मैच में सलामी बल्लेबाज ईशा ओजा ने 38 रनों की पारी खेली। वहीं, खुशी 10, हीना आठ और रितिका छह रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, कविशा 40 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने दो विकेट चटकाए जबकि रेणुका, तनूजा, पूजा और राधा को एक-एक विकेट मिला।

### भारत की पारी

इस मैच में शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 23 रनों की साझेदारी हुई। कविशा ने उप-कप्तान मंधाना को रिनिथा रजिथ के हाथों कैच आउट कराया। पिछले मैच में 45 रनों की धमाकेदारी पारी खेलने वाली स्टार बल्लेबाज सिर्फ 13 रन बना सकीं। वहीं, शेफाली 37 रन बनाकर आउट हुईं। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं दयालन हेमलता सिर्फ दो रन बना सकीं। इसके बाद मोर्चा हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी हुई जिसे कविशा ने 12वें ओवर में तोड़ा। जेमिमा 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। वहीं, छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं ऋचा घोष ने दमदार प्रदर्शन किया उन्होंने कप्तान के साथ 75 रनों की साझेदारी निभाई। हरमनप्रीत कौर ने इस मैच में 66 रनों की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 41 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने सात चौके और एक छक्का लगाया। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज ने 29 गेंदों का सामना किया और 64 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 220.68 के स्ट्राइक रेट से 12 चौके और एक छक्का लगाया। पूजा वस्त्राकर और ऋचा के बीच 20 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। यूएई के लिए कविशा ने दो विकेट चटकाए जबकि समायरा और हीना को एक-एक विकेट मिला।

## बसपा मौका देती है तो चुनावी मैदान में उतरूंगा : प्रमोद



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी मौका देती है तो क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का निदान के लिए चुनाव में उतरेंगे। उक्त बातें झारखंड प्रदेश के पूर्व सचिव प्रमोद कुमार रवि ने बहुजन समाज पार्टी में अपनी दावेदारी पेश करते हुए रविवार को हरिहरगंज स्थित खुशी रेस्टोरेंट में संवाददाता सम्मेलन कर कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रजिस्टर टू का ऑनलाइन करना, बिजली व्यवस्था में सुधार, डिग्री व मेडिकल कॉलेज, बेरोजगारी को दूर करने का प्रयास, शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली रोकने सहित अन्य समस्याओं का निदान करना प्राथमिकता होगी। प्रमोद कुमार रवि ने आरोप लगाते हुए कहा कि जन प्रतिनिधियों ने यहां की जनता को सिर्फ ठगा है।

## पुलिस ने वैन से जब्त किया नौ किलो गांजा



**झरिया (आजाद सिपाही)।** धनबाद पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बलियापुर से झरिया की ओर आ रही पिकअप वैन से करीब 9 केजी गंजा बरामद किया है। सिंदरी अंचल के एसडीपीओ भूपेंद्र रावत ने तीसरा थाना में रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया की एसडीपीओ के नेतृत्व में तीसरा थाना और घनुवाडीह ओपी की पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान घनुवाड़ीह ओपी क्षेत्र के 6 नंबर के समीप पिकअप वैन चालक पुलिस को देख वाहन छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने चालक का पीछा की लेकिन पकड़ में नहीं आया। इधर पुलिस ने वाहन की जांच की तो चालक के सीट के नीचे काला पलास्टिक ने भूरा रंग का पैकेट में 9 केजी 350 ग्राम गांजा पाया गया। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही वाहन को भी जब्त कर लयिा। बताया कि पता लगाया जा रहा है कि वाहन किसका है और कहां से गांजा लाकर कहां खपाया जा रहा है। चालक व वाहन पर मामला दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

## धनबाद जिले के सभी ब्लॉक में विधिक सशक्तीकरण शिविर का आयोजन

# 40 हजार लाभुकों के बीच 3.54 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण

**डालसा प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करती है: न्यायाधीश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार एवं प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर रविवार को सभी प्रखंडों में एक दिवसीय विधिक सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय में आयोजित मेगा एंपावरमेंट कैंप में लोगों को संबोधित करते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करता है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सुगमता से पहुंचाई जा सके इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं, अवर न्यायाधीश श्वेता कुमारी ने कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोगों को त्वरित न्याय कैसे मिले इस पर जागरूक करने के लिए डालसा इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है। लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से धनबाद जिले के सभी गांव तक डालसा द्वारा गठित टीम के माध्यम से पहुंचने का लक्ष्य है। वहीं, न्यायाधीश राकेश रोशन ने कहा कि जिले के सभी 10 प्रखंडों गोविंदपुर, निरसा, धनबाद प्रखंड कार्यालय, कलियासोल, एग्यारकुंड, बाघमारा, बलियापुर, टुंडी पूर्वी, टुंडी और तोपचांची में मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर अवर न्यायाधीश श्वेता कुमारी, एंजेलिना जॉन,संतोषनी मुर्मू,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे,प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शिवानी शर्मा, विवेक राज, सुरेश उरांव, एमपी लकड़ा, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल आदि शामिल हुए। धनबाद प्रखंड कार्यालय में बीडीओ, सीओ और न्यायिक पदाधिकारी द्वारा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया गया। बताया कि इस दिन विभिन्न ब्लॉकों में अवर न्यायाधीश, सीओ, बीडीओ,, विभिन्न थाना के प्रभारियों के नेतृत्व में 39 हजार 987 लाभुकों के बीच तीन करोड 54 लाख 74 हजार 730 रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर में दिव्यांगों को व्हीलचेयर, पीएम आवास योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, श्रमिकों को ई- श्रम कार्ड, श्रमिकों को मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम विभाग की तरफ से पैंट-शर्ट, साड़ी वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, व्हीलचेयर, ट्राईसाईकिल, ब्लाइंड स्टिक, सावित्रीबाई फुले योजना, इंदिरा आवास, केसीसी लोन, जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए चेक दिया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में बीडीओ पल्लवी सिन्हा, राजेश कुमार सिंह, जयप्रकाश नारायण, मधु कुमारी, इंद्र लाल ओहवार, शैलेंद्र कुमार चौरसिया, उप प्रमुख मनीष सिंह, मुखिया चक्रधर महतो, पंसस रखाल दास आदि की भूमिका सराहनीय रही।



दिव्यांग बच्चों के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण करते डासला सदस्य।

## मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन, तीन बंदी रिहा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के आदेश पर रविवार को धनबाद मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि इस दनि जेल अदालत में रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में जेलर दिनेश वर्मा द्वारा चिन्हित कूल 4 बंदियों को पिठासीन न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष हाजिर कराया गया। जिसमें तीन बंदी जितेन मुंडा उर्फ टीग, कजसपाल सिंह उर्फ रंगा और कुलदीप भुईया उर्फ थेपा को रिहा कर दिया गया।

## मालगाड़ी की दो बोगियां बेपटरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम परियोजना के पांच नंबर धौड़ा स्थित रेलवे साइडिंग के समीप रविवार अहले सुबह 4.30 बजे मालगाड़ी की दो बोगियां बेपटरी हो गयी। उक्त मालगाड़ी में 59 डिब्बे लगे थे। पर दो बोगी डैमेज होने के कारण उसने कोयला लोड़ नहीं किया गया था। घटना के संबंध में बताया जा रहा कि मालगाड़ी सीसीएल ढोरी के अमलो रेलवे साइडिंग के प्लेट फार्म संख्या 2 से कोयला लाद कर फुसरो स्टेशन के लिए जा रही थी। तभी साइडिंग से कुछ दूर गोमो बरकाकाना रेल लाइन में प्रवेश करने से पहले ही इंजन के पीछे के दो बोगी बेपटरी हो गये। घटना के बाद गोमोह से दुर्घटना राहत यान पहुंची। अधिकारी एवं कर्मचारी तत्काल बोगी को पटरी पर लाने के कार्य में जुट गए। बताया जा रहा कि यह दोनों बोगी लोडिंग लाइक नहीं थी। यहा ढाल और घुमावदार रेलवे पटरी होने एवं ओवर स्पीड होने के साथ ही ब्रेक लगाने पर दुर्घटना हुई। अधिकारी दुर्घटना की जांच में जुट गये हैं।

## हमलावरों की हो अविलंब गिरफ्तारी : डॉ शैलेंद्र चौधरी



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** मेडिकल एशोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य डॉ शैलेंद्र चौधरी ने रविवार को जमुआ स्थित दूबे नर्सिंग होम जाकर डॉ राजेश दूबे से मुलाकात की। उन्होंने डॉ दूबे से कहा कि जनसेवा के कार्य में अवरोध उत्पन्न करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ पूरा मेडिकल एशोसिएशन उनके साथ खड़ा है। देश में डॉक्टरों की कमी है। डॉक्टर एवं स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कर्मियों पर हमले मानवता को शर्मशार करते हैं। उन्होंने थाना प्रभारी से फोन पर बात की और अविलंब दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। कहा कि जो हुआ वह शर्मनाक है। इस घटना को अंजाम देने वाले दया के पात्र नहीं हो सकते। थाना प्रभारी से दो टूक कहा कि ऐसे अराजक तत्वों की शीघ्र गिरफ्तारी करें, नहीं तो मेडिकल एशोसिएशन अब चुप नहीं बैठने वाला। कहा कि हमले में शामिल कुछ शातिर लोगों का नाम प्राथमिकी में नही है, उन्हें जोड़ना चाहिए।

## विधानसभा चुनाव में धनबाद, झरिया व टुंडी से जदयू उतारेगा प्रत्याशी: पिंटू सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जदयू के जिला अध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि इस दिन धनबाद जिला जदयू के कार्यसमिति-प्रखंड, अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष के अलावा प्रदेश के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं की बैठक धनबाद परिसदन में की हुई थी। अपने संबोधन में पिंटू सिंह ने कहा कि बैठक में सभी वक्ताओं ने प्रस्ताव पारित किया कि धनबाद जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों धनबाद, झरिया और टुंडी से पार्टी अपने प्रत्याशी उतारेगी। गत दिनों पार्टी के मुखिया एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा विधानसभा चुनाव लड़ने की एक सूची सौंपी गई। जिसमें ये तीनों विधानसभा शामिल है। जदयू अभी से ही चुनाव की तैयारी में भी जुट गई है। अगस्त महीने के अंतिम सप्ताह में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राज्यसभा सांसद संजय झा, झारखंड के प्रभारी अशोक चौधरी एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद खीरू महतो धनबाद आयेंगे। वे लोग सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे, प्रदेश महासचिव दीप नरायण सिंह, रूपेश पासवान, पुष्पा पांडे, विद्यानंद पासवान, कामेश्वर यादव, रीता रानी मंडल, बबलू मोदक, शंकर चौरसिया, बबीता देवी, महेश सिंह, शिशिर दा व संजय दे आदि उपस्थित थे।



## रसोइया, संयोजिका की मांगों को लेकर जल्द सीएम से मिलूंगा: जलेश्वर महतो


रसोइयों-संयोजिताओं की बैठक को संबोधित करते जलेश्वर महतो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक रविवार को महुदा स्थित रवि महतो विद्यालय प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता मुन्ना खान एवं संचालन संजय महतो ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो भी उपस्थित थे। जिन्हें संगठन ने मांग पत्र सौंपते अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर जलेस्वर महतो ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों और समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जल्द ही मुलाकात करेंगें। संगठन की जो भी समस्याएं हैं, उनका समाधान का प्रयास किया जाएगा। बताते चले कि सरकारी व अनुदान प्राप्त विद्यालय में रसोईया संयोजिका के पद पर 2004 से काम कर रही है। जिसे सरकार प्रतिदिन के हिसाब से 66 रुपये 66 पैसा दे रही हैं। जो बहुत कम हैं, ऐसे में उन्हें अपने आजीविका चलाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। जिसे लेकर संगठन ने रांची समेत कई जिलों में आंदोलन भी किया है। पर हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। पर अब अब आश्वासन से काम नहीं चलेगा। रसोइयों ने चेतावनी दी है कि सरकार उनकी मांगों को अविलंब पूरा करें। अन्यथा उग्र आंदोलन को बाध्य होंगीं। जलेश्वर महतो के दिये मांग पत्र में सभी रसोईया संयोजिका को स्थायी करने, रसोईया संयोजिका को न्यूनतम वेतन लागू करने, रसोईया संयोजिका को 5 लाख का निःशुल्क बीमा, साल में सभी रसोईया संयोजिका को दो सेट साड़ी देने, एवं पेंशन स्कीम से जोड़ने व प्रसव अवकाश देना आदि शामिल है।

## मासस व माले ने दिवंगत नेता कॉमरेड एके राय की मनायी पांचवीं पुण्यतिथि






**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** मासस ने मुगमा मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में एग्यारकुंड प्रखंड अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य बादल चन्द्र बाउरी की अध्यक्षता में मासस के संस्थापक, मजदूरों के मसीहा स्वं एके राय की पांचवी पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। पूर्व विधायक अरुप चटर्जी एवं मासस एग्यारकुंड प्रखंड अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य बादल चन्द्र बाउरी ने स्व एके राय के चित्र पर माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अरुप चटर्जी ने अपने संक्षिप्त संबोधन में स्व कॉमरेड एके राय को गरीब, मजदूर, किसान का मसीहा बताते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलकर दलितों, बेसहारे लोंगों की सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर रोशन मिश्रा, रामजी यादव, दिनेश हाड़ी, राजेश यादव, शंकर सिंह धर्मेन्द्र साव, कृष्णा यादव, रोबिन बाउरी, जंयतो बाउरी, संजय बाउरी, रॉकी बाउरी आदि उपस्थित थे। वहीं, भाकपा माले ने मार्क्सवादी चिंतक एवं मासस के संस्थापक पूर्व सांसद कॉमरेड स्व एके राय की 5वीं पुण्यतिथि मैथन मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में संकल्प दिवस के रूप में मनाया। मौके पर राज्य कमेटी सदस्य नागेन्द्र कुमार, कृष्णा सिंह, मनोरंजन मलिक, जगदीश शर्मा, बीपीन मंडल आदि उपस्थित थे।

## बीबीएमकेयू प्राइवेट टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय प्राइवेट टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज एसोसिएशन की बैठक हाउसिंग कॉलोनी स्थित एमआईजी इ-41 भवन एसोसिएशन कार्यालय में रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता डॉ आरएन चौबे और संचालन सचिव शंकर प्रसाद स्वर्णकार ने किया। जिसमें विधायक मथुरा महतो, विधायक जलेश्वर महतो और विधायक सिंदरी इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी भी मौजूद थीं। एसोसिएशन की लड़ाई को मजबूती से संघर्ष पूर्ण तरीके से लड़ने के लिए विधायक मथुरा महतो को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि विश्वद्यालय परिसर में निर्मित बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण भव्य समारोह आयोजित कर अविलंब किया जाय। इसके लिए राज्यपाल सह कुलाधिपति और कुलपति सहित झारखंड सरकार को पत्र दिया जाय।

## लोजपा में शामिल हुए रवि चौबे, प्रदेश अध्यक्ष ने दिलायी सदस्यता

# 12-14 सीटों पर मजबूत स्थिति में लोजपा टिकट के लिए करेंगे दावेदारी: वीरेंद्र प्रधान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के युवा नेता रवि चौबे रविवार को भाजपा छोड़कर अपने सैकड़ों सहयोगियों के साथ लोक जनशक्ति पार्टी (आर) में शामिल हो गए। उन्हें लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने माला पहनाकर स्वागत किया और पार्टी की सदस्यता दिलायी। सेक्टर-5 स्थित मॉर्निंग ग्लोरी पब्लिक स्कूल में आयोजित मिलन समारोह में रवि चौबे ने कहा कि भाजपा में कोई परेशानी नहीं है। दोनों ही पार्टियां एक-दूसरे के अंग हैं। लेकिन भाजपा के जिला व प्रमंडल स्तर के नेताओं ने उन्हें मान-सम्मान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि मार्च में उन्होंने भाजपा का दामना थामा था, लेकिन आज तक उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण नहीं कराई गई। उन्हें लगा कि इस पार्टी में मान-सम्मान नहीं मिलेगी, इसलिए उन्होंने भाजपा विचारधारा वाली पार्टी लोजपा में जाने का मन बनाया। इससे पहले कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष सहित नेताओं को सम्मानित किया गया। उधर, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि झारखंड में बोकारो, धनबाद, सिंदरी, छतरपुर, गढ़वा, रांची सहित 12-14 सीटों पर लोजपा मजबूत स्थिति में है। आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी इन सीटों पर अपनी दावेदारी पेश करेगी। लेकिन किन सीटों पर चुनाव लड़ना है इसका फैसला पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ही लेंगे। विधानसभा चुनाव को लेकर एडीए गठबंधन में क्या समीकरण बनता है, इसका खुलासा आगे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव हमने भाजपा के साथ मिलकर लड़ा। इसमें लोजपा ने दमखम दिखाते हुए सभी पांच सीटों पर जीत दर्ज की। जदयू को लेकर कहा कि पार्टी एनडीए का हिस्सा है। आगामी विधानसभा चुनाव में उसे भी सीटे मिलनी चाहिए। एनडीए में लोजपा की स्थिति काफी मजबूत है। रवि चौबे के भाजपा से लोजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोजपा और भाजपा का घर एक ही है। सिर्फ आंगन अलग-अलग है। ऐसा नहीं है कि घर से कोई बाहर जा रहा है। सिर्फ आंगन बदल गया है। दोनों ही पार्टियों की विचारधारा भी एक ही है। हेमंत सोरेन को जेल भेजने पर भाजपा को हुए नुकसान के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने काम को जनता के समक्ष अच्छे तरीके से पहुंचा नहीं पाई। हेमंत जी को क्यों जेल भेजा गया भाजपा इसे साबित नहीं कर पायी। जिस कारण कुछ नुकसान हुआ है। लेकिन छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों में भाजपा का बेहतर प्रदर्शन रहा है। इस मौके पर लेबर सेल के राष्ट्रीय सचिव श्रीकांत पासवान, विभिन्न प्रकोष्ठों से प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सहित सैकड़ो लोगों ने भी पार्टी का दामन थामा।

**जो सम्मान मिलना चाहिए था, भाजपा के जिला नेतृत्व ने नहीं दिया : रवि**



# लोस में हुई त्रुटियों से सीख लेकर विधानसभा चुनाव में करना है बेहतर प्रदर्शन : मदन मोहन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठन सशक्तिकरण सहित जिला की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर हुई रविवार को जिला कांग्रेस की हाउसिंग कॉलोनी स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव में बूथ स्तर पर हुई गलतियों को सुधार कर संगठन को मजबूत करने के लिए धनबाद, झरिया और बाघमारा विधानसभा को चार भागों में विभाजित कर जिला कांग्रेस द्वारा दो-दो प्रभारी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया जिला कांग्रेस के कार्यक्रम व तीन-तीन बैठक में नहीं शामिल होने वाले निष्क्रीय पदाधीकारियों और नगर प्रखंड अध्यक्ष को बदल कर सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में भागीदार बनाया जाएगा। जिले में पानी, बिजली व सफाई की चरमराई व्यवस्था के सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों से मिलकर बातचीत कर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। विधानसभा चुनाव में स्थानीय कार्यकर्ताओं को टिकट मिले यह प्रस्ताव भी आलाकमान तक जिला कांग्रेस पहुंचायेगी। पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर ही विधायक और सांसद होता है। कहा कि प्रतिनिधिमंडल झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रतनेश यादव से मिलकर बात करेगें। धनबाद में भाजपा मानसिकता के अधिकारियों को चिन्हित कर विधानसभा चुनाव के पहले स्थानांतरण करने की मांग करेंगें। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा सांप्रदायिक सौहार्द खत्म करना चाहती है। वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में पार्टी ने धनबाद में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया हैं। जिसमें पार्टी के जिला पदाधिकारियों सहित कार्यकताओं ने अपना पूरा सहयोग किया हैं। लोकसभा चुनाव में हमलोगों को बहुत कुछ सिखने को मिला हैं। वहीं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव मदन महतो ने सभी कांग्रेसियों से अपील की कि विधानसभा चुनाव में सभी को मिलकर धनबाद कांग्रेस को शहर से लेकर पंचायत, बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करना हैं। विधानसभा चुनाव में आइएनडीआइए महागठबंधन की जीत होगी और सरकार बनेगी। इक दौरान धन्यवाद ज्ञापन महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीता राणा और संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने किया। वहीं, बैठक के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के जन्मदिन पर जिला कांग्रेस कार्यालय में केक काटा गया। इस मौके पर राजेश्वर सिंह यादव, योगेन्द्र सिंह योगी, नवनीत नीरज, क्यूम खान, मनोज कुमार यादव, सरफराज आलम, अछयवर प्रसाद, इरफान खान चौधरी, जावेद रजा, प्रभात सिरोलिया, अख्तर खान गुड्डू, जितेश सिंह आदि उपस्थित थे।



## 17वीं विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था का किया गया निरीक्षण

# विधानसभा सत्र आज से, हुई सर्वदलीय बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** 17वीं विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था का डीजीपी अरुण षड़ंगी ने निरीक्षण किया। मास्टर कैंटीन से लेकर विधानसभा का पूरा क्षेत्र सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा। प्रवेश और निकास द्वार पर सशस्त्र बल रहेंगे। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में 30 प्लाटून बल तैनात रहेंगे। कल से 17वीं विधानसभा का सत्र शुरू होगा। स्पीकर सूरमा पाढ़ी की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में इस बात पर चर्चा की गयी कि सोमवार से शुरू होने वाला विधानसभा सत्र कैसे सुचारु रूप से चलेगा। इस अवसर पर स्पीकर सूरमा पाढ़ी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विपक्ष की मुख्य सचेतक प्रमिला मल्लिक और सत्ता पक्ष के मंत्री मौजूद थे, लेकिन कांग्रेस का एक भी विधायक बैठक में देखने को नहीं मिला।

उधर, खबरें हैं कि विपक्षी दल कल विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की योजना बना रहे हैं। बताया जा रहा है कि स्पीकर के लिए बड़ी चुनौती ये होगी कि विपक्ष के सवालों के बीच सदन को कैसे ठीक से चलाया जाये।



## सीएम मोहन माझी ने एलओपी नवीन पटनायक से मुलाकात की और उन्हें सर्वदलीय बैठक के लिए आमंत्रित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन माझी ने रविवार को विपक्ष के नेता नवीन पटनायक से भुवनेश्वर स्थित उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें सर्वदलीय बैठक के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री मांझी के साथ उपमुख्यमंत्री के.वी. सिंह देव भी थे। मुख्यमंत्री माझी ने बीजद सुप्रीमो और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक से नियमित रूप से विधानसभा में उपस्थित रहने का अनुरोध किया।

ओडिशा विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होने वाला है, इसलिए यहां भुवनेश्वर में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई है। सर्वदलीय बैठक सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई, जिसकी अध्यक्षता ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी ने की। वह सदन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांग सकती हैं।

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा और कनक वर्धन सिंह देव, संसदीय कार्य मंत्री मुकेश महालिंग के साथ कैबिनेट मंत्रियों और भाजपा विधायकों की टीम विधानसभा में उपस्थित थी। सूत्रों ने बताया कि मुख्य सचेतक प्रमिला मलिक ने सर्वदलीय बैठक में मुख्य विपक्षी दल बीजू जनता दल (बीजद) का प्रतिनिधित्व किया।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन की बैठक में लिया गया निर्णय

# सांसद ढुल्लू महतो ने अपना बयान वापस नहीं लिया, तो होगा आंदोलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन, केंद्रीय कार्यालय, लाइन टैंक रोड, रांची में केंद्रीय पदाधिकारियों की आपात बैठक हुई। इसमें झारखंड पुलिस एसोसिएशन, शाखा बोकारो द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के संबंध में चर्चा की गयी। कहा गया कि बीते 18 जुलाई को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो द्वारा पुलिस अधीक्षक बोकारो के लिए किये गये अपशब्दों का प्रयोग कानून और नैतिकता दृष्टिकोण कहीं से न्योयोचित नहीं है। इस संबंध में बोकारो शाखा द्वारा कार्यसमिति की बैठक भी हुई। इसमें सांसद ढुल्लू महतो दिये गये असंसदीय एवं अर्मादित भाषा का पुरजोर विरोध किया गया है। कहा गया कि पुलिस अधीक्षक जैसे वरीय पदाधिकारी पर असंसदीय एवं अपशब्द भाषा का प्रयोग करने से झारखंड पुलिस के पदाधिकारियों/कर्मियों पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। साथ ही पुलिसकर्मी काफी आहत हुए है। बोकारो जिला के पुलिस कर्मियों के साथ-साथ झारखंड राज्य के पुलिसकर्मी भी प्रभावित हुए हैं।

झारखंड पुलिस एसोसिएशन केंद्रीय कार्यालय रांची के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह और महामंत्री मो महताब आलम ने कहा कि केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सांसद ढुल्लू महतो द्वारा पुलिस अधीक्षक बोकारो के प्रति दिया गया बयान वापस नहीं लिया जाता है, तो बाध्य होकर केंद्रीय एसोसिएशन राज्य स्तरीय केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक कर इस संबंध में आंदोलनात्मक कार्यकम की रणनीति तय करेगी। इस मौके पर कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सीएम ने मीडिया से बात की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** बीजू पटनायक खेल पुरस्कार का नाम बदलने की जानकारी मुझे मीडिया से मिली। नाम परिवर्तन के संबंध में कोई वैधानिक निर्णय नहीं लिया गया है। मेरी सरकार ओडिशा के भूमि पुत्र को उचित सम्मान देती है। बीजू बाबू के लंबे दशकों के राजनीतिक और सामाजिक योगदान को याद किया जायेगा।



बीजू पटनायक खेल पुरस्कार हमेशा की तरह जारी रहेंगे।

## रामचंद्र काड़ाम कांग्रेस विधायक दल के नेता बने

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर। पट्टांगी विधायक रामचंद्र काडाम को जिम्मेदारी। रामचंद्र काडाम कांग्रेस विधायक दल के नेता बने। रामचंद्र काडाम तीन बार विधानसभा के लिए चुने गये है। इसी तरह कांग्रेस विधायक दल के उपनेता के तौर पर अशोक दास को जिम्मेदारी दी गयी है। सीएस राजन एक्का कांग्रेस पार्टी के मुख्य सचेतक बने। दूसरी ओर, ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया गया। एआईसीसी ने कमेटी को भंग कर दिया।

## तालचेर सुरक्षा मंच केउठाये गये मुद्दों पर चर्चा के लिए बैठक आयोजित की गयी

**भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आज तालचेर उप जिलापाल, ढेंकानाल संसद सदस्य रुद्रनारायण पाणी के प्रतिनिधि और एमसीएल प्रबंधन के उपस्थिति में तालचेर सुरक्षा मंच द्वारा उठाये गये विभिन्न मुद्दे पर आलोचना करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक बुलायी। इस बैठक में तालचेर सुरक्षा मंच की 20 सूत्री शिकायतों पर चर्चा की गयी और उठाये गये मुद्दों को हल करने का निर्णय लिया गया। एमसीएल प्रबंधन इस समस्या के समाधान में सांसद के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है।

# नीट के सेंटर वाइज रिजल्ट जारी होने से सामने आयी हकीकत

- टॉपरों में 276 शहरों के 1404 केंद्रों के परीक्षार्थी शामिल





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एनटीए द्वारा जारी नीट 2024 के सेंटर वाइज रिजल्ट के विश्लेषण के बाद जो तथ्य सामने आये हैं, वे चौंकानेवाले हैं। जारी रिजल्ट के अनुसार नीट 2024 में कुल 23.33 लाख छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 2321 छात्रों को 700 या उससे अधिक अंक मिले। ये छात्र पूरे देश और विदेश में 1404 केंद्रों में फैले हुए थे। ये 1404 केंद्र फिर से 276 शहरों और 25 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए थे। इतना बड़ा फैलाव दिखाता है कि कई उम्मीदवार, जो पारंपरिक ट्यूशन हब से नहीं थे, वे भी नीट 2024 में टॉपरों की सूची में आने में सक्षम थे। विश्लेषण के अनुसार यह सच है कि सीकर, कोटा और कोट्टायम जैसे पारंपरिक ट्यूशन हब से आने वाले कई छात्र 700 या उससे अधिक अंक लाने में सक्षम थे। हालांकि अच्छी बात यह है कि अन्य शहरों से आने वाले कई छात्र भी इस ब्रैकेट में आने में सक्षम थे। उदाहरण के लिए, लखनऊ से 35 छात्र, कोलकाता से 27 छात्र, लातूर से 25 छात्र, नागपुर से 20 छात्र, फरीदाबाद से 19, नांदेड़ से 18, इंदौर से 17, कटक और कानपुर से 16-16, कोल्हापुर, नोएडा, साहिबजादा अजीत सिंह नगर से 14-14, आगरा और अलीगढ़ से 13-13, अकोला और पटियाला से 10-10, दावणगेरे से 8, बनासकांठा से 7 आदि छात्र 700 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि नीट के पाठ्यक्रम को उच्चतर माध्यमिक के पाठ्यक्रम के साथ संरेखित करने से परिणाम मिलने लगे हैं।

विश्लेषण करनेवालों के अनुसार, अन्य अंक श्रेणियों के लिए भी इसी तरह के अवलोकन उपलब्ध हैं। उदाहरण के लिए, नीट 2024 में 650 से 699 के बीच स्कोर करने वाले उम्मीदवार 509 शहरों और 4044 केंद्रों में फैले हुए हैं। 600 से 649 के बीच स्कोर करने वाले उम्मीदवार 540 शहरों और 4484 केंद्रों में फैले हुए हैं और 550 से 599 के बीच स्कोर करने वाले उम्मीदवार 548 शहरों और 4563 केंद्रों में फैले हुए हैं। नीट 2024 के नतीजों का रैंकवार प्रसार दिखाता है कि रैंक एक से 100 के बीच के उम्मीदवार 56 शहरों और 95 केंद्रों में फैले हुए हैं। रैंक 101 से 1000 के बीच के उम्मीदवार 187 शहरों और 706 केंद्रों में फैले हुए हैं। रैंक 1001 से 10000 के बीच के उम्मीदवार 431 शहरों और 2959 केंद्रों में फैले हुए हैं। रैंक 10001 से 50000 के बीच के उम्मीदवार 523 शहरों और 4283 केंद्रों में फैले हुए हैं। 50001 से 110000 रैंक के बीच के उम्मीदवार 546 शहरों और 4542 केंद्रों में फैले हुए हैं। 110000 से 150000 रैंक के बीच के उम्मीदवार 539 शहरों और 4470 केंद्रों में फैले हुए हैं। नीट 2023 में यह प्रसार नीट 2024 की तुलना में कुछ कम था। नीट 2023 में 700 से 720 के बीच स्कोर करने वाले उम्मीदवार 116 शहरों और 310 केंद्रों में फैले हुए थे, जबकि 650 से 699 के बीच स्कोर करने वाले उम्मीदवार 381 शहरों और 2431 केंद्रों में फैले हुए और 600 से 649 के बीच स्कोर करने वाले उम्मीदवार 464 शहरों और 3434 केंद्रों में फैले हुए थे।

## भलुटांड़ में लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने ट्रांसफार्मर का किया लोकार्पण



**राजधानवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने रविवार को भलुटांड़ में ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया। धनवार प्रखंड के भलुटांड़ के लोग ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पिछले कई दिनों से अंधेरे में थे और इस उमस भरी गर्मी से परेशान थे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में और किसानों को सिंचाई में परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों ने जब इसकी जानकारी पूर्व आइजी श्री सिंह को दी, तो उन्होंने तत्काल विभाग के पदाधिकारियों से बात कर उन्हें ट्रांसफार्मर लगवा दिया। फीता काट कर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन भी कर दिया। बताते चलें कि एक दिन पूर्व उन्होंने हेमरोडीह पंचायत के गगनपुर में भी ट्रांसफार्मर लगवाकर उसका लोकार्पण किया था। उन्होंने बताया कि धनवार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जलने पर अक्सर लोग उनसे संपर्क करते हैं और वे तत्काल पहल के तहत विभागीय पदाधिकारियों से कह कर उनकी समस्या का समाधान भी करवाते है। उद्घाटन मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनय शर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न वर्मा, रामनिवास पांडेय, मनोहर शर्मा, नवीन सिन्हा, नवल किशोर राय, मदसूदन राय, मनोज राय, सुधीर राय, अशीष राय, गौतम राय, महादेव राय, सतीश राय आदि मौजूद थे।

# अमरावती कॉलोनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- कांग्रेस नेता श्री शशि भूषण राय ने किया उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के अमरावती कॉलोनी में रविवार के दिन झारखंड स्वास्थ्य मिशन संस्था के बैनर तले समाजसेवी श्री प्रशांत गौरव, रांची महानगर कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद मुजीब और संतोष सोनी जी द्वारा साझा रूप से आम जनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने किया। स्वास्थ्य शिविर में ब्लड शुगर, बीपी, नेत्र, वजन जांच, स्पीच और श्रव्यता की जांच की गयी, जिसका लाभ क्षेत्र के 200 से अधिक आम जनों ने लिया। इस दौरान सर्वप्रथम इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर उद्घाटन करते हुए श्री राय ने आयोजनकर्ता समाजसेवी प्रशांत गौरव, संतोष सोनी, मोहम्मद मुजीब और पारस हॉस्पिटल से आये डॉक्टरों की टीम को बधाई दी जो इस कैंप में अपना योगदान दे रहे हैं तथा उन्होंने क्षेत्र के भी लोगों से अपील किया कि वे इस स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ लें और अपनी जांच करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज, राज्य और देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी जनता और जनता का उचित स्वास्थ्य है। इस तरह का आयोजन काफी सराहनीय है, जो स्वास्थ्य के प्रति लोगों को और जागरूक करता है। युवा समाजसेवी एवं आयोजनकर्ता श्री प्रशांत गौरव ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए अपनी पूरी टीम जिसमें मुख्य रूप से महेश राय, विकास सिंह, अजय महली और अन्य की तरफ से शशि भूषण राय अभिवादन स्वीकार किया और श्री राय की उपस्थिति पर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने ब्लाइंड स्कूल में डेस्कटॉप कंप्यूटर वितरित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** युवा और विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों के बीच कंप्यूटर कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के रूप में, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब के सहयोग से अपनी सीएसआर पहल के तहत सेंट माइकल ब्लाइंड स्कूल, आवासीय विद्यालय को दृष्टिबाधित विशेष रूप से विकलांग बच्चों के लिए दो डेस्कटॉप कंप्यूटर वितरित किये।

इस अवसर पर रेखा जैन, अध्यक्ष, एनटीपीसी स्वयंसिद्ध देवियों ने महिला क्लब की समिति के सदस्यों की उपस्थिति में प्रिंसिपल, सरिता तलाल, प्रिंसिपल को डेस्कटॉप कंप्यूटर सौंपे। बाद में स्कूल के कंप्यूटर लैब में डेस्कटॉप कंप्यूटर लगाये गये। दृष्टिबाधितों के लिए कंप्यूटर में काम करने की सुविधा के लिए सॉफ्टवेयर और वॉयस कमांड सुविधाओं के नवीनतम संस्करण से लैस कंप्यूटरों के नये सेट प्राप्त करने के बाद स्कूली बच्चों की सराहना की गयी और छात्रों ने साझा किया कि यह कंप्यूटर कौशल को तेज और प्रभावी तरीके से सीखने में मदद करेगा जो वर्तमान समय में आवश्यक है।

श्रीमती जैन ने स्कूल कंप्यूटर लैब का दौरा करने और छात्रों के साथ बातचीत के दौरान साझा किया कि कंप्यूटर छात्रों को कंप्यूटर कौशल के साथ सशक्त बनाने में मदद करेगा।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**